


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी...

अगर राहुल धर्मनिरपेक्ष तो धर्म के आधार ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 308 | नई दिल्ली, गुरुवार, 21 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 25°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 67,650

चांदी 77,800

सेंसेक्स 72,101

निफ्टी 21,839

## संक्षिप्त खबरें

### महाराष्ट्र: परभणी में बस पुल से गिरी, 30 यात्री घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के परभणी जिले में बुधवार की सुबह राज्य परिवहन की एक बस पुल से गिर गई, जिससे बस में सवार लगभग 30 यात्री घायल हो गए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दुर्घटना के समय बस परभणी के जिंतूर से सोलापुर की ओर जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि बस चालक के नियंत्रण खो देने से यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि मुंबई से लगभग 500 किमी दूर स्थित परभणी के जिंतूर तालुका के अकोली में बस एक पुल से नीचे गिर गई। परभणी के पुलिस अधीक्षक रवींद्रसिंह परदेशी ने कहा, ह्वइस हादसे में लगभग 30 यात्री घायल हुए हैं और सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि घायल लोगों को शुरू में जिंतूर में एक चिकित्सा सुविधा केंद्र में ले जाया गया और बाद में सभी को परभणी शहर के एक सरकारी अस्पताल भेजा गया।

### पीएम मोदी 21-22 मार्च को भूटान के दौरे पर रहेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21-22 मार्च को भूटान की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी पर जोर देने के अनुरूप है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री भूटान के अपने समकक्ष शेरिंग टोबगे के साथ भी बातचीत करेंगे। भारत और भूटान के बीच एक अनोखी और स्थायी भागीदारी है, जो आपसी विश्वास, समझ और सद्भावना पर आधारित है। हमारी साझा आध्यात्मिक विरासत और लोगों के बीच मधुर संबंध, हमारे असाधारण संबंधों में गहराई और जीवंतता जोड़ते हैं। यह यात्रा दोनों पक्षों को आपसी हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने तथा हमारे लोगों के लाभ के लिए हमारी अनुकरणीय साझेदारी को विस्तार एवं गति देने के उपायों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी।

# स्टार्टअप अब एक कल्चर बन चुका : प्रधानमंत्री मोदी

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में पीएम मोदी ने कहा कि स्टार्टअप अब एक कल्चर बन चुका है। देश में वर्तमान में सवा लाख से ज्यादा स्टार्टअप्स हैं, इतना ही नहीं 12 लाख युवा स्टार्टअप्स से जुड़े हैं। उन्होंने कहा हल्के अंदाज में विरोधियों को तंज करते हुए कहा कि कुछ लोग राजनीति में भी स्टार्टअप करते हैं। कुछ लोगों को बार-बार लांच करना पड़ता है। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि भारत की स्टार्टअप क्रांति का नेतृत्व आज देश के छोटे शहरों के युवा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज अगर ग्लोबल स्टार्टअप स्पेस के लिए नई उम्मीद, नई ताकत बनकर उभरा है, तब इसके पीछे एक सोचा समझा विजन रहा है। देश ने स्टार्टअप इंडिया अभियान के तहत इनोवेटिव आइडियाज को एक प्लेटफॉर्म दिया, उन्हें फंडिंग के सोर्स से कनेक्ट किया। शैक्षणिक संस्थानों में इनक्यूबेटर स्थापित करने का अभियान भी चलाया और उसकी बाल वाटिका के रूप में हमने ह्यअटल टिंकरिंग लैबह्ण शुरू की। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज एग्रीकल्चर, टेक्सटाइल, मेडिसिन, ट्रांसपोर्ट, स्पेस और यहां तक कि योग और आयुर्वेद के स्टार्टअप भी शुरू हो चुके हैं। स्पेस के 50 से अधिक सेक्टर्स में भारत के स्टार्टअप्स बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। पहले से हमारे स्टार्टअप स्पेस शटल लांच करने लगे हैं। भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य आज पूरी दुनिया देख रही है।



## देश में 45 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं : पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। हमारी युवा शक्ति की नवोन्मेषी भावना से संचालित भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व गति से फल-फूल रहा है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आमतौर पर कारोबारी दिमाग सोचता है कि चुनाव नजदीक हैं, जब नई सरकार सत्ता में आएगी तब देखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है और उसके बावजूद आपने इतना बड़ा आयोजन किया है। इसका मतलब है कि आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने वाला है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाऊंगा। उन्होंने कहा, मैं यहां भविष्य के उद्यमियों और यूनिकॉर्न को देख रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसा कि स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ये बहुत ज्यादा होता है और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब देश 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है, ऐसे समय में मुझे लगता है कि इस स्टार्टअप महाकुंभ का बहुत महत्व है। बीते दशकों में हमने देखा है कि भारत ने कैसे आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है। अब हम भारत में इनोवेशन और स्टार्टअप कल्चर का ट्रेंड लगातार बढ़ता हुआ देख रहे हैं। भारत आज अगर ग्लोबल स्टार्ट-अप स्पेस के लिए नई उम्मीद, नई ताकत के रूप में उभर रहा है तो इसके पीछे एक सोची समझी दृष्टि आ रही है। भारत ने सही समय पर सही निर्णय लिए हैं। सही समय पर स्टार्ट-अप्स को लेकर काम शुरू हुआ। स्टार्टअप इकोसिस्टम की बदलती मानसिकता पर मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं ने नौकरी चाहने वाले के बजाय नौकरी निमार्ता बनने का रास्ता चुना है। भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य आज पूरी दुनिया देख रही है। इस सामर्थ्य पर भरोसा करते हुए देश ने स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्माण की तरफ अनेक कदम उठाए हैं। भारत ने स्टार्टअप-20 के तहत दुनिया भर के लिए इकोसिस्टम को एक साथ लाने का प्रयास किया है।

इसी भारत मंडपम में जी-20 के दिल्ली घोषणापत्र में पहली बार स्टार्टअप को न सिर्फ शामिल किया गया, बल्कि उन्हें विकास का प्राकृतिक इंजन भी माना गया। स्टार्ट-अप को डिजिटल इंडिया द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहन को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक बड़ी प्रेरणा है और सुझाव दिया कि कॉलेज इसे एक केस स्टडी के रूप में लें। उन्होंने उल्लेख किया कि यूपीआई फिन-टेक स्टार्ट-अप के लिए समर्थन का एक स्तंभ बन गया है जो देश में डिजिटल सेवाओं के विस्तार के लिए नवीन उत्पादों और सेवाओं के विकास का नेतृत्व करता है। उन्होंने कहा, देश ने इनोवेटिव विचारों को एक मंच के तहत लॉन्च किया, जिसमें फंडिंग के आंकड़े जुड़े हुए हैं। डॉक्यूमेंट रिसर्च में इनक्यूबेटर की स्थापना का अभियान भी चलाया गया और उसके बाल वाटिका के रूप में हमने 'अटल टिंकरिंग लैब' की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम केवल मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है, यह अब एक सामाजिक संस्कृति बन गया है। भारत की स्टार्टअप क्रांति का नेतृत्व आज देश के छोटे शहरों के युवा कर रहे हैं। आज एग्रीकल्चर, टेक्सटाइल, मेडिसिन, ट्रांसपोर्ट, स्पेस और यहां तक कि योग और आयुर्वेद के स्टार्टअप भी शुरू हो चुके हैं। अंतरिक्ष के 50 से अधिक सेक्टरों में भारत के चित्र बहुत अच्छे काम कर रहे हैं। पहले से ही हमारे परीक्षण अंतरिक्ष शटल लॉन्च किए गए हैं।

## आबकारी 'घोटाला' : उच्च न्यायालय ने अरविंद केजरीवाल की याचिका पर ईडी का रुख पूछा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से उसका रुख पूछा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन के मामले में अपने खिलाफ जारी समन को चुनौती दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। याचिका में धन शोधन निवारण अधिनियम के कुछ प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस संबंध में जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को दो सप्ताह का समय दिया है। केजरीवाल ने हाल में मिले ईडी के समनों के मद्देनजर अदालत का रुख किया है, ईडी द्वारा जारी नौवें समन में उनसे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत पूछताछ के लिए 21 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि याचिका में कई मुद्दे उठाए गए हैं, जिनमें शामिल है कि क्या कोई राजनीतिक दल धन शोधन रोधी कानून के दायरे में आता है। अदालत ने आप नेता से पूछा कि वह समन की अनुपालना में पेश क्यों नहीं हो रहे हैं।



याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील ने कहा कि इस मामले में दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की आवश्यकता है क्योंकि चुनाव नजदीक होने पर उन्हें (केजरीवाल को) पकड़ने की एजेंसी की मंशा स्पष्ट है। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। मुख्यमंत्री ने ईडी के समन को अवैध बताते हुए एजेंसी के समक्ष पेश होने से लगातार इनकार किया है। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। इस विवादित नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की सिफारिश के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में प्राथमिकी दर्ज की और इसके आधार पर ईडी ने धनशोधन के आरोप की जांच शुरू की। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में समन पर पेश न होने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज करायी दो शिकायतों के मामले में केजरीवाल को शनिवार को जमानत दे दी थी। अदालत ने ईडी को केजरीवाल को शिकायतों से जुड़े दस्तावेज भी सौंपने का निर्देश दिया था। ईडी ने मजिस्ट्रेट अदालत में दो शिकायतें दर्ज कराते हुए इस मामले में केजरीवाल को कई समन जारी होने के बावजूद पेश न होने के लिए उन पर अभियोग चलाने का अनुरोध किया था।

## भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2014 से अधिक सीट मिलेंगी : अमित शाह

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उत्तरप्रदेश में 2014 से अधिक सीट मिलेंगी और जनता सभी वंशवादी दलों को सबक सिखाएगी। शाह ने दो टूक कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भाजपा के एजेंडे में शामिल है क्योंकि पार्टी का मानना है कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में सभी लोगों के लिए एक समाना कानून होने चाहिए। एक समिट में उन्होंने कहा, ह्यह्यउत्तर प्रदेश में हमें इस बार 2014 की तुलना में अधिक सीट मिलेंगी। ओडिशा की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के साथ भाजपा के गठबंधन को लेकर चल रही बातचीत के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा इस पर अंतिम निर्णय लेंगे। शाह ने कहा, हमने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। हमारी पार्टी के अध्यक्ष फैसला करेंगे। लेकिन यह निश्चित है कि हम ओडिशा में भारी जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा, अगर हम अकेले लड़ने का फैसला करते हैं तो हम ओडिशा में सरकार बनाने के लिए लड़ेंगे। ओडिशा में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी होंगे। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन की संभावना पर उन्होंने कहा कि यह अगले दो से तीन दिनों में स्पष्ट हो जाएगा।



### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट करने की निंदा की। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी इसलिए ऐसा कर रही है, ताकि मामले में ट्रायल शुरू न हो पाए और आरोपी को जमानत न मिल सके। कोर्ट ने ईडी से कहा कि इस तरह की प्रैक्टिस गलत है। ऐसा करके किसी आरोपी को अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रख सकते। कोर्ट ने साथ ही कहा कि इस मामले में शख्स 18 महीने से जेल में है। इससे हमें परेशानी हो रही है। किसी मामले में हम इस मुद्दे को उठाएंगे। जब आप किसी आरोपी को गिरफ्तार करते हैं तो मुकदमा शुरू करना जरूरी होता है। अदालत ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की कैद का जिक्र किया, जिन्हें फरवरी 2023 में शराब नीति मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने यह टिप्पणी झारखंड के अवैध खनन मामले से जुड़े आरोपी प्रेम प्रकाश द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए की।

## पिता की कर्मभूमि से चाचा को चुनौती देने को तैयार चिराग पासवान

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। संसदीय दल के बैठक के बाद लोक जनशक्ति पार्टी प्रमुख चिराग पासवान ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया कि वे अपने पिता की कर्मभूमि बिहार के हाजीपुर से ही चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसके लिए उन्हें हर चुनौती स्वीकार है।

चिराग पासवान ने कहा कि अगर उनके खिलाफ उनके चाचा पशुपतिनाथ पासवान भी आते हैं तो उनका डटकर मुकाबला करेंगे। यहां पर मीडिया से बातचीत करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि यह निश्चित है कि मैं हाजीपुर से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का एनडीए का उम्मीदवार बनूंगा। यह सीट मेरे पिता की कर्मभूमि है। चिराग ने यह भी कहा कि अगर उनके चाचा पशुपति कुमार पारस वहां से चुनाव लड़ना चाहते हैं तो इसका निर्णय अंततः उन्हें ही लेना होगा। मैं कभी किसी चुनौती से नहीं डरा। चिराग पासवान ने कहा कि अब हम बिहार की ओर रुख करेंगे। आने वाले समय में हम बड़ी लड़ाई की ओर बढ़ रहे हैं।

गठबंधन के तहत 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे, हमें इस बात का भरोसा है। चिराग ने कहा कि मुझे लगता है कि अगले दो-चार दिनों में सभी 5 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर सहमति बन जाएगी। अगले चार-पांच दिन में नामों की घोषणा कर दी जाएगी ।

## पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में विलय

### पूर्णिया से लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव, दानिश अली ने भी बदला पाला

प्रात : किरण/एजेंसी

पटना। बिहार की राजनीति में एक बड़ा फेरबदल हुआ है, जिसका असर लोकसभा चुनाव में देखने को मिलने वाला है। दरअसल जाप प्रमुख पप्पू यादव ने पार्टी का विलय कांग्रेस में कर महागठबंधन में एंट्री कर ली है। उन्होंने यह फैसला आरजेडी प्रमुख लालू यादव और तेजस्वी यादव राबड़ी आवास में मुलाकात के बाद लिया है। बिहार की राजनीति को मथने का काम कर रहे पप्पू यादव की पार्टी जन अधिकार पार्टी का आज बुधवार को कांग्रेस में विलय हो गया है। इससे एक दिन पहले पप्पू यादव ने आरजेडी प्रमुख लालू और तेजस्वी से मुलाकात कर अपनी इच्छा जाहिर की थी। सूत्रों की मानें तो लालू यादव ने ही पप्पू यादव को कांग्रेस के साथ जाने को कहा और पूर्णिया से चुनाव लड़ने की सलाह दी है। पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनकी पितातुल्य लालू यादव और भाई तेजस्वी के साथ पारिवारिक माहौल में मुलाकात हुई। इस दौरान भाजपा को हराने की रणनीति पर चर्चा की गई। बिहार में गठबंधन को मजबूत करने और सीमांचल, कोसी, मिथिलांचल में सौ फीसदी सफलता हासिल करने पर विचार किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरी विचारधारा हमेशा कांग्रेस की विचारधारा के करीब रहीङ्क राहुल गांधी संघर्ष के प्रतीक हैं और उन्होंने देश में एक उम्मीद जगाई है। अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा, कि कांग्रेस और लालू यादव मिलकर 2024 चुनाव जीतेंगे और 2025 भी जीतेंगे। यहां बतलाते चलें कि पप्पू यादव की पत्नी रंजीत रंजन भी कांग्रेस नेता हैं और वह वर्तमान में राज्यसभा सदस्य हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि पप्पू यादव कांग्रेस की टिकट पर बिहार की पूर्णिया सीट से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं।





## आगामी दिनों में कई और लोगों को इस्तेमाल करके फेंक दिया जाएगा : मनोज झा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने बगैर किसी का नाम लिए कहा, आगामी दिनों में कई और लोगों को इस्तेमाल करके फेंक दिया जाएगा...बिहार का एक महत्वपूर्ण चेहरा उनमें से एक हो सकता है। वह किसकी ओर संकेत कर रहे हैं, यह पूछे जाने पर झा ने कहा, मेरा संकेत स्पष्ट है। झा ने कहा कि बिहार में सीट बंटवारे को एक या दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा तथा बातचीत अच्छी और सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता झा ने कहा कि सीट बंटवारे पर काफी हद तक सहमति बन गई है। झा ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यसमझौता काफी हद तक तय हो चुका है, चीजें पटरी पर हैं, एक-दो दिनों में सब कुछ साफ हो जाएगा। इंडिया गठबंधन के सहयोगियों द्वारा लड़ी जाने वाली सीटों की संख्या के विवरण के बारे में पूछे जाने पर, झा ने कहा, ह्यह्यआप संख्या के बारे में बात कर रहे हैं, हम जीतने के हिसाब से सोच रहे हैं। एक अच्छा फॉर्मूला सामने आएगा और सब कुछ तय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई गतिरोध नहीं है और बातचीत सौहार्दपूर्ण रही। झा ने कहा, ह्यह्यसार्वजनिक हित में, व्यक्ति-केंद्रित राजनीति के खिलाफ और उसका विकल्प प्रदान करने के लिए एक व्यापक गठबंधन आकार ले रहा है।

**संज्ञान** शीर्ष अदालत ने वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर जनहित याचिका पर लिया संज्ञान

## मुफ्त सौगातों का वादा करने वाले दलों के खिलाफ याचिका पर सुनवाई को सहमत हुआ न्यायालय

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सौगातों और सुविधाओं का वादा करने के चलन के खिलाफ एक जनहित याचिका को बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह ऐसे राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द करने और चुनाव चिह्न जब्त करने के अपने अधिकारों का उपयोग करे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा, यह महत्वपूर्ण है। हम इसे कल लेंगे। शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया की दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका पर लोकसभा चुनाव से पहले सुनवाई की जरूरत है। याचिका में कहा गया कि मतदाताओं से अनुचित राजनीतिक लाभ पाने के लिए लोक-लुभावन घोषणाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए क्योंकि ये संविधान की अवहेलना करते हैं और इस मामले में निर्वाचन आयोग को उचित कदम उठाने चाहिए। इसमें अदालत से यह घोषित करने का भी अनुरोध किया गया है कि चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अतार्किक तरीके से मुफ्त सौगातों का वादा मतदाताओं को अनुचित रूप से प्रभावित करता है, समान अवसर को अवरुद्ध करता है और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता को नुकसान पहुंचाता है। याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुफ्त सुविधाएं देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की राजनीतिक दलों की हालिया प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है, बल्कि संविधान की भावना को भी चोट पहुंचाती है। उसने कहा, यह अनैतिक प्रवृत्ति सत्ता में बने रहने के लिए सरकारी खजाने से मतदाताओं को रिश्वत देने के समान ही है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों तथा परंपराओं के संरक्षण के लिए इससे बचना चाहिए।



## लोकसभा चुनाव: पहले चरण की अधिसूचना जारी, 19 अप्रैल को होगा मतदान

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बुधवार को पहले चरण के मतदान की अधिसूचना जारी कर दी। इस चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। नामांकन 27 मार्च तक किए जा सकेंगे, जिनकी जांच 28 मार्च को होगी।

बिहार के लिए यह तारीखें 28 मार्च और 30 मार्च हैं। अधिसूचना के अनुसार इस चरण में तमिलनाडु की सभी 33, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, मध्य प्रदेश की 6, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र की 5-5, बिहार की 4, पश्चिम बंगाल की 3, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की सभी 2-2 और छत्तीसगढ़, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर पहले चरण में मतदान होगा। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश की 60 विधानसभा सीटों और सिक्किम की सभी 32 विधानसभा सीटों पर भी इस चरण में मतदान होगा। दोनों राज्यों की विधानसभा के नतीजे 2 जून को आयेंगे। बाकी सभी सीटों के नतीजे चार जून को आयेंगे।



इस चरण में अरुणाचल पश्चिम, अरुणाचल पूर्व, काजीरंगा, सोनितपुर, लखीमपुर, डिब्रूगढ़, जोरहाट, औरंगाबाद, गया (एससी), नवादा, जमुई (एससी), बस्तर (एसटी), सीधी, शहडोल (एसटी), जबलपुर, मण्डला (एसटी), बालाघाट, छिन्दवाड़ा, रामटेक (एससी), नागपुर, भन्डारा, गोंदिया, गड़चिरोली, चिमुर (एसटी), चन्द्रपुर, आंतरिक मणिपुर, बाह्य मणिपुर (एसटी), शिलांग (एसटी), तुरा (एसटी), मिजोरम (एसटी), नगालैंड, गंगानगर (एससी), बीकानेर (एससी), चूरू, झुन्झुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर (एससी), करौली, धौलपुर (एससी), दौसा (एसटी), नागौर, सिक्किम, तिरुवल्लुर (एससी), चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई केन्द्रीय, श्रीपेरूम्बुदूर, कांचीपुरम (एससी), अराकोन्नम, वेल्लोर, कृष्णागिरी, धमार्पुरी, तिरूवन्नामलाई, अरानी, विलुपुरम (एससी), कल्लाकुरिची, सलेम, नामाक्कल, इरोड, तिरूप्पुर, नीलगिरि (एससी), कोयम्बटूर, पोल्लाची, डिण्डीगुल, करूर, तिरुचिरापल्ली, पेरम्बलुर /, कुड्डालोर, चिदम्बरम (एससी), मइलादुथुरई, नागापट्टिनम (एससी), थन्जावुर, शिवगंगा, मदुरई, थेनी, विरुधुनगर, रामानाथपुरम, थूथुक्कुडी, टेनकासी (एससी), तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, त्रिपुरा पश्चिम, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (एससी), मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, टिहरी गढ़वाल, गढ़वाल, अल्मोड़ा (एससी), नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, कूच बिहार (एससी), अलीपुर द्वारस (एसटी), जलपाईगुड़ी (एससी), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ऊधमपुर, लक्षद्वीप (एसटी), पुडुचेरी सीट के लिए मतदान होगा। त्रिपुरा की रामनगर, तमिनाडु की विलावानकोड सीट पर उपचुनाव इस चरण में होगा।

# चुनाव के लिए जारी हुआ अधिसूचना, रोजाना सुबह 11 से तीन बजे तक होंगे नामांकन

**देहरादून, एजेंसी।**
प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी किया गया। यह अधिसूचना पांचों लोकसभा सीटों के रिटर्निंग अफसरों के स्तर से जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगा।

चुनाव आयोग के शेड्यूल के हिसाब से सभी लोकसभा सीटों के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी किया गया। इसके साथ ही नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। चुनाव आयोग ने ऑनलाइन नामांकन का विकल्प भी दिया है। टिहरी लोकसभा के लिए आरओ देहरादून यानी डीएम देहरादून कार्यालय, अल्मोड़ा सीट के लिए डीएम अल्मोड़ा, गढ़वाल सीट के लिए डीएम पौड़ी, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट के लिए डीएम ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार सीट के लिए डीएम हरिद्वार ने अधिसूचना जारी किया।

साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, जो 27 मार्च तक चलेगी। नामांकनपत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च होगी। इसके बाद सीधे 19 अप्रैल को मतदान और फिर चार जून को मतगणना होगी। छह जून को आचार संहिता समाप्त हो जाएगी।

सार्वजनिक अवकाश को 27 मार्च तक होंगे नामांकन

प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर 27 मार्च तक रोजाना सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक नामांकन होंगे। बुधवार को सभी आरओ मुख्यालय में



नामांकन के लिए पब्लिक नोटिस चस्पा कर दिया जाएगा। मंगलवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने बताया, 20 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में आरओ मुख्यालय में नामांकन के लिए बुधवार को सुबह पब्लिक नोटिस चस्पा कर दिया जाएगा। 27 मार्च तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर रोजाना 11 से लेकर तीन बजे तक नामांकन की प्रक्रिया होगी।

प्रत्याशियों की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले डॉक्यूमेंट्स की एक चेक लिस्ट भी बनाई गई है, जिसमें फॉर्म-ए, फॉर्म-बी, एफिडेविट, सिक्योरिटी डिपोजिट के प्रूफ आदि शामिल हैं। नामांकन प्रक्रिया को करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल ह्यह्व1द्वस्र-द्बह्. द्गष्द्ब. द्दश1. द्बठ्ठ की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें प्रत्याशी मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन फार्म भर सकते हैं।

इसका प्रिंट निकाल कर हस्ताक्षर करने के उपरांत आरओ कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया को निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से जमा कराना जरूरी होगा। प्रत्याशी पोर्टल में ही डॉक्यूमेंट को भी मुख्यालय में जमा करने की समय और तिथि को भी अपनी सुविधानुसार चयन कर सकते हैं। जिस तिथि में प्रत्याशी प्रत्यक्ष रूप से आरओ मुख्यालय में उपस्थित होकर अपने डॉक्यूमेंट को जमा करा सकते हैं। इसके अलावा आरओ मुख्यालय के 100 मीटर की परिधि के दायरे में तीन से अधिक वाहनों की अनुमति नहीं होगी। इसी क्रम में प्रत्येक आरओ मुख्यालय में सुरक्षा की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया, लगभग 94 हजार भवनों से पोस्टर बैनर हटाए गए हैं। सी-विजिल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता से जुड़े करीब 3,066 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं, जिनमें से 2800 मामले सही पाए गए हैं। निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित कर दिए गए। इसके साथ ही लगभग 10,900 शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं। यह कार्रवाई लगातार जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्यामपुर थाना क्षेत्र में स्मैक की तस्करी करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस का दावा है कि स्मैक की कीमत करीब तीन लाख रुपये है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 के तहत एसएसपी के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार रात चंडीघाट चौकी से आगे चेकिंग की जा रही थी। तभी एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों को देखने के बाद वह मुड़कर वापस भागने लगा। संदेह होने पर पीछा कर उसे कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया। एसओ ने बताया कि आरोपी आशु उर्फ देवेंद्र निवासी पुरीनगर चंडीघाट थाना श्यामपुर से पूछताछ करने के बाद तलाशी ली गई। उसके पास से 10 ग्राम स्मैक बरामद हुई। एनडीपीएस एक्ट के मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### दोस्तों के साथ गंगा में नहा रहे युवक की डूबने से मौत

**ऋषिकेश, एजेंसी।** थाना मुनि की रेती क्षेत्रांतर्गत लक्ष्मणझूला तपोवन में दोस्तों के साथ गंगा नदी में नहा रहा युवक डूब गया। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर युवक को बाहर निकाला निकाला। जिसे उपचार के लिए 108 के माध्यम से सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसडीआरएफ ढालवाला प्रभारी निरीक्षक कवींद्र सजवाण ने बताया कि साढ़े तीन बजे एसडीआरएफ को सूचना मिली कि तपोवन क्षेत्र में ध्रुव घाट पर एक युवक डूब गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम गंगा नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। जिसमें कुछ देर बाद युवक को गंगा नदी से बाहर निकाला गया। सीपीआर देने के बाद उसे एंबुलेंस से ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल में भेजा गया। युवक की पहचान निखिल शाही (17) पुत्र रमेश शाही निवासी विकास गुरुंग शहीद स्मारक गुमानीवाला ऋषिकेश के रूप में हुई। युवक अपने अन्य छह साथियों के साथ ध्रुव घाट लक्ष्मण झूला तपोवन पर गंगा नदी के किनारे नहा रहा था। नहाते समय गहरे पानी में उतर गया। डीप डाइवर मातबर सिंह ने उसे करीब 20 फीट की गहरे पानी से बाहर निकाला। रेस्क्यू अभियान के दौरान स्थानीय पुलिस भी मौके पर उपस्थित रही।

### चाभी हुई गुम, ताला तोड़ देखे आईडीपीएल के दस्तावेज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** आईडीपीएल के विचाराधीन मामले में कॉलोनी और फैक्ट्री से जुड़े जरूरी दस्तावेजों के सुरक्षित होने की जांच के लिए पहुंची टीम से चाभी गुम हो गई। चाभी नहीं होने पर टीम ने मजबूरी में ताला तोड़कर दस्तावेज खंगाले। उच्च न्यायालय के आदेश पर टीम पहुंची थी। टीम में आईडीपीएल, वन विभाग और तहसील प्रशासन के अधिकारी शामिल रहे। मंगलवार को एसडीओ अनिल रावत के नेतृत्व में वन विभाग की टीम आईडीपीएल फैक्ट्री पहुंची। टीम के साथ तहसीलदार सुशीला कोठियाल और लेखपाल शोभाराम जोशी भी रहे। वन विभाग को हैंडओवर की गई प्रशासनिक भवन की चाभी विभाग से कहीं गुम हो गई। काफी तलाश के बाद भी चाभी नहीं मिलने पर उसके गुम होने की सूचना पुलिस चौकी में दी गई।

### होली पर चेहरे और आंखों का रखें ख्याल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** होली पर्व पर बाजार में विभिन्न प्रकार के केमिकल रंग आ रहे हैं। ये रंग त्वचा, चेहरे और आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इन रंगों का इस्तेमाल करने के बजाय होली पर हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें। हर्बल रंग आपके चेहरे, त्वचा और आंखों को नुकसान होने से बचाएंगे। होली पर्व पर चेहरे और आंखों को सुरक्षित रखने के लिए चिकित्सकों ने परामर्श दिया है। एसपीएस राजकीय चिकित्सालय के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय नैथानी ने बताया कि होली पर्व पर बाजार में विभिन्न प्रकार के केमिकल रंग हैं। होली में इन रंगों से खेलने के लिए लिए बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। संभव हो तो केमिकल के बजाय हर्बल रंगों से ही होली खेलें। एसपीएस राजकीय चिकित्सालय के दृष्टि मितिज्ञ रमेश पठोई ने बताया कि होली पर्व पर रंगों के खेलते समय सबसे अधिक नुकसान आंखों को पहुंचता हैं।

## सराफ लूटपाट मामले में पुलिस ने बनाई पांच टीमें

**ऋषिकेश, एजेंसी।** सोमवार की रात श्यामपुर के सराफ व्यापारी के साथ हुई लूटपाट के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। पांचों टीमें अलग-अलग तरीकों से जांच कर रही हैं। सीओ संदीप नेगी ने दावा किया कि जल्द आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

सोमवार की रात्रि करीब नौ बजे गढ़ी श्यामपुर स्थित दुर्गा ज्वैलर्स के स्वामी प्रवीण वर्मा के साथ अज्ञात बदमाशों ने तमंचे की नोक पर लूटपाट कर ली। जिसके बाद से क्षेत्र के सभी व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना है। मंगलवार की सुबह क्षेत्र के सभी व्यापारियों ने एकत्रित होकर घटना की निंदा की और जल्द से जल्द घटना के खुलासे की मांग की है। सीओ संदीप नेगी ने बताया मंगलवार को टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और पीड़ित सराफ व्यापारी की दुकान पर जाकर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। बताया कि मामले के खुलासे के लिए पांच अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। उन्होंने लोगों से मामले में धैर्य रखने की अपील की है।

19 मई 2019 को बाइक सवार दो बदमाशों ने वीरपुर खुर्द पशुलोक में सराफ व्यापारी वीरेंद्र सिंह चौहान को गोली मारकर नकदी, सोना और चांदी के आभूषण लूट लिए थे। घटना के समय सराफ व्यापारी अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे।

## हरिद्वार, रुड़की और नरेंद्रनगर के दूरस्थ क्षेत्रों में शुरू होगी ड्रोन मेडिकल सेवा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एक सप्ताह के भीतर हरिद्वार और रुड़की के दूरस्थ क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। एम्स की नियमित ड्रोन मेडिकल सेवा इन दोनों क्षेत्रों के लिए शुरू की जा रही हैं। इसके लिए एम्स प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। एम्स ऋषिकेश राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। जिसके लिए बीते फरवरी से नियमित ड्रोन मेडिकल सेवा शुरू की गई है। ड्रोन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्र में दवाइयां और ब्लड कंपोनेंट भेजे जा रहे हैं। उक्त सेवा को शुरू करने से पहले एम्स में कई ट्रायल किए। ट्रायल सफल रहने के बाद यह सेवा नियमित शुरू की गई है। अब एम्स प्रशासन नरेंद्र नगर, हरिद्वार और रुड़की के लिए भी यह सेवा शुरू करने जा रहा है।

हरिद्वार में इस सेवा के लिए रामकृष्ण मिशन के साथ अनुबंध किया गया है। जबकि रुड़की में उपजिला चिकित्सालय के साथ मिलकर यह सेवा संचालित की जाएगी। वहीं, नरेंद्र नगर में सीएचसी में यह सेवा संचालित की जाएगी। एम्स प्रशासन का कहना है कि इसके लिए रूट प्लान भी तैयार कर लिया गया है। एक सप्ताह के भीतर उक्त सभी स्थानों पर यह सेवा शुरू कर दी जाएगी। एम्स ऋषिकेश मेडिकल ड्रोन सेवा नियमित शुरू करने वाला देश का पहला चिकित्सा संस्थान है।

एम्स की नियमित ड्रोन मेडिकल सेवा से हिंडोलाखाल (टिहरी), नई टिहरी, फकोट, चंबा, यमकेश्वर क्षेत्र में दवाइयां और ब्लड कंपोनेंट पहुंचाए गए हैं। चंबा व न्यू टिहरी के लिए सबसे अधिक उड़ाने भरी गई हैं। एम्स प्रशासन का कहना है कि जल्द ही और अधिक स्थानों के लिए भी रूट मैप तैयार किया जा रहा है।

वर्तमान में एम्स में नियमित ड्रोन मेडिकल सेवा के लिए दो ड्रोन उलब्ध हैं।

## पहले बनभूलपुरा उपद्रव, अब आचार संहिता के चलते अटका बहुद्देश्यीय भवन का टेंडर; निर्माण से पहले शिफ्ट होगा बस स्टेशन

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
तहसील की जगह बहुद्देश्यीय भवन का निर्माण अब जून के बाद होगा। क्योंकि आचार संहिता लगने के कारण टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकती। इसलिए चुनाव निपटने तक इंतजार करना होगा। भवन की जद में बस स्टेशन भी आ रहा था। ऐसे में फंडिंग एजेंसी एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कहा था कि बस स्टेशन को किस जगह से संचालित किया जाएगा। इसकी जानकारी भी दी जाए। जिसके बाद टीपीनगर में खाली मैदान को चिह्नित किया गया। उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप कुमार ने बताया कि प्रशासन से एनओसी भी पूर्व में मिल चुकी है। 336 करोड़ की लागत से बनने वाले बहुद्देश्यीय भवन में अलग-अलग महकमों के कार्यालय, पार्किंग, लाइब्रेरी, रजिस्टार कार्यालय, एसडीएम कोर्ट के




अलावा इंटरसिटी बस स्टेशन भी बनाया जाएगा। पुराना बस स्टेशन भी इसकी जद में आ रहा है। इसलिए एडीबी ने निर्देश दिए थे कि पहले बस अड्डे को शिफ्ट करने की जगह ढूंढी जाए। चयनित जमीन की एनओसी भी लेनी होगी। जिसके बाद फरवरी में टीपीनगर में खाली पड़ी भूमि पर बहुद्देश्यीय भवन का निर्माण होने तक बसों के संचालन के लिए बेहतर बताया गया। वहीं, आठ फरवरी को बनभूलपुरा में हुए उपद्रव की वजह से मामला अटक गया। हालांकि, अब कोई दिक्कत नहीं है। प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप कुमार ने बताया कि प्रशासन से टीपीनगर में बस स्टेशन संचालन की एनओसी मिलने पर प्रस्ताव यूडीबी को भेज दिया गया है। चार जून को चुनाव प्रक्रिया खत्म होने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी।

## वाहन से सिलिंडर न बंटने से व्यापारी नाराज, कहा देना पड़ रहा है भाड़ा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** नगर के व्यापारियों ने वाहन से रसोई गैस सिलिंडर न बांटने पर नाराजगी जताते हुए डीएम विनीत तोमर को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में वाहन से सिलिंडर न बांटने पर व्यापारियों और स्थानीय लोगों को ऊंचा भाड़ा देना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की।

मंगलवार को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारी नगर अध्यक्ष संजय साह रिक्खू और जिला अध्यक्ष मनोज सिंह पवार के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि नगर के मुख्य बाजार में 650 से अधिक व्यापारी कॉमर्शियल सिलिंडर का उपयोग करते हैं।

## रुद्रपुर में चढ़ने लगा होली का खुमार, होलियारों ने जबरदस्त राग गाकर लूटी महफिल

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
रुद्रपुर में शैल सांस्कृतिक समिति शैल परिषद की ओर से बैठकी होली का आयोजन किया गया। जिसमें कुमाऊं के प्रसिद्ध होल्यारों ने विभिन्न रागों पर आधारित होलियां गाकर समां बांध दिया।

रुद्रपुर में शैल सांस्कृतिक समिति शैल परिषद की ओर से बैठकी होली का आयोजन किया गया। जिसमें कुमाऊं के प्रसिद्ध होल्यारों ने विभिन्न रागों पर आधारित होलियां गाकर समां बांध दिया। हंसी ठिठोली के बीच रातभर होली गीतों पर लोग पिछोड़ा ओढ़े भी झूमते रहे।

शनिवार की देर शाम शैल भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ शैल परिषद के संरक्षक नवीन चंद्र पांडे, भारत लाल साह, अध्यक्ष गोपाल पटवाल, महामंत्री दिवाकर पांडेय, वरिष्ठ होलियार प्रभात साह, नरेंद्र पंत, संजय जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। हुक्का क्लब अल्मोड़ा के होलियार प्रभात



साह ने राग यमन कल्याण में मलत-मलत भये लाल नयना, कन्हैय्या मत मारो नयना गुलाल सुनाया। हल्द्वानी से आए संजय जोशी ने राग काफी में गावो सुहागिन होरी, बरस की शुभ ऋतु अलबेली गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नरेंद्र पंत ने राग जंगला काफी में सांची कहो मोसे बतीया बलम, राग खम्माज में बसंत बिष्ट ने आज राधे रानी चली ब्रिज नगरी, राज मंडल में धूम मची है आज सुनाया। राग रसिया में दिवाकर पांडे ने रंग डालूंगी मैं नंद जी के लालन पर, सावरा रंग लाल कर डारिहो गाकर सभीको झूमने पर मजबूर कर दिया। रात के अलग अलग पहरों में होल्यारों ने विभिन्न रागों पर होली गायन किया और रविवार की सुबह चार बजे राग भैरवी से बैठकी होली का समापन किया गया।

तबले और हारमोनियम पर प्रभात शाह,धरनीधर पांडे, चंद्रेश पन्त, दिवाकर पांडेय, चित्रेश त्रिपाठी, बसंत बिष्ट, संदीप गोरखा ने संगत दी। वहां पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ. एलएम उप्रेती, हरीश पनेरू, समिति कोषाध्यक्ष डीके दनाई, महेश कांडपाल, संजीव बुधौरी, सतीश ध्यानी, मोहन सिंह बिष्ट, दिनेश बम, मोहन उपाध्याय, दुर्गा शाह, गीता भट्ट, सुधा पटवाल, विनीता पांडे, किरन बोरा सहित अनेक मौजूद रहे

## शर्मनाक : मां को लगी शराब की ऐसी लत, अपने ही पांच साल के बेटे को 50 हजार में बेचा

**रुद्रपुर, एजेंसी।**
आदमी के नशे के चक्कर में परिवार पर ज्यादतियों की खबरें आए दिन सामने आती हैं, लेकिन यह मामला ठीक उलट है। बुरी संगत में पड़कर महिला शराब की लती हो गई।

इस दौरान बच्चे का ध्यान न रख पाने के कारण उसने साथियों के साथ मिलकर पांच साल के बेटे को बेचने का निर्णय लिया। बाद में बरेली के एक परिवार को 50 हजार रुपये में बेचने दिया। मामला इंटरनेट मीडिया वायरल हुआ तो पुलिस भी हरकत में आकर जांच में जुट गई है।

शिमला बहादुर जनपद रोड क्षेत्र में किराए में रहने वाली एक महिला के पति की पूर्व में सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद महिला ने दूसरी शादी की थी। लेकिन दूसरा पति कोई काम नहीं करता था। जिस पर महिला को अपने बच्चों को पालने के लिए मजदूरी करनी पड़ी।

इस दौरान महिला गलत संगत में पड़ गई और नशे की आदी हो गई। जिसके कारण वह अपने पांच साल के बच्चे का ध्यान भी नहीं रख पा रही थी। बताया जा रहा है कि अपने साथियों के कहने पर महिला ने दूसरे पति की मर्जी के बिना ही अपने बच्चे को बेचने की योजना बना ली। जिसमें उसका साथ उसके कुछ साथियों ने भी दिया। महिला ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर बच्चे के खरीदार को खोजना शुरू किया।

इस दौरान बरेली के एक परिवार से उनकी मुलाकात हुई। उनसे बच्चे का सौदा 50 हजार रुपये में कर दिया। कुछ दिनों पहले बरेली का परिवार रुपये लेकर कलक्ट्रेट परिसर में पहुंचा और महिला को रुपये देकर बच्चा ले गए। इधर, मामला इंटरनेट मीडिया पर आया तो पुलिस भी हरकत में आ गई और जांच शुरू कर दी है।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि मामले की शिकायत पुलिस को नहीं मिली है। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से मामले की जानकारी हुई है। पुलिस टीम मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है। जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जासं, काशीपुर । लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार लोगों से 233 पाउच कच्ची शराब जब्त कर उनको गिरफ्तार किया है। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने ग्राम कुंडेश्वरा में आंबेडकर बरात घर के पास शराब बेच रही नीतू कौर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 75 पाउच शराब बरामद की।

वहीं पुलिस ने गढवाल ब्लाक निवासी शुभम को 60 पाउच कच्ची शराब के साथ धर दबोचा। एसआइ कंचल पडलिया ने ढकिया गुलाबो रोड छीना फार्म रोड पर परचून की दुकान में कच्ची शराब के बेच रहे ढकिया गुलाबो निवासी बिट्टू सैनी को 37 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

आइटीआइ पुलिस ने बांसखेड़ा रेलवे फाटक से कंचन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 61 पाउच कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने चारों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

## तनाव मुक्त रहना है तो करें हास्य योग

**ऋषिकेश, एजेंसी।** मुनि की रेती स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम की ओर से गंगा रिजॉर्ट के समीप भरत घाट में आयोजित सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव में पांचवें दिन साधकों ने विभिन्न यौगिक क्रियाओं के साथ ही लाफ्टर योग किया। इस दौरान मर्म चिकित्सा पैनल चर्चा भी की। मंगलवार सुबह के सत्र में मानव धर्म संस्था की ओर से साधकों को विभिन्न यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया। स्वामी बोधी वर्तमान की ओर से लाफ्टर योग का प्रशिक्षण दिया। बताया कि हंसना सबसे अच्छी दवा है। बताया अगर आप दिन में 10 से 15 मिनट लाफ्टर योग करते हैं तो आपके शरीर में हार्मोनल रिचार्ज होने शुरू होते हैं। आज लोग तनाव में रहते हैं। तनाव को दूर करने के लिए सबसे सरल तरीका लाफ्टर योग है। आठ मिनट हंसते हैं तो तनाव लेवल जीरो हो जाता है। लाफ्टर योग से चेहरे से मसाज होती है। महोत्सव में डॉ. हेस्टर ओकोनोर की ओर से हृदय परिपूर्णता का अभ्यास कराया। उसके बाद रिलेवेंस ऑफ मर्म चिकित्सा की कक्षा संचालित हुई। जिसमें सीधा प्रसारण के साथ अंतिम विवेचन हुआ। शाम को कीर्तन हुआ। भक्ति रस में जब योगियों ने कीर्तन में प्रतिभा किया तो आसपास का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। योग साधक और योगाचार्यों ने गंगा घाट पर आयोजित सांध्यकालीन गंगा आरती में प्रतिभाग किया। सांध्यकालीन सांस्कृतिक सत्र में लाइव म्यूजिकल प्ले जो डूबा सो पार की प्रस्तुति दी। जिसमें अभिनय और एकाग्रता देखने को मिली। कलाकारों ने खूब तालियां बटोरी।

## चार जून तक केंद्रों में नहीं बनेंगे आधार कार्ड, खबर फैलते ही सेंटरों पर उमड़ी लोगों की भारी भीड़

**ऋषिकेश, एजेंसी।** 20 मार्च से चार जून तक आधार से जुड़े कार्य बंद किए जाने की सूचना मिलते ही मंगलवार को सेंटरों पर भीड़ उमड़ी। रानीपोखरी में आधार कैंप बंद होने की सूचना पर सोमवार और मंगलवार को 136 लोगों के आधार कार्ड बनाए या उससे जुड़े कार्य किए गए। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से अब आधार कैंपों में आधार कार्ड बनवाने और इससे जुड़े कार्य में 20 मार्च से चार जून तक के लिए ब्रेक लग गया है। मंगलवार को आधार कैंप चार जून तक बंद होने की सूचना के बाद रानीपोखरी पंचायत घर में आधार कार्ड से जुड़े कार्य करवाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। रानीपोखरी पंचायत घर सहित कई दूसरे आधार कैंपों में आधार कार्ड बनाने के साथ इससे जुड़े कार्य किए जाते हैं। 20 मार्च से चार जून तक आधार से जुड़े कार्य बंद किए जाने की सूचना मिलते ही मंगलवार को सेंटरों पर भीड़ उमड़ी। रानीपोखरी में आधार कैंप बंद होने की सूचना पर सोमवार और मंगलवार को 136 लोगों के आधार कार्ड बनाए या उससे जुड़े कार्य किए गए। मंगलवार को कई दिव्यांगों ने भी पंचायत घर में कैंप में जाकर कार्य करवाया। ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी ने कहा कि रानीपोखरी पंचायत घर में पिछले चार सालों से आधार कार्ड का कार्य कराया जा रहा है। लेकिन उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चार जून तक के लिए आधार कैंप को बंद किया गया है। जिस कारण पिछले दो दिन आधार कार्ड कार्यों के लिए पंचायत घर में काफी भीड़ उमड़ी।

## धूं-धूं कर एक के बाद वन होते जा रहे राख; अब आग से धधक उठा अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे से सटा ये जंगल

**गरमपानी, एजेंसी।** जंगलों में आग का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। एक के बाद एक जंगल आग से राख होते जा रहे हैं। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटा सिद्धपुर का जंगल आग से जलकर खाक हो गया। आग से बड़े पैमाने पर वन संपदा के खाक होने का अंदेशा है।

ग्रीष्मकाल से पहले ही जंगल आग की चपेट में आ चुके हैं। लगातार जंगलों में धधक रही आग से जंगली जानवरों पर भी खतरा बढ़ गया है वहीं वन संपदा को भी नुकसान होता जा रहा है।मंगलवार को अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटा सिद्धपुर के जंगल को आग ने चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया तथा आग जंगल के बड़े दायरे में फैल गई।

देर शाम तक जंगल से धुएं का गुबार उठता रहा। जंगलों में लगातार आग की घटनाओं बढ़ती ही जा रही है। जंगलों को बचाना वन विभाग के लिए भी चुनौती साबित हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने जंगलों को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने तथा जंगलों को आग के हवाले करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

# फिजिबिलिटी स्टडी के बाद नजफगढ़-फिरनी रोड फ्लाईओवर बनाने का प्लान रद्द

## डीएम ने रिपोर्ट में कहा है कि इस रोड के दोनों तरफ भयंकर अतिक्रमण है, जिसे हटाना एक बड़ी चुनौती है।

● आउटर दिल्ली की प्रमुख सड़क में शामिल है फिरनी रोड

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नजफगढ़ फिरनी रोड पर जाम खत्म करने के लिए जो 4.8 किमी लंबा फ्लाईओवर निर्माण का प्लान था, उसे ड्रॉप कर दिया गया है। फिरनी रोड पर जाम खत्म करने के लिए अब सिर्फ अतिक्रमण हटाया जाएगा, जिससे रोड की चौड़ाई बढ़ाई जा सके। फिजिबिलिटी रिपोर्ट आने के बाद यह फ्लाईओवर प्लान खारिज किया गया है। फिरनी रोड पर फ्लाईओवर निर्माण प्रस्ताव को पिछले साल जनवरी में मंजूरी दी गई थी। प्लान पर मंजूरी के बाद फिजिबिलिटी स्टडी कराई गई, जिसके बाद प्लान ड्रॉप कर दिया गया।

फिरनी रोड पर जाम का प्रभाव कई सड़कों पर




नजफगढ़ फिरनी रोड आउटर दिल्ली की प्रमुख सड़कों में से एक है। रोड की लंबाई महज 730 मीटर ही है, लेकिन इससे आउटर दिल्ली की कई प्रमुख सड़कें जुड़ी हैं। इस छोटे से स्ट्रेच में जाम की वजह से नजफगढ़-बहादुरगढ़ मार्ग, नजफगढ़-ढांसा मार्ग, नजफगढ़-नांगलोई मार्ग, ओल्ड खैरा रोड, नजफगढ़ रोड, गुड़गांव-बजघेड़ा रोड पर हमेशा ही जाम की स्थिति रहती है। इन सड़कों पर जाम खत्म करने के लिए पिछले साल जनवरी में फिरनी रोड पर करीब 4.8 किमी लंबा फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी ने तैयार किया। प्रस्ताव पर पिछले साल जनवरी में मंजूरी भी दे दी गई। साथ ही फिजिबिलिटी स्टडी कराने के लिए भी कहा गया।

### आईं ये अड़चन

फिजिबिलिटी रिपोर्ट में साउथ-वेस्ट दिल्ली के डीएम की रिपोर्ट भी शामिल की गई है। डीएम ने रिपोर्ट में कहा है कि इस रोड के दोनों तरफ भयंकर अतिक्रमण है, जिसे हटाना एक बड़ी चुनौती है। अतिक्रमण पूरी तरह से साफ करने के बाद ही फ्लाईओवर निर्माण संभव होगा। फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने वाली एजेंसी ने सुझाव दिया है कि अतिक्रमण के अलावा इस रोड पर कई प्राइवेट प्रॉपर्टी हैं, जो रोड के खसरे में आ रही हैं। इन प्रॉपर्टी को एक्वॉयर किए बिना फ्लाईओवर निर्माण संभव नहीं होगा। ट्रैफिक पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बसों के चलते नजफगढ़ फिरनी रोड काफी कन्जेस्टेड है। इस रोड पर कई बस डिपो भी बने हैं, जिसके चलते बसें रोड पर ही खड़ी रहती हैं। इन बस डिपो को शिफ्ट किए बना फ्लाईओवर निर्माण संभव नहीं होगा। सिर्फ इतना ही नहीं, दिल्ली गेट नाम का एक पुराना हेरिटेज स्ट्रक्चर है। अगर फ्लाईओवर निर्माण किया जाता है, तो इसके लिए भी एनओसी लेनी होगी।

### यूईआर-1 और यूईआर-2 से ट्रैफिक का दबाव होगा कम

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नजफगढ़ फिरनी रोड के पास से ही अर्बन एक्सटेंशन रोड-1 (यूईआर-1) और यूईआर-2 गुजर रही है। इन दोनों सड़कों के पूरी तरह से चालू होने के बाद नजफगढ़ फिरनी रोड पर फिलहाल जितनी गाड़ियों का दबाव है, भविष्य में वह कम हो जाएगा। इससे ट्रैफिक जाम भी कम होगा। नजफगढ़ फिरनी रोड पर जितना अतिक्रमण है, उसे पूरी तरह से साफ कर रोड की चौड़ाई बढ़ाई जाए, तो जाम से काफी हद तक निजात मिल सकती है।

# दिल्ली में सोलर पॉलिसी लागू होने से होगा लाखो लोगो को फायदा : निर्मल गुप्त

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली वासियों के बिल जीरो आने का रास्ता साफ हो गया है` इस बाबत दिल्ली सोलर पालिसी 2023 लागू कर दी गई है` नई नीति में सौर उर्जा को बढ़ावा देने के लिए उपभोगताओं को उत्पादन आधारित राशि देने सहित कई प्रावधान किया गया है` यह कहना है आर. डब्लू.ए.विवेक विहार के अध्यक्ष निर्मल गुप्ता का कहना है निर्मल गुप्ता ने कहा दिल्ली सरकार के इस कदम से लाखो लोगो को लाभ मिलेगा` निर्मल गुप्ता कहते है पॉलिसी के तहत अपने घरो को छतों पर सोलर पैनल लगाकर अपने बिजली के बिल को जीरो कर सकते हैं इसके अलावा लोग इससे अच्छी खासी कमाई भी कर सकते हैं` निर्मल गुप्ता कहते है इस पॉलिसी के तहत सोलर पैनल लगवाने वालों को चार सौ यूनिट से अधिक बिजली खपत करने पर भी बिजली का बिल जीरो ही रहेगा` इसके अलावा सोलर पैनल लगवाने में आने वाला खर्च अगले चार साल में रिकवर हो जाएगा` उल्लेखनीय है दिल्ली सरकार की उर्जा मंत्री आतिशी नें गत दिनों कहा था हमारा लक्षय 2027 तक दिल्ली में इस्तेमाल होने वाली कुल बिजली में पचास फीसदी बिजली सोलर एनर्जी से लाने की है` पालिसी के तहत सोलर पैनल में जितना पैसा खर्च होगा वो अगले चार साल के अंदर रिकवर हो जाएगा

# सबवे निर्माण के चलते पंजाबी बाग में रिंग रोड दो महीने के लिए रहेगा बंद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

यदि आप दक्षिणी, पूर्वी या उत्तरी दिल्ली से से पश्चिमी दिल्ली में पंजाबी बाग की तरफ से जा रहे हैं तो आपको ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस सबवे के निर्माण के मद्देनजर पंजाबी बाग भारत दर्शन पार्क के पास रिंग रोड के एक हिस्से को कम से कम दो महीने के लिए बंद करने जा रही है। फ्लाईओवर निर्माण और भूमिगत केबलिंग कार्य के साथ सबवे निर्माण के परिणामस्वरूप क्षेत्र में एक बड़ा जाम लग गया है। इससे ट्रैफिक पुलिस को ट्रैफिक जाम को खत्म करने के लिए सड़क बंद करने और डायवर्जन का सहारा लेना पड़ा है। दिल्ली पुलिस ने इस संबंध में ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के अनुसार मोती नगर से आने वाले और पंजाबी बाग चौराहे से वशिष्ठ कुमार गुल्ला मार्ग की ओर जाने वाले ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया है। ट्रैफिक डायवर्जन के लिए रिंग रोड पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। शिव दास पुरी मार्ग, पंजाबी बाग गुरुद्वारे के पास रोड नंबर 41 और ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क के पास भारी ट्रैफिक का अनुमान है। मोती नगर से करमपुरा फ्लाईओवर से भारत दर्शन पार्क की ओर से पंजाबी बाग चौराहे की ओर आने वाले और रिंग रोड तक पहुंचने वाले वाहनों वशिष्ठ कुमार गुल्ला मार्ग लेने की सलाह दी गई है। इसके बाद रोड नंबर 41 पर दाएं मुड़ने फिर ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क पर दाएं मुड़ने के बाद पंजाबी बाग चौराहे की ओर बाएं मुड़ने की सलाह है।

### धौला कुंआ से आने वाले क्या करें?

ट्रैफिक पुलिस ने राजा गार्डन की ओर से आने वाले और पंजाबी बाग चौराहे की ओर जाने वाले यात्रियों को नवनिर्मित फ्लाईओवर लेने की सलाह दी है। धौला कुआं की ओर से आने वाले और जखीरा की ओर जाने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे जखीरा पहुंचने के लिए राजा गार्डन चौक से शिवाजी मार्ग की ओर दाहिनी ओर मुड़ें। वाहन चालकों को भी धैर्य रखने और ट्रैफिक के सुचारू प्रवाह के लिए नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है।

### कब पूरा होगा प्रोजेक्ट

पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग में निर्माण कार्य के कारण गंभीर ट्रैफिक जाम हो रहा है। इससे यात्री और इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र में मेडिकल एक्सेस संबंधी समस्याओं और ट्रैफिक की समस्याओं को कम करने के लिए दो महीने में परियोजना पूरी होने की उम्मीद है।

# बिहार से मेरी बीबी-बच्चे को दिल्ली बुलाओ

● इस मांग को लेकर पेड़ पर चढ़ गया था आधी रात से सख्स

● करीब 11 घंटे तक करता रहा पेड़ पर उछल कूद

● डेढ़ करोड़ की मंगवाई गई फायर ब्रिगेड की गाड़ी

● 30 फूट ऊपर जाकर मुश्किल से उसे नीचे उतारा

● पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बैक साइड का मामला

● पेड़ पर उछल कूद और रेस्क्यू का विडियो आया सामने

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बैक साइड में कंपाउंड के बीच में पीपल के विशाल पेड़ पर अचानक एक शख्स रात में चढ़ गया और ऊपर बंदर की तरह उछल कूद करने लगा। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा,,मेरी बीवी और बच्चे को बुलाओ,,मेरी बीवी बच्चे को बुलाओ,,उसे दिल्ली लेकर आओ तब मैं नीचे उतरूंगा। जैसे-जैसे लोगों को पता चलता गया सुबह में वहां पर लोगों की भीड़ नीचे जमा होने लगी। किसी ने सोमवार सुबह-सुबह इस मामले की सूचना पुलिस को कॉल करके दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम उसे पेड़ से नीचे उतरने की कोशिश करती रही। फिर फायर की टीम को भी बुलाया गया, लगभग 4 घंटे तक मशक्कत के बाद भी जब वह नीचे नही उतरा तो फायर ब्रिगेड की ब्रांटो स्काय लिफ्ट वाली डेढ़ करोड़ महंगी गाड़ी मंगाई गई। जिसमें कई मीटर तक सीढ़ी लगी होती है, जिससे हाई राइज बिल्डिंग में लगी आग को बुझाने के दौरान इस्तेमाल किया जाता है।

मौके पर एसओ सुशील, एसटीओ प्रेमलाल और एडीओ सुमित तहलान की टीम करीब डेढ़ घंटे मशक्कत के बाद उस शख्स को उतारने में किसी तरह कामयाब रही। वह शख्स अपनी डिमांड पूरी किए बिना नीचे उतरने को तैयार नहीं था। वह बार बार एक ही रट लगा रहा था, उसकी पत्नी बच्चे बिहार में है उसे दिल्ली बुलाओ। इस दौरान जब पेड़ पर फायर कर्मी उसके नजदीक पहुंचने लगे तो वह पेड़ की बड़ी सी टहनी तोड़कर उसी से मारने की कोशिश करने लगा। जिससे की फायरकर्मी उसके नजदीक ना पहुंच सके। इस दौरान रेस्क्यू टीम ने पेड़ के नीचे फाइबर की सीट भी बिछा दिया, जिससे कि यदि गलती से टहनी टूट जाए और वह शख्स नीचे गिर जाए तो उसकी जान बचाई जा सके। मंगलवार दोपहर एक बजे के आसपास उस सख्स को बड़ी मशक्कत के बाद नीचे उतर गया। इस दौरान मौके पर पीसीआर के अलावा रेलवे पुलिस और लोकल पुलिस की टीम भी पहुंच गई। उसे नीचे उतारने के बाद उससे आगे की पूछताछ के लिए पुलिस के हवाले कर दिया गया। यह पूरा ड्रामा कल मंगलवार सुबह हुआ था।

# पुलिस का मुखबिर होने के शक में मारपीट कर की थी लूटपाट

● क्राइम ब्रांच को किया गिरफ्तार, पीड़ित दुकान बंद कर लौट रहा था घर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




पुलिस का मुखबिर होने के शक में एक शख्स को निशाना बनाया गया। उसके साथ मारपीट कर लूटपाट की गई। यह घटना गोविंदपुरी इलाके में हुई, जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने इस मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनसे लूटा गया बैग, मोबाइल फोन, पैन कार्ड और चोरी के छह मोबाइल फोन मिले हैं। डीसीपी क्राइम ब्रांच राकेश पावारिया ने बताया एसीपी नरेश सोलंकी और इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया की टीम ने इन तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी राजीव उर्फ पप्पू पेजर, सुनील व बदरपुर निवासी राजेश कुमार शामिल हैं। 24 फरवरी को तुगलकाबाद निवासी आशिम भक्त से गोविंदपुरी इलाके में बदमाशों ने मारपीट कर दस हजार रुपए, दस्तावेज और मोबाइल फोन लूट लिया था। उस वक्त पीड़ित अपनी गारमेंट शॉप बंद कर घर लौट रहा था। उसे बदमाशों ने पुलिस मुखबिर होने के शक में टारगेट किया। घटना के बाद घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर उसके बयान पर डकैती का मुकदमा दर्ज किया गया। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा कृष्णा मार्केट, कालकाजी से सुनील और पप्पू पेजर को पकड़ा। बाद में तीसरे आरोपी राजेश कुमार को भी तेहखंड इलाके से अरेस्ट कर लिया।

आरोपी राजीव गोविंदपुरी का एक शातिर अपराधी है, जो10 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। वर्तमान में वह कालकाजी क्षेत्र में केबल, वाई-फाई और होम डेकोरेशन का व्यवसाय चला रहा है। आरोपी सुनील भी 12 मामलों में शामिल है। वह इलाके में टैक्सी स्टैंड संचालकों, आरटीवी/ग्रामीण सेवा संचालकों, जेबकतरों और चोरों से भी सुरक्षा के लिए रुपए वसूलता था। वह बदमाशों से लिए गए मोबाइल फोन कश्मीर, नेपाल आदि जगहों पर भेजता था। राजेश राठौर के ऊपर भी पच्चीस अपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। वह आरटीवी ग्रामीण सेवा और टैक्सी स्टैंड संचालकों से जबरन रुपए वसूलता था।

# हाई वे के साथ लगे मोबाइल टावर में लगे लाखों कीमत का माइंड चुराते थे

● दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा इनके निशाने पर

● 46 मामलों का खुलासा, 24 लाख का सामान बरामद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



क्राइम ब्रांच की टीम ने एक इंटरेस्टेड गैंग का पदार्फाश किया है, जो हाईवे के साथ लगे मोबाइल टावर में लगे महंगे इक्विपमेंट रेडियो रिमोट यूनिट को चुराते थे। इस गैंग के सरगना पुनीत के सहित उसके तीन और साथियों को पकड़ा गया है। उनकी गिरफ्तारी से 46 मामलों का खुलासा हुआ है। जो दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा और गाजियाबाद में दर्ज थे। इनके पास से 24 लाख कीमत के चार महंगे रेडियो रिमोट यूनिट के अलावा महंगे हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर टूल्स भी बरामद किए गए हैं। जिसका इस्तेमाल रेडियो रिमोट यूनिट को चुराने के काम में ये लोग करते थे। डीसीपी राकेश पावरिया की देखरेख में एसीपी पंकज अरोड़ा, इंस्पेक्टर सुनील की टीम ने इस बड़े मामले का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुनीत कुमार उर्फ बॉम्बे, प्रवीण राणा उर्फ सोनू, सुनीत राणा और सलमान के रूप में हुई है। पुलिस टीम इसे पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इनफॉरमेशन की मदद ली तब जाकर पूरे मामले के बारे में पता चला। फिर उसी आधार पर पुलिस टीम ने छापा मारकर इन्हें पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि प्रवीण, पुनीत और सुमित पहले मोबाइल टावर इंस्टॉल करने वाले कंपनी में काम करते थे। इस दौरान उन्हें इसके बारे में पूरी जानकारी अच्छी से मिल गई। इन्हें पता चला कि रेडियो रिमोट यूनिट की कीमत भी काफी महंगी है और इसे कैसे निकाला भी जा सकता है। फिर इन्होंने इस रेडियो रिमोट यूनिट को खरीदने वाले रिसीवर से भी संपर्क किया और फिर यह सभी मिलकर इस मामले में शामिल हो गए। जो 46 मामले सुलझे हैं, उनमें सबसे ज्यादा 34 दिल्ली के, 6 नोएडा के, तीन फरीदाबाद के, दो गुरुग्राम के और एक गाजियाबाद के शामिल हैं।

# खेलो इंडिया में एल.बी.एस. की छात्रा को तृतीय स्थान




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के योग विभाग की छात्रा प्रिया यादव ने अस्मिता महिला लीग के अन्तर्गत योगासन लीग (राष्ट्रीय स्तर) में तृतीय स्थान प्राप्त करके विश्वविद्यालय एवं अपने गुरुजनों का नाम रोशन किया है। बताते चलें कि खेलों में महिलाओं की उत्कृष्ट भूमिका हेतु खेलो इंडिया महिला लीग को अस्मिता महिला लीग नाम देते हुए खेल मन्त्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शक्तिरूपा महिलाओं को सभी स्तरों पर खेलों में प्रतिभागिता करने हेतु आमन्त्रित किया। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद में स्थित श्रीमद्दयानन्द कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में 8 से 10 मार्च तक आयोजित अस्मित महिला लीग में 29 राज्यों के प्रतिभागियों ने अपने प्रतिभा कौशल का प्रदर्शन किया। जहाँ वरिष्ठ वर्ग में परम्परागत योगासन एवं कनिष्ठ वर्ग में कलात्मक एकल योगासन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने पूरी ऊर्जा के साथ भिन्न-भिन्न योगासनों के अनुसार अपने शरीर को विभिन्न स्वरूपों में आकार देने का प्रयास किया। प्रिया यादव अस्मिता महिला लीग में तृतीय स्थान प्राप्त करके थोड़ा निराश दिखी, बात करने पर उन्होंने बताया कि मैं इस स्थान से सन्तुष्ट नहीं हूँ। अग्रिम वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए अभी से तैयारी करूंगी। प्रिया यादव ने इस उपलब्धि हेतु अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया है।

# सिविल लाइंस के ट्रांसपोर्ट ऑफिस में लगी बीती रात आग

## हॉल में कई कंप्यूटर और डॉक्यूमेंट जलकर राख

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में स्थित ट्रांसपोर्ट ऑफिस में बीती रात अचानक आग लग गई। फायर कंट्रोल रूम को मामले की सूचना मिली, मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशनों से आग बुझाने वाली कई गाड़ियों को भेजा गया। मौके पर फायर की टीम पहुंची तो देखा कि ग्राउंड फ्लोर के हॉल वाले बड़े से रूम में आग लगी हुई है। जिसके अंदर कई कंप्यूटर डॉक्यूमेंट रखे हुए थे जो आग की चपेट में आ चुके थे। मौके पर पहुंचे फायर ऑफिसर एडीओ सुमित तहलान, एसटीओ विजय दहिया, एसओ सुशील और राजेश की टीम ने ग्राउंड फ्लोर पर लगी आग को बुझाने की शुरूआत की और काफी देर बाद आग पर काबू पाया गया। इस आग की चपेट में आने के कारण ग्राउंड फ्लोर के हॉल वाले कमरे में रखे कंप्यूटर जल गए और डॉक्यूमेंट भी चपेट में आ गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस हादसे में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ है। रात 8:00 बजे की आसपास फायर कंट्रोल रूम को इसकी सूचना मिली थी।

# शातिर लुटेरा से आधा दर्जन मोबाईल बरामद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




साउथ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने सड़क पर सरेआम मोबाइल लूटने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से छह मोबाइल बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार बदमाश की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई है। यह लाडो सराय गांव का रहने वाला है। यह ड्रग एडिक्ट है और इस पर पहले से भी साकेत थाने में मामला दर्ज है। इसकी गिरफ्तारी से महरौली, चितरंजन पार्क, मालवीय नगर, लोधी कॉलोनी और तिगड़ी थाना के 6 मामलों का खुलासा किया गया है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि इंस्पेक्टर धीरज महलावत, एसआई दयानंद की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से वारदात वाली जगह से पता लगाना शुरू किया था। फिर इस मामले में आगे छानबीन करती हुई पुलिस टीम इस बदमाश तक पहुंची। जब यह मेहरौली बदरपुर रोड पर पहुंचा था और इसकी तलाशी ली गई तो इसके पास से छह मोबाइल बरामद किए गए। जो अलग-अलग थाना इलाकों से लूटे गए थे और चुराए गए थे।

# गंगा आरती की तर्ज पर यमुना आरती का शुभारंभ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अथक प्रयास से मां यमुना स्वच्छता अभियान के द्वारा यमुना घाटो की साफ सफाई और यमुना तीरे बनाए गए भव्य वासुदेव घाट पर अब सप्ताह में दो बार मां यमुना आरती का भव्य आयोजन बडी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल द्वारा संचालित किया जाएगा। सभा के प्रधान संजय सिंघल ने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया गया,कि सप्ताह में दो बार (रविवार और मंगलवार) को वासुदेव घाट पर परंपरागत रूप से मां यमुना जी की आरती की जाएगी। सभा के महासचिव सुमन कुमार गुप्ता ने बताया, मां यमुना की साफ सफाई और पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा, जिससे की यमुना के स्वरूप को विशाल रुप दिया जा सके। श्री गुप्ता ने कहा,कि सभा द्वारा जारी निर्णय के अनुसार सूर्य अस्तांचल के समय पर ब्राह्मण पुजारियों के माध्यम से मां यमुना का पूजन और आरती की जाएगी। उन्होंने कहा कि यमुना प्रेमी इस कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। आरती की शुरूआत के अवसर पर भारी संख्या में यमुना भक्त वासुदेव घाट पर एकत्रित हुए और पुष्पवर्षा कर मां यमुना का आशीर्वाद लिया।

### 6 साल पुराने मामले में भगोड़ा दंपती को किया गिरफ्तार

द्वारका जिला के जेल बेल सेल की टीम ने दो भगोड़ा को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान रमेश और चंदा देवी के रूप में हुई है। यह दोनों नोएडा के रहने वाले हैं। और पति पत्नी हैं। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि लगभग 6 साल पहले इनके खिलाफ 2018 में छावला थाना में दर्ज हुए मामले में द्वारका कोर्ट ने इन्हें पिछले साल भगोड़ा घोषित कर दिया था। इसे पकड़ने के लिए पुलिस टीम इनके लोकेशन के बारे में लगातार पता लगा रही थी। पुलिस के अनुसार ये अपना ठिकाना बदलकर पुलिस से बच रहे थे। इंस्पेक्टर सुभाष चंद, लेडी हेड कांस्टेबल पूनम और कांस्टेबल कुलवंत की टीम ने जानकारी इकट्ठा करने के बाद इन्हें नोएडा सेक्टर 22 में छापा मारकर गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश करने के बाद इन दोनों को तिहाड़ जेल भेज दिया गया है।

### पंजाबी बाग में 2200 क्वार्टर बरामद, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पंजाबी बाग थाना के मादीपुर पुलिस चौकी की टीम ने शराब तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। इस मामले में एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान आलम के रूप में हुई है। वह टिकरी कला इलाके का रहने वाला है। उसके पास से 2200 क्वार्टर शराब का बरामद किया गया है। साथ ही इसमें इस्तेमाल इ रिक्शा को भी पुलिस ने जप्त किया है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया की एसएचओ देवेंद्र ओबेरॉय की देखरेख में चौकी इंचार्ज दीपक शर्मा की टीम ने रोड नंबर 29 पर इस ई रिक्शा को ट्रैक किया था। जिस पर कुछ सामान संदिग्ध हालत में भरकर ले जाया जा रहा था रघुवीर नगर की तरफ। पुलिस ने जब छानबीन किया तो शराब की 44 पेटियां बरामद की गई। जिसमें 2200 क्वार्टर मिले। आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत पंजाबी बाग थाना में मामला दर्ज किया गया। शराब और ई रिक्शा दोनों को जप्त कर लिया गया है।

# अवैध पार्किंग सुविधाओं के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई: दिल्ली महापौर





नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने बुधवार को कहा कि नगर निगम बिना अनुमति के चल रही सभी पार्किंग सुविधाओं के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ओबेरॉय ने 403 पार्किंग स्थलों की एक सूची जारी की, जो दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के तहत 12 क्षेत्रों में अधिकृत हैं।

उन्होंने कहा, हमने अब अधिकृत पार्किंग सुविधाओं की एक व्यापक सूची जारी की है। इस सूची से बाहर की किसी भी पार्किंग को अवैध माना जाएगा और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। ओबेरॉय ने कहा, पार्किंग राजधानी में निवासियों और परिवहन दोनों को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है। पिछले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन के दौरान पूरी राजधानी में अवैध पार्किंग सुविधाएं बढ़ गईं।महापौर ने जनता के लिए अनधिकृत पार्किंग गतिविधियों की शिकायतकरने के लिए समर्पित एक ईमेल की भी घोषणा की।

# नकली मिठाइयां बेचने वालों की खैर नहीं, हर जिले में तैनात की गई है टीम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



होली में नकली मिठाई बनाने वालों के खिलाफ दिल्ली फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट शिकंजा कसने जा रहा है। प्रत्येक जिले में नकली खोवा और नकली दूध से बनी मिठाई की जांच के लिए अधिकारियों की टीम गठित कर ली गई है, जो हर रोज दुकानों में जाकर सैंपल लेंगी।

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की कमिश्नर नेहा बंसल ने बताया कि होली में मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए टीम तैयार है। जांच अभियान शुरू कर दिया गया है। सभी 11 जिलों में अधिकारियों की टीमों को निर्देश दिया गया है कि वह प्रत्येक जिले से 10 सैंपल लेकर रोज जांच के लिए भेजें। सूत्रों के मुताबिक, इस बार नकली दूध से बनी मिठाइयों पर सबसे ज्यादा फोकस है। क्योंकि सबसे ज्यादा शिकायत नकली दूध से बनी मिठाई और खोवा की आती है।

यहां करें शिकायत

शहर में कहीं भी नकली मिठाई बनाई जा रही है या एक्सपायरी मिठाई बेची जा रही है, तो लोग फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के हेल्पलाइन नंबर 1800113921 पर शिकायत कर सकते हैं। तत्काल दुकानदार के खिलाफ विभाग एक्शन लेगा। शहर में खाने की चीजों की जांच के लिए तीन वैन भी चलाई जा रही हैं। इनमें चावल से लेकर आटा, मैदा, तेल, दूध समेत कई चीजों की जांच की जा रही हैं।

**दिल, लिवर, लंग्स पर पड़ता है असर**

मेदांता ग्रुप के डॉ. लोकेंद्र गुप्ता ने बताया कि होली के मौके पर नकली दूध और नकली चांदी वर्क के नाम पर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जाता है। नकली मिठाई लोगों के दिल, लिवर और लंग्स को प्रभावित करती है। इसके अलावा खाने वाली चीजों में केमिकल डालने के चलते देश में कैंसर बढ़ रहा है। लोगों से अपील की गई है कि वे रंगीन मिठाइयों से परहेज करें।

**खोवा :** छोटे बर्तन में खोवे का सैंपल लेकर पानी में उबालें। इसे उबालने के बाद ठंडा होने के लिए छोड़ दें। जब यह ठंडा हो जाए, तो उसमें आयोडीन टिंचर मिलाए। अगर सैंपल का रंग नीला हो जाता है, तो यह खोवा मिलावट वाला है।

चांदी वर्क मिठाई : एक्सपर्ट के मुताबिक, चमकीले या फिर ज्यादा कलर वाली मिठाइयां खरीदने से बचें। इसके अलावा जिन मिठाइयों पर चांदी का वर्क हैं। उनकी पहचान के लिए चांदी के वर्क को हथेली पर रखकर रगड़ें। अगर यह रगड़ते वक्त खत्म हो जाता है तो यह शुद्ध है। अगर रगड़ते वक्त इसका गोला बन जाता है तो यह नकली है।

### नीट पीजी-2024 की परीक्षा 23 जून को होंगी

नई दिल्ली। देश में 23 जून को नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट-पीजी की परीक्षा 23 जून को आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने बुधवार को परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया। कार्यक्रम के मुताबिक नीट-पीजी की परीक्षा 23 जून 2024 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के नतीजे 15 जुलाई तक घोषित किए जाएंगे। काउंसलिंग 5 अगस्त से 15 अक्टूबर तक चलेंगी। शैक्षणिक सत्र 16 सितंबर से शुरू होंगे। परीक्षा पास करने वाले छात्रों के लिए दाखिला लेने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर 2024 होगी। आयोग ने बताया कि नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज के साथ मेडिकल काउंसलिंग कमेटी, हेल्थ साइंस के महानिदेशक और पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड के साथ बैठक के


भारतीय रेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं.: आरएस (पोल)/58/0501/5/2024 — नई दिल्ली, दिनांक 19/03/2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से कार्यपालक निदेशक, रेल भंडार (आर.एस.), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड), भारत सरकार नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित करते हैं.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा सं. | 2024 460 आरआर टीसी |
| 2 | कार्य का नाम:- नए, ठोस तथा गैर-प्रत्यावर्तय स्टील ड्रमों में पैक्ड 210/208 लीटर शुद्ध मैसर्स आईओसीएल का गियर केस ऑयल, सर्वो सिनगियर 460 आरआर अथवा मैसर्स एक्सोन मोबिल का मोबिल एस एच सी 634. | |
| 3 | अनुमानित मात्रा लीटर में | 270632 लीटर |
| 4 | बयाना | 20 लाख रु. |
| 5 | ई-निविदा को जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय | 09.04.2024 को 14.30 बजे |
| 6 | पूर्ण ब्यौरों और आगे के शुद्धिपत्र के लिए तथा ई-निविदा के लिए वेबसाइट | http://www.ireps.gov.in |
| 7 | आबंटन शीर्ष | अनुदान 01 |

881/2024

(स. के. वर्मा)
निदेशक, रेल भंडार (एम),
रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली,

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरूवार,21 मार्च, 2024

# 18 मिनट में 16 किमी. की दूरी तय कर ट्रैफिक पुलिस ने कैडवेरिक लिवर पहुंचाकर बचाई जिंदगी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को ग्रीन कॉरिडोर बनाया। ट्रैफिक पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर बनवाकर 18 मिनट में दिल्ली एयरपोर्ट से द्वारका के एक प्राइवेट अस्पताल तक लीवर पहुंचाया। चंडीगढ़ से फ्लाइट द्वारा दिल्ली एयरपोर्ट पर लाए गए लिवर को रात के 1:30 बजे ट्रैफिक पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अस्पताल पहुंचाया। इससे मरीज में सही समय पर लिवर का प्रत्यारोपण कर डॉक्टरों द्वारा उसे नई जिंदगी दी गई।

दरअसल, द्वारका स्थित अस्पताल में एक मरीज अपनी जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा था, जिसे लिवर की जरूरत थी। तमाम कोशिशों के बाद डॉक्टरों ने चंडीगढ़ के एक अस्पताल में स्थित मृत मरीज के परिजनों से लिवर को डोनेट कराया। लिवर डोनेट होने के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती थी इस लिवर को चंडीगढ़ से दिल्ली एयरपोर्ट और फिर दिल्ली एयरपोर्ट से समय पर अस्पताल में पहुंचा कर प्रत्यारोपित कराने की। इस चुनौती को देखते हुए द्वारका के एक अस्पताल के डिप्टी मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. अजीत पाल सिंह ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस से अनुरोध किया कि वह एयरपोर्ट से लिवर को अस्पताल पहुंचाने में उनकी मदद करें।

ट्रैफिक पुलिस ने मानव सेवा के इस काम को प्राथमिकता देते हुए तुरंत कार्रवाई की और डीसीपी नई दिल्ली रेंज प्रशांत गौतम के निर्देशन में यह कार्य पूरा किया गया। डॉटर ने अनुरोध किया था कि यह एक नाजुक मुद्दा है और समय-समय पर संशोधित मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार इसे सुरक्षित और सावधानीपूर्वक संभालने की आवश्यकता होगी। अंग की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, इसे लगभग 15 किलोग्राम वजन और 37271.5 फीट आकार के एक सीलबंद बक्से में विधिवत संरक्षित करके ले जाया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जा सकता है कि अंग एक्स-रे के संपर्क में न आए। द्वारका के एक अस्पताल के अनुरोध प्राप्त होने पर यातायात पुलिस जोन दो के विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने नई दिल्ली रेंज के डीसीपी ट्रैफिक प्रशांत गौतम को टर्मिनल 2, आईजीआईए से द्वारका तक लिवर के परिवहन में हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। इसके बाद टीआई आईजीआईए और टीआई दिल्ली कैंट के साथ तुरंत एक बैठक बुलाई गई। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को आईजीआई हवाई अड्डे से द्वारका के एक अस्पताल तक कैडवेरिक ऑर्गन (लिवर) के परिवहन के लिए एक ग्रीन कॉरिडोर तैयार करने के बारे में निर्देशित किया गया। इसके बाद एयरपोर्ट से अस्पताल तक लगभग 16 किमी के ग्रीन कॉरिडोर की योजना बनाई गई और कैडवेरिक ऑर्गन (लिवर) ले जाने वाली एम्बुलेंस के सुचारू और तेज परिवहन के लिए कॉरिडोर पर लगभग 35 यातायात कर्मचारी तैनात किए गए।

इस दौरान कुल 16 किमी की दूरी केवल 18 मिनट में तय की गई। लिवर को सुरक्षित और समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। मरीज के डॉक्टरों और परिवार ने टर्मिनल 2, आईजीआईए से द्वारका तक लिवर के परिवहन के लिए ग्रीन कॉरिडोर प्रदान करने में समय पर मदद करने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि साल 2023 के दौरान दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कुल 24 ग्रीन कॉरिडोर उपलब्ध कराए हैं और चालू वर्ष के दौरान अब तक कुल 08 ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए हैं।

## घर के बाहर खड़ा होने से मना किया तो पीटा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

न्यू उस्मानपुर के गौतमपुरी इलाके में शुक्रवार को घर के बाहर खड़ा होने से मना करने पर कुछ लोगों ने युवक को बुरी तरह पीट दिया। उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पीड़ित 20 वर्षीय साहिल उर्फ रजाक खान गौतमपुरी में परिवार के साथ रहता है। गत शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे उसके घर के बाहर एक युवक खड़ा था। वह पिछले 3-4 दिन से उनके घर के पास आकर खड़ा हो रहा था। इसके चलते उन्होंने उससे वहां खड़े होने का कारण पूछा तो आरोपी झगड़ा करते हुए हाथापाई पर उतर आया। थोड़ी ही देर में उसने कुछ लोगों को कॉल कर बुला लिया। इसी दौरान पीड़ित अपनी स्कूटी लेकर नमाज के लिए जाने लगा तो आरोपियों ने मिलकर उसे रोक लिया और मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उस पर धारधार हथियार से हमला कर दिया। इससे पीड़ित के हाथ और पेट में काफी चोटें आईं। इसके बाद पीसीआर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। लोगों के जमा होने पर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित के पिता उसे जेपीसी अस्पताल ले गए। वहां उसका उपचार कराया गया।

# जल बोर्ड के लिए पारित 3000 करोड़ रुपये जारी करने की मांग पर 1 अप्रैल को होगी सुनवाई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार को यह भरोसा दिया है कि यदि अदालत का फैसला उसके पक्ष में आता है तो दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को दी जाने वाली 3,000 करोड़ रुपये की धनराशि 31 मार्च को व्यपगत यानी लैप्स हो जाने के बाद भी, इसे जारी करने का आदेश दे सकता है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी केंद्र सरकार को दिल्ली जल बोर्ड के लिए विधानसभा से पारित 3000 करोड़ रुपये का धन राशि जारी करने के लिए केंद्र को आदेश देने की मांग को लेकर दिल्ली सरकार की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई 1 अप्रैल तय करते हुए यह टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एम. सिंघवी ने ने मामले का उल्लेख करते हुए, इस पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता देने की मांग की। उन्होंने पीठ को बताया कि मामले की सुनवाई 1 अप्रैल तय की गई है, लेकिन याचिका पर इससे पहले सुनवाई की जरूरत है क्योंकि दिल्ली जल बोर्ड को दी जाने वाली 3000 करोड़ रुपये की धनराशि 31 मार्च को खत्म हो जाएगी। इस पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि मामले की सुनवाई 1 अप्रैल को ही होगी। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि पीठ से 21 मार्च को की सुनवाई करने के अपने आग्रह पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में बजट पारित किया गया। दिल्ली जल बोर्ड के मंत्री के निर्देश के बाद भी अभी तक बजट का रकम जल बोर्ड को नहीं दिया गया है और 31 मार्च को यह रकम लैप्स हो जाएगा। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश कहा कि हम मामले की सुनवाई 1 अप्रैल को करेंगे। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने ह्यदिल्ली सरकार को भरोसा दिया कि यदि यह अदालत याचिकाकर्ता सरकार के फैसला सुनाती है तो व्यपगत निधि को वापस कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज और सुनवाई के दिन के बीच होने वाले किसी भी घटनाक्रम पर रोक लगा दी जाएगी। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि यहां तक कि यदि हम मामले की सुनवाई 1 अप्रैल को भी करते हैं, तो हम हमेशा इसे उलटने का निर्देश दे सकते हैं, यह हमारे लिए केवल एक वित्तीय प्रविष्टि है.. आज और सुनवाई के बीच जो कुछ भी होगा, उसका ध्यान न्यायालय द्वारा रखा जा सकता है। पिछले साल नवंबर में दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया था कि मुख्य सचिव नरेश कुमार के निर्देश पर वित्त विभाग ने जल बोर्ड का फंड रोक दिया था। उन्होंने कहा था कि यदि फंड जारी नहीं किया गया तो दिल्ली में गंभीर जल संकट पैदा हो जाएगा। इस मसले को लेकर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर जल बोर्ड को विधानसभा से पारित रकम जारी करने का आदेश देने की मांग की थी।

# प्रगति मैदान सुरंग मरम्मत के लिए 18 अप्रैल तक रात के दौरान बंद रहेगी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

प्रगति मैदान सुरंग मरम्मत और रखरखाव कार्य के कारण 18 अप्रैल तक रात के दौरान बंद रहेगी। दिल्ली यातायात पुलिस ने एक परामर्श में यह जानकारी दी। परामर्श में कहा गया है कि सुरंग 24 मार्च, 31 मार्च और सात अप्रैल को पूरे दिन बंद रहेगी। इसमें कहा गया है प्रगति मैदान की सुरंग की मरम्मत और रखरखाव का काम लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के आईटीपीओ (इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन) परियोजना प्रभाग द्वारा किया जा रहा है। इस वजह से सुरंग रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक बंद रहेगी। यह व्यवस्था 18 अप्रैल तक रहेगी। इसके अलावा सुरंग 24 मार्च, 31 मार्च और सात अप्रैल (तीनों रविवार) को पूरे दिन बंद रहेगी। परामर्श में यात्रियों को इस दौरान अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी गई है। इसमें कहा गया है कि रिंग रोड, भैरों रोड और मथुरा रोड को वैकल्पिक मार्गों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। परामर्श में यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि यदि संभव हो तो उपरोक्त सड़कों पर जाने से बचें और सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग करें। इसमें कहा गया है ह्यजो लोग अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) या रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डे की ओर जा रहे हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे पर्याप्त समय के साथ सावधानीपूर्वक अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

# रोहतास नगर में आयोजित की गई महिलाओं की बैठक




नारी शक्ति को मेरा प्रणाम के तहत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा महिलाओं के लिए पांच गारंटी योजना लेकर के आए हैं। राहुल गांधी ने कहा, केंद्र में हमारी सरकार बनते ही महिलाओं को महालक्ष्मी योजना के तहत सबसे गरीब महिला परिवारों में एक महिला को प्रतिवर्ष 1 लख रुपए दिए जाएंगे। आधी आबादी को पूरा हक दिलाने के लिए केंद्र सरकार में सभी नई भर्तियों में आधा हिस्सा महिलाओं का होगा, आशा वर्कर आंगनवाड़ी और मिड डे मील बनाने वाली महिलाओं का वेतन दोगुना होगा, सभी पंचायत में एक मैत्री की नियुक्ति की गारंटी, सावित्रीबाई फुले छात्रावास कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की संख्या दोगुनी, सभी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना कांग्रेस पार्टी का कार्य सभी महिलाओं के लिए समृद्धि के द्वार खोलेगी। इस अवसर पर विद्या देवी, कुसुम सरोज देवी, निशा देवी, राजबाला, कमलावती, कमलेश देवी, बाला देवी, अंजू देवी, बबली, निर्मला, हीरामती सोनी, संगीता, निराशा देवी, रीमा, सीमा, बिमला, निर्मला, अर्चना शर्मा, केला देवी, रतन देवी, आशा देवी, सावित्री, संगीता, बबीता, अनीता, वंदना शर्मा, प्रिया शर्मा आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। सभी महिलाओं को ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश पंचाल ने समझाया सभी महिलाओं ने कहा, हम आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताएंगे मुकेश पंचाल ने कहा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली द्वारा जो भी कार्य हमें मिलेगा हम करते रहेंगे मुकेश पंचाल ने उत्तरी पूर्वी लोकसभा इंचार्ज रविंद्र कुमार वर्मा का धन्यवाद किया जिन्होंने इस मीटिंग को करने के लिए सभी ब्लॉक अध्यक्ष को कहा कार्यक्रम के उपरांत सभी महिलाओं में को फल वितरण किए गए मुकेश पंचाल ने सभी का आभार प्रकट किया और कहां हम हमेशा महिलाओं का सम्मान करते रहेंगे।

# कांग्रेस सभी विधानसभाओं में बड़ी बैठक कर चुनाव अभियान चलाएगी : लवली




आगामी संसदीय चुनाव में दिल्ली की सभी लोकसभा सीटों पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए आज दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने जिला अध्यक्षों और जिला आर्ब्जवर की बैठक बुलाई जिसमें सभी जिलों में कम से कम 20 कार्यकर्ता चिन्हित करे जो 5-5 कार्यकताओं को जिम्मेदारी दे कि वो बूथ स्तर तक लोगों से बातचीत करके क्या करना चाहिए और भाजपा सरकार और उसके सांसदों की नाकामियों को लोगों तक पहुचाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि जिन लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी लड़ेंगें वहां प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में 10-20 जनता के महत्वपूर्ण समस्याओं की जानकारी एकत्रित कर और उसका पम्पलेट आदि बना जनता के बीच लेकर जाना है ताकि हम अपनी बात लोगों तक पहुंचा सकें। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री लवली के साथ पूर्व मंत्री हारुन युसूफ, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, कुंवर करण सिंह, वरिष्ठ नेता चतर सिंह, जितेन्द्र कुमार कोचर, अमित मलिक, जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद, आदेश भारद्वाज, वीरेंद्र कसाना, गुरचरण सिंह राजू, दिनेश कुमार एडवोकेट, राजेश चौहान, विष्णु स्वरुप अग्रवाल, धर्मपाल चंदेला, सुखबीर शर्मा, मिर्जा जावेद अली, मनोज यादव, जिला आर्ब्जवर परमिंदर शर्मा, जगजीवन शर्मा, हरनाम सिंह, खविन्दर कैप्टन, जय किशन शर्मा, सुखबीर शर्मा, राजकुमार इंदोरिया, राजेश गर्ग, हिदायतुल्लाह मौजूद थे। श्री लवली ने सभी जिला अध्यक्षों को कहा कि प्रत्येक लोकसभा में अपने-अपने जिला मं् एक बड़ी बैठक बुला कर प्रत्येक विधानसभा में भी इंडिया गठबंदन के लोकसभा उम्मीदवारों के पक्ष में बैठक बुलानी है। 10-15 लोग प्रतिदिन लोगों से मिलकर उनसे पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसदों ने क्या-क्या किया है और उस दौरान लोगों की क्या समस्याऐं रही उसकी जानकारी लेकर जनता के बीच पहुॅचानी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ वे स्वयं इन बैठकों में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में लोगों को एकजुट करना होगा क्योंकि लोकसभा चुनावों के बाद आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जमीन तैयार करनी है। श्री लवली ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि भाजपा सांसदों ने जिन गांवों को गोद लिया था, वहां कार्यकताओं को भेजकर उन गांवों के हालात, टूटी सड़कों, गंदगी, नालियों व भाजपा सांसदों द्वारा की गई गावो की उपेक्षा का वीडियां बनाकर लोगों से भी भाजपा सांसदों के काम की जानकारी लें ताकि उनकी नाकामियों को उजागर कर सकें।

# बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर-पूर्वी जिले की साइबर थाना पुलिस ने झारखंड के जामताड़ा से एक जालसाज को गिरफ्तार किया। इसकी पहचान जामताड़ा के भागाबांध गांव निवासी 29 वर्षीय कलीम अंसारी के रूप में हुई। इस पर बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने का आरोप है। पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि न्यू उस्मानपुर निवासी राजेंद्र सिंह ने 3.08 लाख की ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि कुछ लोगों ने उनसे कॉल पर संपर्क किया और खुद को एसबीआई का अधिकारी बताया। इसके चलते वह झांसे में आ गए और बैंक इत्यादि से संबंधित सारी जानकारी आरोपियों को दे दी। इसके बाद उनके खाते से रुपये कट गए। जांच में पता चला कि ठगी की राशि दो बैंक खातों में भेजी गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल और झारखंड के जामताड़ा में एटीएम से रुपये निकाले गए। पुलिस ने जामताड़ा के नारायणपुर से आरोपी कलीम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह ताजमुल अंसारी, कन्हैया मंडल, बीरबल मंडल और नाजिर अंसारी की मदद से ठगी की वारदात को अंजाम देता था। आरोपी के साथियों को झारखंड पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से तीन मोबाइल, सात सिम कार्ड, दो वाई-फाई डोंगल, एक बाइक बरामद हुई। इस दौरान कलीम बचकर फरार हो गया था।

## कबूतरबाजी में छह साल से फरार एजेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली। एयरपोर्ट पुलिस ने मंगलवार को कबूतरबाजी के मामले में छह साल से फरार चल रहे एजेंट गुलाम मिस्त्री को मुंबई से गिरफ्तार किया। आरोपी मुंबई से ओमान भागने की तैयारी में था। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार, 12 जुलाई 2018 को पश्चिम बंगाल निवासी हशिबुल को यूएई से डिपोर्ट कर आईजीआई एयरपोर्ट भेजा गया था। 11 जुलाई को वह टूरिस्ट वीजा पर गया था। दस्तावेज फर्जी होने की वजह से उसे डिपोर्ट कर दिया गया। इस बाबत मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी ने पुलिस को बताया था कि गुलाम मिस्त्री और कंवर पाल नामक एजेंट ने एक लाख रुपये लेकर वीजा दिया था। इस मामले में सितंबर 2020 में पुलिस ने कंवर पाल को हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन गुलाम छह वर्षों से फरार चल रहा था।

# आस एक विश्वास द्वारा होली का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली। आस एक विश्वास द्वारा होली के पावन पर्व पर मियांवाली नगर में रंगारंग रंग उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया थे। जिन्होंने कार्यक्रम में शिरकत कर सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए आने वाले चुनाव में उन्हें व मोदी जी को 400 से ज्यादा सीट जिताने की अपील की। संस्था की संस्थापक सदस्या व निगम पार्षद मोनिका गोयल ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में इतनी अधिक संख्या में आए हुए अतिथियों व लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया तथा कहा कि योगेंद्र चंदोलिया जी को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। कार्यक्रम में योगेंद्र चंदोलिया ने फूलों की होली व लठमार होली भी खेली। चंदोलिया जी का फूल माला, चंदन का टीका व भगवान श्री राम की तस्वीर देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए मेहमानों को चंदन का टीका व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। मेहमानों के लिए होली के शुभ अवसर पर ठंडाई, वेलकम ड्रिंक के अलावा म्यूजिकल कार्यक्रम के साथ-साथ स्वादिष्ट भोजन का भी प्रबंध किया गया था। कार्यक्रम में योगेन्द्र चंदोलिया (लोकसभा प्रत्याशी) एवं मोनिका गोयल (निगम पार्षद) के अलावा रविन्द्र शर्मा (प्रभारी नांगलोई विधानसभा), रेखा अग्रवाल (संरक्षक), सुमन गुप्ता (संरक्षक), सुनिल कुमार गोयल, अनिल गर्ग, नरेन्द्र गर्ग, पवन सिघला, सुभाष किठानिया, ज्ञान धमीजा, थान सिंह यादव, पुरुषोत्तम कालरा, मिनाक्षी, रेखा गुप्ता, कमल, तेजराम गोयल (मंडल महामंत्री), संदीप ढ़िंगरा (मंडल उपाध्यक्ष), तेजराम सिंघल, सरिका मित्तल, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## छह साल पुराने मामले में भगोड़े दंपती गिरफ्तार

नई दिल्ली । द्वारका जिला के जेल बेल सेल की टीम ने दो भगोड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान रमेश और चंदा देवी के रूप में हुई है। यह दोनों नोएडा के रहने वाले हैं। और पति पत्नी हैं। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि लगभग 6 साल पहले इनके खिलाफ 2018 में छावला थाना में दर्ज हुए मामले में द्वारका कोर्ट ने इन्हें पिछले साल भगोड़ा घोषित कर दिया था। इसे पकड़ने के लिए पुलिस टीम इनके लोकेशन के बारे में लगातार पता लगा रही थी। पुलिस के अनुसार ये अपना ठिकाना बदलकर पुलिस से बच रहे थे। इंस्पेक्टर सुभाष चंद की टीम ने जानकारी इकट्ठा करने के बाद इन्हें नोएडा सेक्टर 22 में छापा मारकर गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश करने के बाद इन दोनों को तिहाड़ जेल भेज दिया गया है।

# नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी विकसित और सशक्त भारत की दिशा को गति देगी : प्रवीन खंडेलवाल

## चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार ने महिला पार्टी कार्यकताओं से कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



यह दोहराते हुए कि नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी निस्संदेह एक विकसित और सशक्त भारत को प्राप्त करने की दिशा में यात्रा को गति देगी, चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि लखपति दीदी योजना पूरे देश में महिलाओं को सशक्त बना रही है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं विकसित भारत की मजबूत कड़ी हैं।

खंडेलवाल (बुधवार, 20 मार्च) अशोक विहार फेज 2 में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। पार्टी के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान करते हुए खंडेलवाल ने कहा, अब समय आ गया है कि हम पार्टी के लिए नहीं बल्कि अपने निर्वाचन क्षेत्र और देश के लिए भी कड़ी मेहनत करें ताकि विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। नारी शक्ति और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए खंडेलवाल ने कहा, नमो ड्रोन दीदियां नवाचार, उपयुक्तता और आत्मनिर्भरता की चैंपियन हैं। सरकार महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए ड्रोन की शक्ति का लाभ उठा रही है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदियों की उनके नवाचार, उपयुक्तता और आत्मनिर्भरता के लिए प्रशंसा की, लेकिन यह भी कहा कि केवल नारेबाजी से महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए देश के हर हिस्से में जागरूकता अभियान तेज करने की जरूरत है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र की भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान, खंडेलवाल ने उनकी शिकायतों को ध्यान से सुना और उनकी शिकायतों को कम करने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

अपनी शुभकामनाएँ देते हुए और उनमें आत्मविश्वास भरते हुए, प्रवीन खंडेलवाल ने कहा, हम नारी शक्ति की ताकत, साहस और लचीलेपन को सलाम करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हैं। हम शिक्षा, उद्यमिता, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पिछले कुछ वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों में भी परिलक्षित होता है।

खंडेलवाल ने आज की डिजिटल दुनिया में महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता के महत्वपूर्ण महत्व और व्यक्तिगत वित्त के प्रबंधन में ज्ञान, लचीलापन, संप्रभुता और समृद्धि के गुणों पर भी जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को आधुनिक वित्त के लिए खुद को ज्ञान और कौशल से लैस करने, अपनी वित्तीय शक्ति को पहचानने और साइबर खतरों के खिलाफ सतर्कता के साथ डिजिटल परिदृश्य को नेविगेट करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि वित्तीय साक्षरता महज संख्यात्मक समझ से परे है; यह सुरक्षित वित्तीय भविष्य के लिए सूचित निर्णय लेने को सशक्त बनाने के बारे में है। महिलाओं को सशक्त बनाने में वित्तीय शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका और सामाजिक उन्नति के उत्प्रेरक के रूप में इसके महत्व को पहचानते हुए, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य डिजिटल युग के लिए वित्तीय साक्षरता को संबोधित करना और अनुकूलित करना है, इसके अवसरों और चुनौतियों दोनों पर ध्यान केंद्रित करना है। नोडी सरकार ने उनकी क्षमता निर्माण के लिए कई पहल की हैं। यह भारत में महिला वित्तीय साक्षरता स्तर को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण व्यक्तिगत, घरेलू और व्यापक सामाजिक कल्याण के लिए महिलाओं की वित्तीय साक्षरता बढ़ाने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है। लोकप्रिय नारे अबकी बार, 400 पार पर जोर देते हुए, खंडेलवाल ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत में महिलाओं के बीच वित्तीय साक्षरता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो समग्र आर्थिक विकास और वित्तीय समृद्धि को प्रोत्साहित करने के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप है। उन्होंने आगे कहा, हमारी सरकार और पार्टी महिलाओं की उपलब्धियों और लैंगिक समानता और महिला अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में उनके प्रयासों को मान्यता देती है। यह प्रतिज्ञा लेने और महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने और उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों में सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर देने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# जिला कोर्ट में अधिवक्ता परिषद संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली जिला क्षेत्र के जिला कोर्ट पटियाला हाउस कोर्ट परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल प्रांगण में भव्य अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान समारोह, विचार संगोष्ठी, सभा आयोजित की गई जिसमें समाज में अलग अलग संस्थाओं में, प्रशासनिक एवं अन्य विधिक संस्थाओं में, साथ ही स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत महिलाओं ने शामिल होकर अपनी भूमिका निभाई साथ ही एम्पावर्ड वूमेन : सिंबल ऑफ स्ट्रांग नेशन विषय पर सभा बैठक आयोजित हुई। आरएमएल हॉस्पिटल डॉ. शुबानी मेहरा ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंच से अपने विचार प्रस्तुत किए। फैमिली कोर्ट न्यायाधीश सुखविंदर कौर ने संबोधन प्रस्तुत किया जिसमे उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण का होना बहुत अहम है। वरिष्ठ अधिवक्ता मनीषा अग्रवाल ने कहा देश में महिलाओ के अलग अलग विभिन्न संस्थाओं में एवम् अन्य कार्यों में अपनी भूमिका निभा रही महिलाओ का सम्मान बढ़ाया। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् उपाध्यक्ष डॉ सीमा सिंह ने ने ब्रेव वूमेन, पावर वूमेन, एवम् महिलाओ का स्ववभाविक स्ववभाव प्यार, परवाह, एवं कंपैशन आदि यह तो नेचर है, इस बात को नजर अंदाज नही कर सकते साथ ही साथ एंपावरमेंट विषय पर विस्तार से चर्चा की साथ ही फेनिजियम की और ना जाकर फेमिनिटी की ओर बढ़े। अधिवक्ता परिषद् संस्था पटियाला हाउस इकाई अधिवक्ता जलज अग्रवाल ने महिलाओ द्वारा प्राप्त कई उपलब्धियों को गिनवाया जैसे डॉ ऋतु मंगलयान मे उनका योगदान रहा साथ ही अलग अलग संस्थाओं में महिलाओ को आरक्षण, रिजर्वेशन देने की वकालत की साथ ही बार कोसिल ऑफ इंडिया मे भी महिलाओ को स्थान देना चाहिए। संगठन मंत्री एवं सचिव श्रीहरि बोरिकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली विश्वविद्यालय प्रोफेसर डॉ सीमा सिंह, मुख्य प्रवक्ता ज़िला न्यायधीश विनीता गोयल, वरिष्ठ अधिवक्ता अर्चना पाठक दवे, पटियाला हाउस कोर्ट इकाई अधिवक्ता एवं सचिव जलज अग्रवाल, लेडी मेंबर अधिवक्ता परिषद् महिमा मिश्रा, सहित तीस हजारी कोर्ट इकाई प्रमुख आदिश जैन, कड़कड़डूमा इकाई ज्वाइंट सचिव सरस्वती भारद्वाज, अधिवक्ता देव, अधिवक्ता सौम्या जी, बार काउंसलिंग कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता पीयूष गुप्ता, अधिवक्ता संजना, अधिवक्ता कल्पना, सहित कई अन्य अधिवक्ताओं ने परिषद संस्था कार्यकारिणी सदस्यों ने शामिल होकर

# आईपीयू : यूजी, पीजी व पीएचडी के ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

नई दिल्ली। गुरू गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय( आईपीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी प्रोग्राम में दाखिले के लिए आवेदन तिथि बढ़ा दी है। आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार अब 10 अप्रैल रात 11 बजकर 59 मिनट तक आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार विभिन्न कोर्सेज में आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च थी। आईपीयू प्रशासन के अनुसार स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी प्रोग्राम में दाखिला लेने के लिए आवेदन फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाया जा रहा है। आवेदन फॉर्म में सुधार आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद किया जाएगा। मालूम हो कि आईपीयू विभिन्न कोर्सेज में दाखिले अपनी प्रवेश परीक्षा सीईटी के माध्यम से लेता है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया एक फरवरी को शुरू हुई थी और 31 मार्च को समाप्त होनी थी। लेकिन अब छात्रों की सहूलियत को देखते हुए आवेदन की तिथि को बढ़ा दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से अपील की है कि वह इस बढ़ी हुई तिथि के अनुसार जल्द से जल्द आवेदन कर दें। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सौरभ भारद्वाज ने एलजी को लिखा पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पत्र लिखकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना से रोहिणी स्थित बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि इस संबंध में मुख्य सचिव की पीड़ितों के प्रति दया की कमी और उदासीनता का रवैया दिखाता है। स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्य सचिव से यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी। मंत्री भारद्वाज ने छात्रों पर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव डालने के निंदनीय कृत्य के लिए प्रिंसिपल और विभाग प्रमुख के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने इस मामले में निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, ह्ययह देखकर हैरान हूं कि मुख्य सचिव बहाने बनाकर दोषियों का बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सचिव (स्वास्थ्य) को ऐसी घटनाओं की तुरंत रिपोर्ट करने के स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद, यौन उत्पीड़न की इस घटना का मंत्री को खुलासा नहीं करने के लिए मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य सचिव को उचित ठहराया। जब सतर्कता विभाग और स्वास्थ्य विभाग समय पर कार्रवाई करने में विफल रहे तो पीड़ितों को अंततः व्यक्तिगत रूप से पुलिस से संपर्क करना पड़ा। आंतरिक शिकायत समिति मामले को खींच रही थी और डेढ़ महीने में अपनी रिपोर्ट नहीं दी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 21 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी हैः सपा नेता

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव एवं बदायूं लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने बदायूं की घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। शिवपाल ने यहां संवाददाताओं से कहा, बदायूं में बेहद दुखद घटना हुई है। प्रदेश की कानून-व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने मुठभेड़ को लेकर जिला प्रशासन तथा पुलिस को बधाई देते हुए कहा, इस घटना का पदार्फाश भी होना चाहिए। आखिर इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं। उन्होंने कहा कि एक आरोपी अभी भी फरार है और एक मुठभेड़ में मारा जा चुका है लेकिन इसका खुलासा जरूर होना चाहिए। बदायूं में मंगलवार को दो युवकों ने एक परिवार के दो नाबालिगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। इस घटना के कुछ घंटों बाद पुलिस ने मुठभेड़ में एक आरोपी साजिद (22) को मार गिराया, जबकि उसका साथी जावेद अभी फरार है।

### संपत्ति विवाद में घर में आग लगाए जाने से दो युवकों की मौत

रिश्तेदारों के साथ कथित संपत्ति विवाद को लेकर मकान में आग लगाने से दो चचेरे भाइयों की झुलसने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना सेन पश्चिम पारा थाना अंतर्गत लशिगवां गांव में बुधवार की सुबह घटी। अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चंदर ने कहा कि यह घटना उस समय घटी जब ये युवक गहरी नींद में थे। मृतकों की पहचान अनिल सिंह (23) और उसके चचेरे भाई राज (22) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अनिल के मकान से आग की तेज लपटें उठते देख पड़ोसियों ने पुलिस को इस बारे में सूचित किया। स्थानीय पुलिस फायर ब्रिगेड के साथ तुरंत मौके पर पहुंची और अनिल एवं राज को मृत पाया। मकान के भीतर खड़ी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह से जल चुकी थी। उन्होंने कहा कि परिजनों का आरोप है कि इस घटना की वजह रिश्तेदारों के साथ संपत्ति को लेकर विवाद हो सकती है। इस संबंध में पुलिस को अभी तहरीर मिलनी बाकी है। घटनास्थल से शराब की बोतलें और गिलास भी पाए गए हैं। चंदर ने कहा, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हत्या के पीछे संपत्ति विवाद और पारिवारिक झगड़े सहित सभी संभव दृष्टिकोण तलाशने के निर्देश दिए गए हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का पूवार्नुमानः मौसम विभाग

हिमाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम और तापमान में कोई बदलाव नहीं हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हालांकि 22 मार्च को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने वाला पश्चिमी विक्षोभ उठने का पूवार्नुमान जारी किया है। विभाग ने बताया कि इस दौरान हिमालयी राज्य में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, औसत न्यूनतम तापमान सामान्य रहा और अधिकतम तापमान औसत सामान्य से ऊपर रिकॉर्ड किया है। राज्य में केलांग जिले में सबसे कम न्यूनतम तापमान शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड किया है और सबसे अधिक अधिकतम तापमान ऊना में 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। कुछ स्थानों पर छिटपुट बारिश हुई। सुंदरनगर में सबसे अधिक 9.5 मिमी बारिश हुई और कुफरी में हल्का हिमपात हुआ। राज्य के शिमला, सुंदरनगर, भुंतर और कांगड़ा में गरज के साथ तूफान और सुंदरनगर में ओलावृष्टि हुई थी। यहां 21 मार्च से अगले सात दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर बिजली और गरज के साथ तूफान और ओलावृष्टि होने के आसार जताय गए हैं। राज्य में 22 से 24 मार्च तक अलग-अलग स्थानों पर बिजली कड़कने और ओलावृष्टि के साथ आंधी का अनुमान जताया गया है। ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य में 23 मार्च की रात से अधिक बारिश और तूफान आने का अनुमान जताया गया है। तूफान के साथ बिजली गिरने और ओलावृष्टि भी हो सकती है। राज्य के नवीनतम मौसम अपडेट से अवगत रहना महत्वपूर्ण है, खासकर उन लोगों को जो इस दौरान हिमालयी राज्य में आने की योजना बना रहे हैं।

# उप्र : दो नाबालिग भाइयों की हत्या के आरोपी पीड़ित परिवार के परिचित थे

**बदायूं, एजेंसी**





बदायूं में दो नाबालिग भाइयों की उनके घर में नृशंस हत्या करने के आरोपी उस परिवार को जानते थे और एक आरोपी अपनी पत्नी के प्रसव के लिए पैसे मांगने वहां गया था। इस मामले में मृतक बच्चों के पिता विनोद कुमार की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, आरोपी साजिद, नाई की दुकान चलाने वाले अपने भाई जावेद के साथ मंगलवार को सुबह करीब सात बजे उनके घर पहुंचा था। प्राथमिकी के मुताबिक, साजिद ने मेरी पत्नी संगीता से कहा कि उसे अपनी पत्नी के प्रसव के लिए 5,000 रुपये की जरूरत है। जब मेरी पत्नी पैसे लेने अंदर गई, साजिद घर की छत पर चला गया। उसी समय जावेद भी छत पर पहुंच गया और उन्होंने मेरे दो बेटों- आयुष (12) और अहान उर्फ हनी (8) को छत पर बुलाया। विनोद कुमार ने प्राथमिकी में कहा है ह्लइन आरोपियों ने तेज धार वाले चाकू से दोनों नाबालिग बच्चों पर हमला किया और सीढ़ी से नीचे आते समय इनके कपड़ों पर खून लगा था। बच्चों की मां ने आरोपियों को नीचे आते देखा। प्राथमिकी के मुताबिक, जब मेरी पत्नी पैसे लेकर बाहर आई तो उसने साजिद और जावेद को चाकू के साथ सीढ़ी से नीचे आते देखा। मेरी पत्नी को देखकर उन्होंने कहा कि आज मैंने अपना काम कर दिया है। और उन्होंने वहां से भागने का प्रयास किया। इन आरोपियों ने विनोद कुमार के तीसरे बेटे युवराज पर भी हमला किया जो अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। मृतक बच्चों के पिता एक निजी ठेकेदार हैं और घटना के समय वह जिले से बाहर थे। उनकी पत्नी संगीता और उनकी मां घर में मौजूद थीं। इस घटना के कुछ घंटों बाद साजिद (22) को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया। जावेद की तलाश की जा रही है। पुलिस ने इस घटना के कारण के बारे में अभी कुछ नहीं कहा है। जावेद और साजिद दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह घटना दो अलग अलग समुदायों से संबद्ध होने के मद्देनजर क्षेत्र में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## सड़क हादसे मे मामा भांजे की हुई दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

**प्रात : किरण संवाददाता**

स्योहारा। शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहे मामा-भांजे की बाइक में सोमवार देर रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि भांजा गंभीर रुप से घायल हो गया।कुछ देर बाद भांजे ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मामा-भांजे की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गई।स्योहारा क्षेत्र के गांव बुढ़नपुर निवासी नरेश अपने 21 वर्षीय भांजे ललित निवासी ग्राम रामखेड़ा थाना स्योहारा के साथ नूरपुर क्षेत्र में अपने बेटे की शादी का कार्ड बांटने जा रह थे। 11 अप्रैल को नरेश के बेटे की शादी थी। सोमवार रात आठ बजे बाइक से दोनों घर जा रह थे।। स्योहारा-नूरपुर मार्ग पर ग्राम मुजाहिदपुर के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप में घायल हो गए । नरेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ललित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने ललित को मृत घोषित कर दिया।मामा-भांजे की मौत से शादी की तैयारियों में जुटे स्वजन में कोहराम मच गया। मृतक ललित के पिता जगदीश सिंह की ओर से दी गई अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया था।

## बदायूं डबल मर्डरः अखिलेश यादव ने विपक्ष पर बोला हमला, कहा- हर घटना का पॉलिटिकल लाभ लेना चाहती है भाजपा

**बदायूं, एजेंसी**



बदायूं में दो बच्चों की हत्या के मामले में अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना है। अखिलेश यादव ने कहा कि बदायूं में हुई घटना से साबित हो गया है कि जीरो टॉलरेंस वालों की पॉलिसी जीरो है। बीजेपी वाले हर घटना का पॉलिटिकल लाभ लेना चाहते है। पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर पुलिस पहले से ही काम करती तो दो भाइयों की जान बच जाती। अखिलेश ने कहा कि एनकाउंटर से नाकामी नहीं छुपेगी। बीजेपी 400 पार का नारा दे रही है तो जनता नारा दे रही है चार सौ हार का। किसान और मजदूर परेशान है। महंगाई बढ़ी है और बेरोजगारी से लोग परेशान हैं। पेपर लीक से युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। ये था मामला बदायूं में कल दो सगे भाइयों की उनके घर में चाकू और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने तीसरे भाई को मारने का प्रयास किया लेकिन वह किसी तरह भाग आया। हत्या करने के बाद आरोपी ने अपने चेहरे पर खून लगाया। पुलिस उसे गिरफ्तार करके ले गई। दूसरे समुदाय के व्यक्ति द्वारा हत्या करने की सूचना पर मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। मंडी चौकी पर पेट्रोल डालकर प्रदर्शन किया। वहीं, पुलिस एनकाउंटर में आरोपी साजिद को ढेर कर दिया गया है।

## श्री वेंक्टेश्वरा के 88 छात्र-छात्राओ का जूनियर इंजीनियर एवं सहायक प्रोडक्शन इन्जीनियर के पद पर चयन



- **नौकरी पाकर खिले युवाओ के चहेरे, आगामी चार अप्रैल से होगी सभी चयनित छात्र-छात्राओ की ज्वाईनिंग**

**प्रात : किरण संवाददाता**

अमरोहा/गजरौला।श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाईल कम्पनी जे.एफ. रैने लिमिटेढ द्वारा *ह्यह्यकैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2024ह्यह्य* का आयोजन किया गया, जिसमें गजरौला एवं मेरठ परिसर के 400 से अधिक छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया। तीन राउण्ड के कठिन साक्षात्कार के बाद कम्पनी ने 88 छात्र-छात्राओ को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबन्धन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान किये। वेंक्टेश्वरा समूह संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी एवं संस्थापक अध्यक्ष के प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा ने चयनित छात्र-छात्राओ को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वेंक्टेश्वरा के छात्र-छात्राऐ देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है। हम अपने यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओ को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढसंकल्पित है। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2024 का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला, जे.एफ. रैने लिमिटेड के एच.आर. प्रबन्धक श्री प्रताप सिंह, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट निदेशक डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत आदि ने सरस्वती माँ के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि वैश्विक मंदी एवं कोरोना महामारी के बाद भी देश के स्किल्ड युवाओ विशेष रूप से इंजीनियरिंग सेक्टर में ढेरो रोजगार सम्भावनाएं है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्किल इण्डिया-डिजीटल इण्डिया जैसी कल्याणकारी शानदार योजनाओ से प्रेरणा लेकर देश निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। हम अपने यहाँ अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओ को एक सुरक्षित कैरियर देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे इंजीनियरिंग एवं बी.टेक. (ऑटोमोबाइल) के छात्र-छात्राऐ देश विदेश मे उच्च पदो पर कार्यरत है।इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, इन्जीनियरिंग डीन डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, सलाहकार आर.एस. शर्मा, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, एस.एस. बघेल, डॉ. विवेक सचान, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रेमी के साथ पकड़े जाने पर युवती ने आत्महत्या की



**उन्नाव, एजेंसी**

जिले के फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा प्रेमी के साथ पकड़े जाने और फिर पिटाई किए जाने के कुछ घंटों बाद 20 वर्षीय युवती ने अपने घर में कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटना के संबंध में उसके प्रेमी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों ने महिला और उसके प्रेमी पर हमला किया था और इस घटना का वीडियो भी बनाया था। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में प्रेमी को और हमला करने एवं आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्नाव पुलिस द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, फतेहपुर चौरासी थाना अंतर्गत एक गांव की 20 वर्षीय युवती ने 18 मार्च की रात अपने घर में कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने इस बारे में पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि युवती का रोहित निषाद (25) के साथ कथित प्रेम प्रसंग था और दोनों 18 मार्च की शाम एक खेत में मिले थे। पुलिस के मुताबिक, जब कुछ ग्रामीणों को इसका पता चला तो उन्होंने दोनों पर हमला कर दिया और इस घटना का वीडियो भी बनाया। ग्रामीणों के अनुसार, इस घटना से क्षुब्ध युवती ने घर लौटने पर फांसी लगाकर जान दे दी। इस बीच, महिला के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में रोहित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इसी के साथ ही छह अन्य ग्रामीणों- छोटू, मोहनलाल, विजय, रामविलास, विनोद और रजत को आत्महत्या के लिए उकसाने और जानबूझकर चोट पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जन-जन के आराध्य ने रंगभरनी एकादशी पर सोने-चांदी की पिचकारी से खेली होली

**मथुरा, एजेंसी**

वृंदावन में विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में होली की मस्ती भक्तों के सिर चढ़कर बोल रही है। रंगभरनी एकादशी पर बुधवार को श्रीबांकेबिहारी मंदिर में ठाकुरजी सोने-चाँदी की पिचकारी से होली खेल रहे हैं। ठाकुर जी के रंग में सराबोर होने के लिए हर कोई बेताब नजर आ रहा है। देश-विदेश से आए श्रद्धालु होली के रंग में सराबोर दिखाई दे रहे हैं। आराध्य बांकेबिहारी के प्रसादी रंग में सराबोर होकर भक्तों ने होली का जो धमाल मचाया मानो पूरी दुनियाभर की होली का आनंद केवल बांकेबिहारी के आंगन में ही आता दिखाई दे रहा है। पूरे दिन जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय ने निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा। इस बीच दोपहर पहुंची एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने परिक्रमा मार्ग का जायजा भी लिया। रंगभरनी एकादशी पर श्री बांके बिहारी गर्भगृह से बाहर जगमोहन में आए और चांदी के सिंहासन पर होकर अपने भक्तों के संग सोने-चांदी की पिचकारी से होली खेली। गोस्वामियों ने ठाकुरजी को केसर, इत्र, चोबा, गुलाल और टेसू के रंग सेवित किए। इसके बाद टेसू के फूलों से बना रंग सेवायतों ने पिचकारी और टोकनाओं से श्रद्धालुओं पर बरसाया। गेंदा, गुलाब के फूल बरसाए गए। मंदिर के प्रवेश मार्गों पर पुलिस रोक-रोक कर श्रद्धालुओं को मंदिर की ओर भेज रही है ताकि मंदिर और गलियों में श्रद्धालुओं की स्थिति सामान्य बनी रहे। श्रद्धालु सहज ही बांके बिहारी के दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार राधावल्लभ मंदिर, राधादामोदर मंदिर और ठाकुर राधारमण मंदिर में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने पहुंचे। इन मंदिरों में भी सेवायत गोस्वामी श्रद्धालुओं पर गुलाल बरसा रहे हैं। गौरतलब है कि इस बार मथुरा मुंसिफ कोर्ट न्यायालय द्वारा दर्शनार्थियों पर बांकेबिहारी मंदिर में गुलाल, रंग, फायर बिग्रेड सिलेंडर ले जाने पर रोक लगा दी है। अपने आराध्य संग होली खेलने के लिए लाखों श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे हैं। इस मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए श्रद्धालुओं को रोक-रोक कर मंदिर की ओर भेजा जा रहा है। मंदिर सेवायत शुभम गोस्वामी ने बताया कि रंगभरनी एकादशी होली के समय में सबसे महत्वपूर्ण एकादशी मानी जाती है, इस दिन लाखों की संख्या में भक्त वृंदावन की परिक्रमा करते हैं, इसके अलावा बांकेबिहारी मंदिर में इसी दिन भगवान अपने गर्भगृह से निकल कर जगमोहन में आकर भक्तों को दर्शन देते हैं। इसके साथ ही आज ही के दिन बांकेबिहारी महाराज खास सफेद रंग की पोशाक धारण करते हैं और उनके गालों पर गुलचप्पे भी लगाये जाते हैं। सेवायतों द्वारा भगवान को चांदी की पिचकारी से टेसू का बना खास रंग लगाया जाता है। इसके बाद वही प्रसादी रंग भक्तों के ऊपर भी बिहारी जी की सोने चांदी की पिचकारियों से डाला जाता है। इसके अलावा होली के मौके पर उन्हें जलेबी और ठंडाई का विशेष भोग लगाया जाता है।

## मथुरा के शाही ईदगाह मस्जिद मामले में सुनवाई टली

**प्रयागराज, एजेंसी**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग वाले वाद की पोषणीयता को चुनौती देने के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई बुधवार को टाल दी। मूल वाद में दावा किया गया है कि शाही ईदगाह मस्जिद, कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ भूमि पर बनाई गई है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने बुधवार को अगली तिथि तक के लिए सुनवाई टाल दी है जो अभी तय नहीं की गई है। मुस्लिम पक्ष ने बुधवार को सुनवाई के दौरान वादी आशुतोष पांडेय द्वारा दीवानी प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 151 (अदालत में निहित शक्तियों के अधीन) के तहत किए गए आवेदन पर आपत्ति जताई। वादी आशुतोष पांडेय ने अपने आवेदन में कहा है कि हर साल विवादित संपत्ति परिसर में हिंदू भक्तों द्वारा बासोड़ा पूजा की जाती है। इस वर्ष यह पूजा एक अप्रैल 2024 को माता शीतला सप्तमी को और दो अप्रैल 2024 को माता शीतला अष्टमी को पड़ेगी। इन तिथियों पर पूर्व की तरह बासोड़ा पूजा की जानी है, जबकि प्रतिवादी कृष्ण कूप में यह पूजा करने से वादकारियों को रोक रहे हैं। इस पर, मुस्लिम पक्ष ने कहा कि वाद की पोषणीयता को लेकर दाखिल आवेदन पर सुनवाई लंबित रहने के दौरान ऐसे आवेदन पर कोई आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है। वहीं दूसरी ओर, हिंदू पक्ष की ओर से दलील दी गई कि हिंदुत्व में आस्था रखने वाले लोगों को पूजा अर्चना करने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। ऐसा आवेदन हमेशा से ही पोषणीय है और इस पर आदेश पारित करना अदालत के विवेकाधिकार पर निर्भर है। एक अन्य वाद में भी आवेदन दाखिल कर हिंदू भक्तों को कृष्ण कूप पर पूजा करने से नहीं रोकने का मुस्लिम समुदाय को निर्देश जारी करने की मांग की गई। इस आवेदन का भी मुस्लिम पक्ष द्वारा यह कहते हुए विरोध किया गया कि यह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है और आवेदन पोषणीय नहीं है। हिंदू पक्ष की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मुस्लिम पक्ष के उस आवेदन का विरोध किया जिसमें इस मामले में अदालत के 17 जनवरी के आदेश पर न्याय मित्र के तौर पर नियुक्त मनीष गोयल को हटाने की मांग की गई है।

## भाजपा, रालोद कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, भाजपा प्रत्याशी को जिताने का किया आहान

**प्रात : किरण संवाददाता**



स्योहारा।धामपुर विधानसभा के विधायक अशोक राणा के निवास स्थान ठान्ट में भारतीय जनता पार्टी व रालोद का सयुंक्त कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। भाजपा व राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बोबी ने तथा संचालन धामपुर ब्लॉक प्रमुख पति नीरज प्रताप सिंह ने की।विधायक अशोक कुमार राणा ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सभी को समान अधिकार मिला है। कोरोना काल जैसे विपरीत समय में हर व्यक्ति को फ्री वैक्सीन देने का काम भाजपा सरकार ने किया है।आप सभी के आशीर्वाद ने वर्ष 1988 में मुझे पहली बार विधायक बनाया था। आज वही आशीर्वाद भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार को देकर विजयी बनाए।ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने कहा हम सभी को आपसी मतभेद बुलाकर लोकसभा प्रत्याशी को विजय प्राप्त करानी है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। ओम कुमार ने कहा कि मुझे नगीना लोकसभा प्रत्याशी बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आशीर्वाद तथा विधायक अशोक कुमार राणा ने अहम भूमिका निभाई है। अगर मैं सांसद बना तो मेरे क्षेत्र का हर अपने आप को सांसद समझेगा। क्योंकि उसे भरपूर सम्मान मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान धामपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने नगीना लोकसभा प्रत्याशी व विधायक अशोक कुमार को तलवार भेटकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक सुपुत्र प्रियंकर राणा, उदित नारायण, जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेन्द्र प्रताप सिंह, डीसीएफ जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी,ब्लाक प्रमुख नूरपुर आकांक्षा चौहान, नूरपुर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ एम पी सिंह, नूरपुर विधानसभा सभा संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत, नूरपुर नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विनीत देवरा, अल्हैपुर (धामपुर) ब्लॉक प्रमुख हेमलता चौहान , ब्लाक प्रमुख स्योहारा उज्जवल चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष दिनेश सैनी,चौ० रणबीर सिंह, प्रधान पति ताजपुर हाजी शमशाद अहमद फरीदी, मंडल प्रभारी हल्दौर विवेक सरोहा,शुभम वालिया,हेड क्लर्क मनोज कुमार , शुभम चौहान जिला मंत्री युवा मोर्चा बिजनोर, समाज सेवी नईम इदरीसी, भाजपा कार्यकर्ता मोहन शर्मा,कॉन्ट्रेक्टर गुल्लू सैनी आदि मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव में ब्रू समुदाय के मतदाता त्रिपुरा की दोनों सीटों पर करेंगे मतदान

**अगरतला, एजेंसी**

त्रिपुरा के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) पुनीत अग्रवाल ने बुधवार को यहां कहा कि मिजोरम में ब्रू समुदाय के लगभग 17 हजार मतदाता 19 और 26 अप्रैल को आगामी लोकसभा चुनाव में त्रिपुरा की दोनों सीटों पर मतदान करेंगे। त्रिपुरा ने आगामी आम चुनावों के लिए लगभग 28.58 लाख मतदाताओं को पंजीकृत किया है। इस चुनाव के लिए पश्चिम त्रिपुरा में लगभग 14,62,875 और पूर्वी त्रिपुरा में 13,95,121 मतदाताओं ने नामांकन कराया। अग्रवाल ने कहा कि मिजोरम सरकार उन्हें वापस लेने के लिए सहमत नहीं हुई और अंततः त्रिपुरा सरकार मानवीय आधार पर उन्हें राज्य के चयनित स्थानों पर पुनर्वास करने के लिए सहमत हो गई। पुनर्वास की प्रक्रिया अभी भी जारी है। अब तक, 12 हजार से अधिक ब्रू समुदाय के मतदाताओं को पूर्वी त्रिपुरा संसदीय क्षेत्र में पुनर्स्थापित किया गया है और पश्चिम त्रिपुरा के बाकी लोग संबंधित स्थानों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने ब्रू बस्तियों के मतदाताओं को मतदान कराने की सुविधा प्रदान करने के लिए 12 सहायक मतदान केंद्र नामित किए हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा बलों की तैनाती के अलावा, प्रशासन ने चुनाव के सुचारू संचालन के लिए कई सुविधाएं भी बनाई हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से काफी पहले अब तक पूरे त्रिपुरा में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की करीब 70 कंपनियां तैनात की जा चुकी हैं। अग्रवाल ने कहा, त्रिपुरा में मतदाता जनसंख्या अनुपात में सुधार के कारण इस बार सहायक केंद्रों सहित कुल 3,350 मतदान केंद्र हैं, जो 667 से बढ़कर 675 हो गया है और लिंग अनुपात 989 से बढ़कर 991 हो गया है।

## रंगभरी एकादशी : अयोध्या में साधु-संतों ने जमकर खेली होली

**अयोध्या, एजेंसी**



योगी सरकार बनने के बाद अपनी धरोहर-अपनी आस्था को पुनः सम्मान मिल रहा है। श्रीराम की नगरी में बुधवार को संतों-महंतों के बीच रंगभरी एकादशी को लेकर उत्साह का बेमिसाल माहौल देखने को मिला। योगी सरकार के द्वारा संतों महंतों को मिलने वाली सुरक्षा से साधु-संत खुलकर इस त्यौहार का आनंद लेते दिखे। अयोध्या में होली से पांच दिन पहले ही रंगोत्सव का त्यौहार रंगभरी एकादशी से शुरू हो गया। प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या की पहली रंगभरी एकादशी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। रंगभरी एकादशी को हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जी को गुलाल लगाने के साथ उत्सव का आरंभ हुआ। भक्तों को प्रसाद के रूप में लगाया गया गुलाल अखिल भारतीय निवार्णी अखाड़ा हनुमानगढ़ी के 500 संतों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। इससे पहले संतों ने हनुमान जी के निशान की पूजा की। इभी संतों ने होली खेलते हुए अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा की। ब्रह्ममुहूर्त में ही रामनगरी के 10 हजार से अधिक मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान भगवान की राग-भोग आरती, साज-सज्जा के साथ उनके गाल पर गुलाल लगाया गया। यही नहीं अवध में होली के आगाज पर मंदिरों में आने वाले भक्तों को भी प्रसाद के रूप में गुलाल लगाया गया। अबीर से सराबोर हुई रामनगरी की संस्कृति का उल्लास और भी चटख हो चला। अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं अयोध्या की सड़कें फाल्गुन शुक्ल एकादशी मतलब रंगभरी एकादशी पर्व से अवध की होली का विधिवत शुभारंभ होता है। रंगभरी एकादशी के पर्व पर रामनगरी में संतों-महंतों ने अपने आराध्य के प्रति अनुराग प्रकट करते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर प्रभु के साथ होली खेली। हनुमानगढ़ी परिसर में रंगभरी एकादशी पर श्रद्धा अपने चरम पर दिखी। इस मौके पर धार्मिक नगरी अयोध्या कि सड़कें अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं। परम्परागत रूप से कड़ी सुरक्षा में प्रमुख सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी से संतों का जुलूस अयोध्या की सड़कों पर निकला। संतों ने ढोल की धुन पर जमकर नृत्य किया तथा अखाड़ों के पहलवानों ने अपनी शौर्य कला का भी प्रदर्शन किया 500 वर्ष बाद श्रीरामलला के विराजमान होने पर बढ़ा होली का उत्साह हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने बताया कि सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी से नागा साधुओं के साथ हनुमान जी का निशान लेकर रंगभरी एकादशी के मौके पर हम लोग पंचकोश की परिक्रमा करने के लिए निकले। स्वयं हनुमान जी अयोध्या के प्रमुख मठ मंदिरों में होली का निमंत्रण देने जा रहे हैं। हनुमान जी का निशान है, बल्लम है और छड़ी है। इस मौके पर पंचकोसी परिक्रमा की गई। हनुमानगढ़ी के नागा-साधुओं ने एक दूसरे को अबीर लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। इस वर्ष भव्य तरीके से होली मनाई जा रही हैं। क्योंकि प्रभु राम अपने भव्य महल में 500 वर्ष बाद विराजमान हुए हैं, तो होली का उत्साह और अधिक बढ़ जाता है। हनुमानगढ़ी के नागा साधु हनुमान जी के साथ मठ मंदिरों में होली का निमंत्रण दे रहे हैं। इसी क्रम में अयोध्या नगर में सिद्धपीठ नाका हनुमानगढ़ी,सहादतगंज हनुमानगढ़ी, रिकाबगंज हनुमानगढ़ी मे भी रंगभरी एकादशी की धूम रही। रंगोत्सव में सराबोर दिखे नागा साधु जुलूस में नागा साधुओं की टोली बैंड बाजे के साथ अखाड़ों के पहलवानों के करतब दिखाते हुए अयोध्या की सड़क पर निकले। होली की मस्ती में सराबोर संतो ने हर आने-जाने वाले लोगों को अबीर गुलाल से सराबोर कर दिया। अयोध्या में होली से चार दिन पूर्व ही होली का अहसास हो गया। नागा साधुओं का यह जुलूस अयोध्या के प्रमुख मार्गों से होता हुआ जुलूस के मार्ग में पड़ने वाले हर मंदिर तक पहुंचा, जहां पर नागा साधुओं ने भगवान् के विग्रह के साथ होली खेली। इसी क्रम में संतों ने परिक्रमा कर सरयू स्नान किया। इस दौरान निवार्णी अखाड़ा के महंत मुरली दास, महंत संजय दास, वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास, महंत राजू दास, पुजारी रमेश दास, अभय दास, अभिषेक दास, सत्यदेव दास, मणिराम दास और राजेश पहलवान सहित अन्य नागा साधु मौजूद रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार,21 मार्च, 2024





# फिल्ममेकर वाला दौर इंजॉय कर रहा हूं

एक्टर अरबाज खान निर्माता के तौर पर दबंग फेंचाइजी जैसी मेनस्ट्रीम कमर्शल फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन अब वह शिक्षा घोटाले जैसी मुद्दे वाली महिला प्रधान फिल्म पटना शुक्ला लेकर आ रहे हैं।

**आप एक्टर, प्रड्यूसर, डायरेक्टर, होस्ट जैसी कई भूमिकाओं में हाथ आजमा चुके हैं। किस काम में सबसे ज्यादा मजा आता है?**

ऐक्टिंग से मैंने अपना करियर शुरू किया था, वो मेरा जुनून है तो जब तक मुझे मौके मिलते रहेंगे, वो मैं करता रहूंगा। वैसे अभी मैं कैमरे के पीछे रहकर अच्छी कहानियां सुनाने वाले फिल्ममेकर वाला दौर भी इंजॉय कर रहा हूं। मैं उस स्टेज पर पहुंच चुका हूं जहां मुझे लगता है कि बतौर प्रड्यूसर मुझे कुछ अच्छी कहानियां सुनानी चाहिए। बाकी, हाल ही में होस्टिंग का जो मैंने काम शुरू किया है, वो इसलिए क्योंकि मुझे हमेशा से लोगों में रुचि रही है। मुझमें वो गुण है कि मैं लोगों को सहज करके उनकी जिंदगी से वो पहलू निकाल सकूं, जो जनता के लिए फायदेमंद हो तो मैं कोई भी चीज छोड़ने नहीं वाला हूं। जब जहां मुझे मौका मिलेगा, मैं सब करता रहूंगा।

**बतौर निर्माता आपने डॉली की डोली के अलावा हमेशा भाई सलमान खान के साथ ही काम किया है। क्या उनके फिल्म में होने से एक सहूलियत, एक आसानी हो जाती है?**

आसान तो हो जाता है ना, वो मेरे भाई हैं, सुपरस्टार हैं तो ईमानदारी की बात है कि उनके साथ काम करूं तो आसान हो जाता है, लेकिन ऐसा नहीं है कि किसी दूसरे सुपरस्टार के साथ काम करूं तो प्रफेशनली मुझे कोई दिक्कत होगी। ऐसा नहीं है कि कोई मेरी फिल्म के लिए हां कहने के बाद शूटिंग पर ना आए या तंग करे। ऐसा नहीं होगा लेकिन भाई तो भाई होता है और वो सुपरस्टार है। मेरा कम्यूनिकेशन लेवल उनके साथ अलग है, मेरी उम्मीदें उनसे अलग हैं। वे मुझे समझते हैं, मैं उन्हें समझता हूं, तो वो मुझे और ज्यादा बढ-चढ़कर सपोर्ट करेंगे। आज मैं किसी और के साथ काम करूं और किसी वजह से मैंने अगर उसके दो दिन बर्बाद कर दिए तो वो अलग तरह से ले सकता है लेकिन भाई है तो वो समझेंगे, अडजस्ट कर लेंगे। उन्हें कोई दिक्कत है तो मैं समझ लूंगा तो भाई होने की ये सारी सहूलियत होती ही है।

**इस बार आपने पटना शुक्ला जैसी मुद्दे वाली महिला प्रधान फिल्म प्रड्यूस करने का फैसला कैसे किया?**

मुझे ये कहानी और इसका विषय अच्छा लगा था। मुझे लगा कि अगर ये कहानी मेरे प्रॉडक्शन बैनर से आएगी तो जो मैं चाहता था मीनिंगफुल सिनेमा बनाना, वो कर पाऊंगा। मेरे बारे में ये सोच बनेगी कि ये सिर्फ महंगी कमर्शल मेनस्ट्रीम फिल्में ही नहीं बनाता, अच्छा सिनेमा बनाना चाहता है।

**आप इतने साल से इंडस्ट्री में हैं, इतने सालों में आप इंडस्ट्री में क्या बदलाव देख रहे हैं?**

इंडस्ट्री में बहुत बदलाव आया है, कोरोना के वक्त जो लोगों को घर पर बैठकर सिनेमा देखने का मौका मिला है तो उनका भी टेस्ट बहुत बदला है। उन्होंने विश्व सिनेमा देखा है, सीरीज देखी हैं, तो उनका टेस्ट बदल गया है, उनकी समझ बढ़ गई है, अब आप कुछ भी बनाकर लोगों को थिएटर में नहीं बुला सकते। आपको अपने कॉन्टेंट, परफॉर्मेंस सब चीज की क्वॉलिटी बढ़ानी पड़ेगी और वो हो रहा है।

**आपको लगता है कि स्टारडम की परिभाषा भी बदली है? ऐसा कहा जा रहा है कि सलमान, शाहरुख, आमिर आखिरी सुपरस्टार्स हैं!**

पता नहीं, मुझे लगता है आज हम लोगों की पहुंच में ज्यादा हो गए हैं। एक जो रहस्य वाला फैक्टर होता था स्टार का कि वे मुश्किल से कभी कहीं दिखते थे। एक जो राजदारी रहती थी कि लोगों को लगता था कि ये लोग पता नहीं कौन से आइवरी टावर में रहते हैं, क्या खाते हैं? अब उनको सब पता है। आज हर जगह पैपराजी हैं। आप कहीं चुपचाप जा भी नहीं जा सकते। अगर आप मशहूर हैं तो आपकी प्राइवेसी तो गई काम से। अब आप बोलेंगे कि ये पब्लिक फिगर होने की कीमत है, तो भई ये नियम किसने बनाया है, ये कहां लिखा है!



# क्रू स्टार कृति का बॉलीवुड स्टीरियोटाइप पर बोलीं

## लड़कियां भी कॉमेडी कर सकती हैं

कृति सेनन की आने वाली फिल्म क्रू स्त्री प्रधान फिल्म है। कृति इस विषय में बात करती हुए बोलती हैं, लोगों को लगता है कि अभिनेत्रियां कॉमेडी नहीं कर सकती हैं, लेकिन यह सही नहीं है। क्रू में हमने कॉमेडी किया है और हमारी टाइमिंग जबर्दस्त है। कृति सेनन बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। पिछले दिनों उनकी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में कामयाब रही। दर्शकों को इस फिल्म में कृति का अभिनय काफी पसंद आया था। अब अभिनेत्री की आगामी फिल्म क्रू रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में कृति, करीना कपूर खान और तब्बू के साथ नजर आने वाली हैं। हाल ही में कृति सेनन अपनी इस फिल्म के बारे में बातें करती नजर आईं।

### क्रू में काम करना रहा ताजगी भरा अनुभव

कृति सेनन पहली बार क्रू में तब्बू और करीना कपूर के साथ काम कर रही हैं। पिछले दिनों एक साक्षात्कार के दौरान कृति से पूछा गया कि उन्हें इन अभिनेत्रियों के साथ काम करते हुए कैसा महसूस हुआ। इस सवाल के जवाब में कृति कहती हैं, हम आमतौर पर अभिनेताओं के साथ काम करते हैं। ऐसा बहुत कम होता है कि हम सिर्फ अभिनेत्रियों के साथ काम कर रहे हों। मेरे लिए क्रू में काम करना ताजगी से भरा अनुभव रहा है। तब्बू और करीना से काफी कुछ सीखने को मिला है।

महिलाएं भी कर सकती हैं कॉमेडी

कृति सेनन की आने वाली फिल्म क्रू स्त्री प्रधान फिल्म है। कृति इस विषय में बात करती हुए बोलती हैं, लोगों को लगता है कि अभिनेत्रियां कॉमेडी नहीं कर सकती हैं, लेकिन यह सही नहीं है। क्रू में हमने कॉमेडी किया है और हमारी टाइमिंग जबर्दस्त है। दर्शक अक्सर सोचते हैं कि महिला प्रधान फिल्म किसी सीरियस मुद्दे पर ही बनती है, हमने इस फिल्म के जरिए इसी स्टीरियोटाइप को तोड़ने की कोशिश की है।

### क्रू की रिलीज डेट

कृति अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, हमने पुरुषों को कोसने के लिए इस फिल्म का निर्माण नहीं किया है। यह एक अलग विषय पर बनी हुई फिल्म है जो दर्शकों को गुदगुदाएगी और सोचने पर भी मजबूर करेगी। कृति सेनन, करीना कपूर और तब्बू जैसे स्टार्स से सजी यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन राजेश ए कृष्णन ने किया है।



# 12 जुलाई को रिलीज होगी जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की फिल्म वेदा

जॉन अब्राहम की अगली फिल्म 'वेदा' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म में जॉन पहली बार शरवरी और तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में अभिषेक बनर्जी और आशीष विद्यार्थी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। निखिल आडवाणी निर्देशित यह फिल्म 12 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी।

### शरवरी के इर्द-गिर्द बुनी गई है फिल्म

डेढ़ मिनट के इस टीजर में जॉन और शरवरी दोनों ही एक्शन अवतार में नजर आए हैं। फिल्म की कहानी वेदा नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द बुनी गई है जिसका किरदार शरवरी ने निभाया है। वो कहती हैं कि उन्हें कोई रक्षक नहीं चाहिए। उन्हें कोई ऐसा चाहिए जो पैरों के तलवे से औजार बना दे।

### एक्स आर्मी ऑफिसर को रोल में हो सकते हैं जॉन

वहीं टीजर में जॉन अपना इंट्रो देते हुए कहते हैं कि उन्हें झगड़ना नहीं आता, सिर्फ जंग लड़नी आती है। वहीं एक सीन में जॉन आर्मी की यूनिफॉर्म पहने भी नजर आते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में जॉन एक्स आर्मी ऑफिसर के रोल में नजर आ सकते हैं, जो वेदा की रक्षा करेगा।

### दूसरी बार साथ काम करेंगे जॉन-निखिल

इस फिल्म के जरिए जॉन और निखिल दूसरी बार साथ काम करते नजर आएंगे। इससे पहले दोनों ने साथ में 2019 में रिलीज हुई 'बाटला हाउस' में साथ काम किया था। वर्कफ्रंट पर बतौर एक्टर जॉन की आखिरी रिलीज फिल्म जनवरी 2023 में रिलीज हुई 'पठान' थी। वहीं शरवरी आखिरी बार 2021 में आई फिल्म 'बंटी और बबली 2' में दिखाई दी थीं।



# शाहिद कपूर के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट

## अश्वत्थामा में आएंगे नजर

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के शानदार कलाकारों में शाहिद कपूर का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। हाल ही में वे तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया नाम की फिल्म में नजर आए थे। फिल्म में उनकी अदाकारी उनके फैंस को काफी पसंद आई थी। इस फिल्म के बाद वे रोशन एंड्र्यूज की फिल्म देवा नजर आने वाले हैं। इस बीच उनकी एक नई फिल्म का एलान हो गया है। शाहिद जल्द ही अश्वत्थामा में नजर आने वाले हैं। फिल्म में वे गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा का किरदार में दिखेंगे। निर्माताओं ने अमेजन प्राइम के इवेंट में इस प्रोजेक्ट की पुष्टि कर दी है। शाहिद कपूर ने भी सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है। अश्वत्थामा का निर्देशन सचिन रवि करेंगे। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। वहीं, इसका निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख करेंगे। बताया जा रहा है कि निर्माता इस फिल्म को शानदार अंदाज में फिल्माने की कोशिश में जुटे हुए हैं। मेकर्स के मुताबिक इसे इस ढ़ंग से फिल्माने की योजना है जैसा दर्शकों के स्क्रीन पर इससे पहले कभी कुछ ऐसा अनुभव नहीं किया हो। जानकारी के अनुसार इसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा।

# बड़े पर्दे पर धमाल मचाएंगे विक्की तृप्ति और एमी विर्क

अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी नई फिल्म के बारे में अपडेट देकर फैंस को उत्साहित कर दिया है। विक्की ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी आगामी फिल्म में तृप्ति डिमरी और एमी विर्क भी नजर आने वाले हैं। अभिनेता की इस घोषणा के बाद अब फिल्म निर्माता करण जौहर ने इस फिल्म के नाम का एलान करते हुए इसका आधिकारिक मोशन पोस्टर साझा किया है। फिल्म का बैड न्यूज रखा गया है, जिसे इस साल सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी चल रही है। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का एलान करते हुए करण ने लिखा, सबसे मनोरंजक हंगामा के लिए तैयार हो जाइए। इस पोस्ट में उन्होंने यह भी बताया कि यह कॉमेडी फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। फिल्म को 19 जुलाई 2024 बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। पिछले साल विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की कई तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो गई थीं, जिसमें दोनों एक साथ गाने की शूटिंग करते हुए नजर आए थे।



# प्रभास की राजा साहब को लेकर आया बड़ा अपडेट

तेलुगु सुपरस्टार प्रभास को उनके फैंस रेबेल स्टार भी कहते हैं। वे इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन जैसे बड़े सितारे भी मौजूद हैं। इसकी स्टारकास्ट की वजह फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह काफी बढ़ गया है। इस बीच उनकी एक और आगामी फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। कल्कि 2898 एडी के बाद प्रभास राजा साहब नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान फिल्म के निर्माता विश्व प्रसाद ने इस प्रोजेक्ट को लेकर ऐसे विवरण साझा किए हैं, जिससे फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है। दरअसल, एक साक्षात्कार के दौरान प्रसाद ने बताया है कि फिल्म में दर्शकों को प्रभावशाली वीएफएक्स का व्यापक उपयोग देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रोडक्शन टीम यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश कर रही है कि फिल्म में वीएफएक्स शीर्ष स्तर का हो। विश्व प्रसाद ने यह भी उम्मीद जताई है कि उनका दमदार कंटेंट देख दर्शक जरूर आश्चर्यचकित होंगे। इस बातचीत के दौरान निर्माता ने यह बताया कि राजा साहब की फिल्म की आधी शूटिंग पूरी हो चुकी है और कल्कि 2898 एडी के बाद इस पर और अधिक अपडेट सामने आएंगे। इस फिल्म को मारुति ने लिखा और निर्देशित किया गया है। जानकारी के मुताबिक राजा साहब एक रोमांटिक-हॉरर फिल्म है। फिल्म में प्रभास के साथ निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और मालविका मोहनन भी शामिल हैं। मारुति के साथ यह प्रभास की पहली फिल्म है। उम्मीद है कि यह 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत में रिलीज होगी। वर्क फ्रंट की बात करें तो इन फिल्मों के अलावा प्रभास के पास सालार पार्ट-2 जैसी बड़े बजट की फिल्म है। वहीं वे विष्णु मांचू के कन्नप्पा में भी कैमियो भूमिका निभाते नजर आएंगे।



# मेरे भाई मिमोह को अभिषेक बच्चन जितने मौके मिले होते तो वह आज सुपरस्टार होते



मिथुन चक्रवर्ती को आज भी लोग डिस्को डांसर के रूप में याद करते हैं और कहते हैं कि उनके जैसा कोई नहीं। मिथुन चक्रवर्ती ने डेब्यू फिल्म के लिए ही बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड जीतकर सबके होश उड़ा दिए थे। लेकिन उनके जैसी पॉपुलैरिटी बेटे मिमोह चक्रवर्ती नहीं पा सके। वह एक सफल एक्टर भी नहीं बन पाए। मिमोह चक्रवर्ती ने 2008 में फिल्म मिमोह से एक्टिंग डेब्यू किया था। फिल्म फ्लॉप रही और इसके बाद से मिमोह को ज्यादा एक्टिंग ऑफर्स नहीं मिले। अब मिथुन चक्रवर्ती के दूसरे बेटे नमाशी ने एक्टिंग डेब्यू किया है। नमाशी ने कहा कि उनके भाई मिमोह चक्रवर्ती में सुपरस्टार बनने की क्षमता है, बशर्ते उन्हें और मौके मिले। नमाशी ने हाल ही राजकुमार संतोषी की फिल्म बैड बॉय से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखे हैं। वहीं मिमोह ने 2008 में एक्टिंग डेब्यू के बाद अब तक 13 फिल्में कीं, पर एक भी नहीं चली।

### अभिषेक बच्चन को मिमोह ने बताया था इंस्पिरेशन

वहीं, एक पुराने इंटरव्यू में मिमोह चक्रवर्ती ने कहा था कि जब मुश्किल दौर से गुजर रहे थे तो अभिषेक बच्चन उनकी प्रेरणा बने थे। मिमोह ने अभिषेक को अपना हीरो बताया था और रिवील किया था कि अभिषेक बच्चन ने उन्हें क्या सलाह दी थी। करियर की बात करें, तो मिमोह चक्रवर्ती पिछली बार 2023 में रिलीज हुई नवाजुद्दीन सिद्दीकी स्टारर जोगीरा सारा रा रा में नजर आए थे। फिलहाल उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट अनाउंस नहीं किया है।

### ...तो आज मेरा भाई सुपरस्टार होता

नमाशी चक्रवर्ती ने कहा, वह (मिमोह) एक सुपरस्टार के घर पैदा हुए। उनमें सुपरस्टार बनने की क्षमता है, लेकिन इंडस्ट्री अन्य स्टार किड्स को सपोर्ट करने में बिजी है। मैं दावे के साथ ऑन रिकॉर्ड यह कह सकता हूं कि अगर मेरे भाई को अभिषेक (बच्चन) सर जितने मौके मिलते, तो मेरा भाई आज सुपरस्टार होता। मैं यह विश्वास के साथ कह सकता हूं।

### भाई को अभिषेक जितने मौके मिले तो धमाल मचा देंगे

नमाशी ने आगे कहा कि जिम्मी की असफलता आज भी भाई मिमोह का पीछा नहीं छोड़ती और डराती है। वह बोले, दुर्भाग्य से, लोग जिमी को शायद एक बड़े प्रोडक्शन की फिल्म से भी बड़ी फ्लॉप फिल्म के रूप में देखते हैं। अगर उन्हें अभिषेक भैया जितने मौके मिले तो वह धमाल मचा देंगे।






## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय यात्रियों की अधिक खर्च की योजना, ट्रैवल हैक का उपयोग और नए एडवेंचर्स की तलाश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ष 2024 में 40 प्रतिशत वैश्विक औसत के मुकाबले 62 प्रतिशत भारतीय यात्रा पर अधिक खर्च करने की योजना बना रहे हैं जिसमें एक पूर्ण यात्रा का अनुभव लेने के लिए भारतीय अतिरिक्त दूरी तय करने के इच्छुक हैं। अधिक खर्च करने के अलावा, भारतीय अपनी यात्रा को अधिक किफायती और लाभप्रद बनाने के लिए ट्रैवल हैक का उपयोग करने की कला में माहिर होकर पैसा वसूल की भी संभावना तलाश रहे हैं। इसका खुलासा पूरे भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मेक्सिको, जापान और ब्रिटेन में किए गए सर्वेक्षण से मिले आंकड़ों पर आधारित अमेरिकन एक्सप्रेस ट्रैवल वे ग्लोबल ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्टमें किया गया। भारतीयों के बीच यात्रा को लेकर रुख में तेजी देखी गई है जिसमें 65 प्रतिशत भारतीय इस वर्ष घरेलू यात्रा पर अधिक खर्च करने की योजना बना रहे हैं और 48 प्रतिशत भारतीय विदेश यात्रा पर अधिक खर्च की योजना बना रहे हैं। ट्रैवल हैक के उपयोग के लिहाज से इस सर्वेक्षण में संकेत मिलता है कि 2024 में यात्रा पर निकलने की तैयारी कर रहे 43 प्रतिशत भारतीय (30 प्रतिशत वैश्विक औसत के मुकाबले) फ्लाइट और होटल खर्च की भरपाई के लिए क्रेडिट कार्ड अंकों का उपयोग कर रहे हैं।

### एचडीएफसी बैंक ने भारत भर में 60 बैंकिंग आउटलेट का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, एचडीएफसी बैंक ने आज पूरे भारत में आरबीआई द्वारा अधिसूचित अनबैंक्ड रूरल सेंटर्स (यूआरसी) में 60 बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) बैंकिंग आउटलेट्स शुरू करने की घोषणा की। ये नए आउटलेट अब एचडीएफसी बैंक की यूआरसी नेटवर्क उपस्थिति को 5,020 आउटलेट्स तक बढ़ा देते हैं। गौरतलब है कि बैंक का 34 प्रतिशत बीसी एजेंट नेटवर्क अब 10,602 गांवों में फॉर्मल फाइनेंशियल प्रोडक्ट और सर्विसेस देने का करने का काम करता है। यह पहल सीएससी ई-गवर्मेंट के सहयोग से की गई थी। यह सूक्ष्म-उद्यमियों के रूप में कार्य करने वाले विलेज लेवल आंत्रपेन्योर (वीएलई) को भौतिक केंद्रों के माध्यम से सीधे अंतिम छोर तक आवश्यक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में मदद करेगा और वंचित क्षेत्रों में समुदायों को सशक्त बनाएगा। इस पर बात करते हुए, सुश्री स्मिता भगत, ग्रुप हेड, रिटेल ब्रांच बैंकिंग-उत्तर, पूर्व और मध्य, एबीसीपी और रिटेल एफएक्स, एचडीएफसी बैंक ने कहा, एचडीएफसी बैंक देश के दूर-दराज के इलाकों में भी वित्तीय समावेशीकरण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमें खुशी है कि हमारे बीसी नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, लगभग 34 प्रतिशत, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अधिसूचित अनबैंक्ड रूरल सेंटर्स (यूआरसी) में कार्य करता है।

### सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी ए55 5जी और गैलेक्सी ए35 5जी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज शानदार इनोवेशन के साथ गैलेक्सी ए55 5जी और गैलेक्सी ए35 5जी के लॉन्च की घोषणा की है। नई ए सीरीज़ के इन फोन्स में कई विशेषताएं हैं जिनमें गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ सिक्योरिटी, एआई आधारित एडवांस्ड कैमरा फीचर्स और एक टेम्पर रजिस्टेंस सिक्योरिटी सॉल्यूशन, सैमसंग नॉक्स वॉल्ट और कई दूसरे नए फीचर शामिल हैं। इन फोन्स में एक लिनियर लेआउट के साथ फ्लैगशिप-इंस्पायर्ड फ्लोटिंग कैमरा डिज़ाइन है। ये प्रीमियम और मजबूत फोन तीन ट्रेंडी रंगों ऑसम लिलैक, ऑसम आइसब्लू और ऑसम नेवी में उपलब्ध हैं।

# जापान के सेंट्रल बैंक ने ब्याज दर में की बढ़ोतरी

**▶▶ पिछले 17 साल में पहली बार देश में ऐसा हुआ है ▶▶ देश में तीन दशक में पहली बार सैलरी भी बढ़ी है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हम बैंक में पैसा रखते हैं तो इस पर हमें ब्याज मिलता है। लेकिन दुनिया में एक ऐसा भी देश है जहां के लोगों को बैंक में पैसा जमा कराने के लिए पैसा देना पड़ता था। हम बात कर रहे हैं जापान की। दुनिया के चौथी बड़ी इकॉनमी वाले देश जापान में 17 साल में पहली बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गई है। बैंक ऑफ जापान ने ब्याज दर को -0.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 0 प्रतिशत-0.1 प्रतिशत कर दी है। साल 2016 में जापान ने देश की ठहरी हुई इकॉनमी में जान फूंकने के लिए ब्याज दर को जीरो से नीचे ला दिया था। जापान दुनिया का एकमात्र देश था जहां निगेटिव इंटरेस्ट रेट था। अब दुनिया के किसी भी देश में इंटरेस्ट रेट माइनस में नहीं है। निगेटिव रेट्स का मतलब है कि लोगों को बैंकों में पैसा जमा करने के लिए पैसे देने पड़ते हैं। कई देश खपत बढ़ाने के लिए निगेटिव इंटरेस्ट रेट रखते हैं। इससे लोग पैसे बैंक में जमा करने के बजाय खर्च करते हैं।



बैंक ऑफ जापान ने साथ ही यील्ड कंट्रोल कर्व की पॉलिसी भी छोड़ दी है। इसके तहत वह ब्याज दरों को काबू में रखने के लिए जापान सरकार के बॉन्ड्स की खरीदारी करता था। यह पॉलिसी 2016 से लागू थी। लेकिन इसकी आलोचना हो रही थी। आरोप था कि इसके जरिए इंटरेस्ट रेट्स को बढ़ने से रोका जा रहा है जिससे यह बाजार को प्रभावित कर रही है। देश में कई वर्षों से सैलरी में भी बढ़ोतरी नहीं की गई थी। लेकिन इसी महीने जापान की सबसे बड़ी कंपनियों ने सैलरी में 5.28 प्रतिशत बढ़ोतरी पर सहमति जताई है। यह पिछले तीन दशक से भी अधिक समय में सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। जापान के सेंट्रल बैंक ने साथ ही संकेत दिया है कि फिलहाल ब्याज दरों में और बढ़ोतरी नहीं की जाएगी।

**मंदी से बचा जापान**

फरवरी में जापान का प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज निक्कई 225 ने ऑल-टाइम हाई स्तर छुआ था। इसने 34 साल पुराना रेकॉर्ड तोड़ा था। देश की इकॉनमी मंदी में फंसने से बाल-बाल बची है। संशोधित डेटा के मुताबिक 2023 के अंतिम पिछले तीन महीनों में जीडीपी 0.4 फीसदी ज्यादा रफ्तार से बढ़ी। महामारी के दौरान दुनियाभर के सेंट्रल बैंक्स ने ब्याज दरों में कटौती की थी। इस दौरान कई देशों में इंटरेस्ट रेट निगेटिव में चला गया था। इनमें स्विट्जरलैंड और डेनमार्क के साथ-साथ यूरोपियन सेंट्रल बैंक भी शामिल हैं। महंगाई को रोकने के लिए दुनिया के कई देशों ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है।

## चालू वित्त वर्ष में 450 अरब डॉलर पहुंच सकता है निर्यात, फियो का दावा-2030 तक एमएसएमई की होगी बड़ी भूमिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लाल सागर जैसी चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष तक वस्तुओं का निर्यात 450 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यातकों के संगठन फियो के मुताबिक, लाल सागर संकट से पैदा हुई चुनौतियों का समाधान समुद्री बीमा और माल ढुलाई शुल्क में तर्कसंगत वृद्धि करके किया जा सकता है।

FIEO FEDERATION OF INDIAN EXPORT ORGANISATIONS

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अनुसार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले कर्ज की जरूरत है। ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों के बाद निर्यात को मदद मिलेगी। फरवरी में निर्यात 12 प्रतिशत बढ़कर 41.40 अरब डॉलर रहा। अप्रैल-फरवरी के दौरान वस्तुओं का निर्यात 395 अरब डॉलर था। फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने मंगलवार को कहा, मैं सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले एमएसएमई के मुद्दों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करूंगा। ये इकाइयां 2030 तक 1,000 अरब डॉलर के वस्तु निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## हैवेल्स लॉयड के डिजाइनर उत्पादों की रेंज लेकर आई, कहा- घरेलू बाजार के साथ ग्लोबल मार्केट पर भी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हैवेल्स कंपनी लॉयड ब्रांड के तहत अपने उत्पादों की निर्यात क्षमता बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। कंपनी ने मंगलवार को एसी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन और टेलीविजन की नई रेंज पेश करते हुए इसकी जानकारी दी। मीडिया से बातचीत के दौरान हैवेल्स इंडिया के कार्यकारी निदेशक योगेश कुमार गुप्ता ने कहा कि कंपनी ने आंध्र प्रदेश के श्री सिटी में अपनी नई विनिर्माण इकाई के पहले चरण में अब तक लगभग 400 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिसके बाद इसकी क्षमता 20 लाख यूनिट्स से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा, हमारे पास अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए बड़ी योजनाएं हैं। हमने श्री सिटी में अपना दूसरा संयंत्र



लगाया है, जो चेन्नई बंदरगाह के बहुत निकट है। हम पहले से ही मध्य पूर्व, सार्क देशों और अफ्रीकी देशों को निर्यात कर रहे हैं। हमने अमेरिका को निर्यात भी शुरू कर दिया है।

**नया प्लांट शुरू होने से ग्लोबल बाजार में मौजूदगी बढ़ाने में मिलेगी मदद :** उन्होंने कहा, पहले हमारे पास सिर्फ एक प्लांट था और उस प्लांट में सालाना 10 लाख एसी बनाने की क्षमता थी, इसलिए हम घरेलू बाजार पर अधिक फोकस कर रहे थे। अब अतिरिक्त प्लांट शुरू हो जाने से हमें देश के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी पैठ बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**डिजाइनर उत्पादों की नई रेंज लेकर आई कंपनी :** हैवेल्स ने लॉयड ब्रांड के तहत मंगलवार को अपने पोर्टफोलियो में एसी मॉडलों की एक नई रेंज पेश की। लॉयड बाजार में पहली बार डिजाइनर स्टेलर और स्टाइलस एयर कंडीशनर रेंज लेकर आई है। कंपनी ने साथ ही में रैपिड कूल टेक्नोलॉजी से लैस रेफ्रिजरेटर भी पेश किया है। कंपनी का दावा है कि यह केवल 29 मिनट में पानी को बर्फ में बदल सकता है। जबकि अन्य ब्रांड्स के रेफ्रिजरेटर्स में बर्फ बनने में कम से कम घंटे का समय लगता है। इसके अलावे, लॉयड नोवान्टे फुली ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन भी लेकर आई है।

## सन्सोडाइन वर्ल्ड ओरल हैल्थ डे के अवसर पर भोपाल में निशुल्क डेंटल कैंप लगा रहा है

SENSODYNE

**भोपाल।** हेलन के ओर से अग्रणी ओरल केयर ब्रांड, सन्सोडाइन भारत में 12 मार्च से 31 मार्च, 2024 के बीच फ्री डेंटल कैंप लगा रहा है। ये कैंप हर साल 20 मार्च को मनाए जाने वाले वर्ल्ड ओरल हैल्थ डे के अवसर पर सन्सोडाइन के मौखिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनें अभियान के अंतर्गत लगाए जा रहे हैं। इन कैंपो द्वारा सन्सोडाइन का उद्देश्य भारतीयों को ओरल केयर का महत्व समझाना और उन्हें प्रोएक्टिव डेंटल केयर फ्री प्रदान करना है।

हाल ही में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 60 प्रतिशत लोगों को ओरल हैल्थ की समस्या है। जबकि डेंटल केयर प्राप्त करने की कोशिश केवल 5 प्रतिशत लोग ही करते हैं, और दाँतों के लिए कोई बीमा बीमा भी नहीं होती है 7 सन्सोडाइन इस समस्या के समाधान के लिए विभिन्न शहरों और गाँवों में 500 से ज्यादा फ्री डेंटल कैंप लगा रहा है 7

भोपाल में लगाए जा रहे डेंटल कैंप में ओरल हैल्थ की विभिन्न समस्याओं, जैसे सेंसिटिविटी, मसूढों की समस्याओं, कैविटी, और दाँत की ऊपरी परत के घिसने का समाधान प्रदान किया जाएगा।

## ग्रासिम ने इंटरनेशनल फाइनेंस कारपोरेशन से जुटाया 1250 करोड़ रुपये का अपना पहला सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर

**सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फंडिंग कंपनी के पेंट्स व्यवसाय में निवेश का करेगी समर्थन**

**मुंबई, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने विश्व बैंक समूह की निजी क्षेत्र की शाखा, इंटरनेशनल फाइनेंस कारपोरेशन से 1250 करोड़ रुपये (लगभग 150 मिलियन डॉलर के बराबर) के निवेश की घोषणा की है। यह निवेश कंपनी द्वारा जारी किए जाने वाले नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर के माध्यम से होगा। सस्टेनेबिलिटी-लिंक्ड एनसीडी पेंट मैन्यूफैक्चरिंग में कंपनी के निवेश का सपोर्ट करेंगे। आईएफसी का निवेश ग्रासिम के पेंट निर्माण प्रक्रिया में रिन्युएबल एनर्जी और वाटर रिसाईकिलिंग को बढ़ावा देकर उनके कार्बन उत्सर्जन को कम करने में तेजी लाएगा। हाल ही में, आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन, श्री कुमार मंगलम बिड़ला ने अपने नए डेकोरेटिव पेंट्स ब्रांड, बिरला ओपस के तहत उत्पादों और सेवाओं के लॉन्च की घोषणा की, जिसका लक्ष्य फुल स्केल ऑपरेशन के 3 वर्षों के भीतर 10,000 करोड़ रूपये का ग्रॉस रिवेन्यु प्राप्त करना है। सभी छह मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट जीरो लिक्विड डिस्चार्ज के साथ पूरी तरह से सस्टेनेबल होंगे और सप्लाई चैन प्रोसेसेस को तीव्र गति, जीरो डिफेक्ट और एंड-टू-एंड ट्रैसेबिलिटी का प्रबंधन करने के लिए फोर्थ जनरेशन मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी से लैस होंगे।



ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री एच के अग्रवाल ने कहा, हम इंटरनेशनल फाइनेंस कारपोरेशन (आईएफसी) के निवेश का स्वागत करते हैं, जो हमारी सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव्स को मान्यता देता है। हम अपनी सस्टेनेबिलिटी के फुटप्रिंट्स को और बढ़ाने के लिए आईएफसी के साथ सहयोगात्मक रूप से कार्य करेंगे। हम अपने रिन्युएबल प्रोजेक्ट्स और एनर्जी एफिशिएंट प्रोडक्ट्स से लो-कार्बन इकॉनमी में परिवर्तन लाने पर कार्य कर रहे हैं, और अपनी गतिविधियों को ग्लोबल सस्टेनेबल गोल्स के साथ और भी अधिक अनुकूल बनाने की आशा कर रहे हैं। आईएफसी में भारत की कंट्री हेड सुश्री वेंडी वर्नर ने कहा, आईएफसी की वित्तीय सहायता ग्रासिम के पेंट व्यवसाय में सस्टेनेबल ग्रोथ में योगदान देगी और अन्य विनिर्माण कंपनियों को एनर्जी एफिशिएंट और पानी बचाने वाली प्रौद्योगिकियों और प्रथाओं को सफलतापूर्वक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## पीवीआर आइनॉक्स का पॉकेट-फ्रैंडली पासपोर्ट अब बेमिसाल फीचर्स के साथ पूरे भारत में उपलब्ध है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआर आइनॉक्स लि. ने अपनी मंथली सिनेमा सब्सक्रिप्शन सर्विस 'पासपोर्ट' का दूसरा एडिशन लॉन्च किया है। इसे कंज्यूमर का कीमती फीडबैक लेकर दोबारा डिजाइन किया गया है। पासपोर्ट अब दक्षिण भारतीय राज्यों समेत पूरे देश में उपलब्ध है। और उसका यह दोहराव यूजर के लिये ज्यादा अनुकूल है। इसमें रोमांचक नये फीचर्स और कुछ शर्तें भी हैं। इसकी शुरूआत 18 मार्च से हो रही है और इसके साथ सब्सक्राइबर्स किफायती दामों पर फिल्में देख सकेंगे। सोमवार से गुरुवार तक सब्सक्राइबर्स सिर्फ 349 रूपये में हर महीने 4 फिल्में देख सकते हैं। पासपोर्ट के माध्यम से सब्सक्राइबर्स किसी और के लिये भी टिकट खरीद सकेंगे और रिडीम कर पाएंगे। अगर सब्सक्राइबर्स रिक्लाइनर्स पर या आइमैक्स, पी (एक्सएल), आईसीई, स्क्रीनएक्स, एमएक्स4डी या 4डीएक्स जैसे प्रीमियम और एक्सपीरियेंशियल फॉर्मेट्स में फिल्में देखना चाहते हैं, तो उन्हें पासपोर्ट कूपन के ऊपर 150 रूपये की अतिरिक्त फीस देनी होगी। फिर उनका अनुभव ज्यादा मजेदार बन जाएगा। हालांकि यह फीचर दक्षिण भारतीय बाजारों में उपलब्ध नहीं होगा। फिल्मों के शौकीन पीवीआर एण्ड आइनॉक्स ऐप या वेबसाइट पर या पेटीएम के माध्यम से अपना पीवीआर आइनॉक्स पासपोर्ट 2.0 ले सकते हैं।

# रियलमी ने पेश किया रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपने अपनी नार्जो सीरीज में नया स्मार्टफोन रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी पेश किया है। रियलमी की नार्जो सीरीज में यूजर्स को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए स्मार्टफोन की एक स्टाइलिश श्रृंखला आती है। भारत में लगातार बढ़ते हुए 16 मिलियन यूजर्स के साथ रियलमी की नार्जो सीरीज अगली पीढ़ी के स्मार्टफोन पेश करती है। इन डिवाइसेज को आधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ डिजाइन किया गया है ताकि यूजर्स शिखर पर रहते हुए अपने व्यक्तित्व का प्रदर्शन कर सकें। नए रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी का उद्देश्य लो-लाइट फोटोग्राफी में नए मानक स्थापित करना और इनोवेशन एवं उत्कृष्टता की रियलमी की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।




इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा आज हम केवल अमेजन पर रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी पेश करके उत्साहित हैं यह एक ऐसा स्मार्टफोन है जो स्मार्टफोन उद्योग में लो-लाइट फोटोग्राफी के मानकों को बदल देगा। रियलमी का नार्जो सीमाओं को आगे बढ़ाने और ऐसे उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो युवा और तकनीक-प्रेमी ग्राहकों की रुचि के अनुरूप है। रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं, जो मिड-रेंज सेगमेंट को फिर से परिभाषित करेंगे। हमारा मानना है कि यह स्मार्टफोन एक इनोवेटिव और ट्रेंड-सेटिंग स्मार्टफोन ब्रांड के रूप में हमारी स्थिति को और ज्यादा मजबूत बना देगा।

इस लॉन्च के बारे में अमेजन इंडिया के डायरेक्टर, वायरलेस और होम एंटरटेनमेंट, रंजीत बाबू ने कहा नार्जो सीरीज को ग्राहकों ने शक्तिशाली परफॉर्मेंस, डिजाइन और वैल्यू फॉर मनी के लिए अमेजन.इन पर काफी ऊँची रेटिंग दी है। हम नार्जो 70 प्रो के लॉन्च के लिए पूरी रियलमी टीम को बधाई देते हैं। यह एक ऐसा स्मार्टफोन है, जो अपने अत्याधुनिक कैमरे और बेहतरीन ग्लास डिजाइन के साथ सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देगा। हम नार्जो 70 प्रो पर ग्राहकों को 3 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई के साथ सुगम और तुरंत लोन प्रदान कर रहे हैं, जिसके लिए उन्हें क्रेडिट कार्ड की भी जरूरत नहीं, और वो अमेजन पे लेटर द्वारा इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। इसके अलावा उन्हें कई अन्य ऑफर भी दिए जा रहे हैं। हमें रियलमी के साथ अपने निरंतर जुड़ाव पर गर्व है और नार्जो 70 प्रो के साथ हमारे 5जी स्मार्टफोन के पोर्टफोलियो का और ज्यादा विस्तार हो गया है।

## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर ने स्नातकोत्तर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं

**जोधपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर2024 शैक्षणिक सत्र के लिए एम.टेक और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। संस्थान के विभागों और स्कूलों में विभिन्न एमटेक विशेषज्ञताओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए चयन मानदंड ब्रज्ञश्व और छ्वरूजैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में प्राप्त अंकों पर आधारित हैं। विशेष रूप सेपिछले वर्षों की तुलना में गत वर्ष सभी कार्यक्रमों में चयनित उम्मीदवारों के शुरुआती और अंतिम जीएटीई स्कोर के अनुसार उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।यह शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सभी एम.टेक कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल, 2024 है। विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। भा.प्रौ.सं. जोधपुर रोबोटिक्स और मोबिलिटी सिस्टम, इंटेलिजेंट कम्युनिकेशन सिस्टम, मैटेरियल्स इंजीनियरिंग, जैव विज्ञानएवं जैव अभियांत्रिकी, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर फिजिकल सिस्टम, सेंसर और इंटरनेट ऑफ थिंग्स में एम.टेक. सहित विविध स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित करता है।

## एक्सिस बैंक ने अखिल भारतीय प्रतियोगिता स्प्लैश के विजेताओं की घोषणा की

**नईदिल्ली, एजेसी।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने 7-14 आयु वर्ग के बच्चों के लिए कला, शिल्प और साहित्य पर वार्षिक अखिल-भारतीय प्रतियोगिता स्प्लैश के छह राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की सभी छह फाइनलिस्टों को हैमलीज, फेबर कैसल, अमेरिकन टूरिस्टर और बोट जैसे साझेदारों की ओर से प्रत्येक को 1 लाख रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी, रोमांचक हैम्पर्स और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दिए जाएंगे और प्रत्येक उपविजेता को 50 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।



पहल पर बोलते हुए एक्सिस बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनूप मनोहर ने कहा हम सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देना चाहते हैं और इस प्रतियोगिता को बड़ी सफलता बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विजेताओं को बधाई देना चाहते हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि युवा दिमाग बेहतर कल के लिए दुनिया को बनाने, ढालने और बदलने की शक्ति रखते हैं और एक्सिस बैंक में हम अपनी अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर समुदाय के निर्माण में इस यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं। स्प्लैश के माध्यम से, हम बच्चों को कला, शिल्प और साहित्य जैसे रचनात्मक माध्यमों के माध्यम से अपने को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास करते हैं और ऐसा करना जारी रखेंगे।' 7-10 वर्ष आयु वर्ग के विजेताः कलाः जीडीजीपीएस, नई दिल्ली से शिवांश सोनी, शिल्पः सेंथिल पब्लिक स्कूल, सेलम, तमिलनाडु से यशवी प्रेमकुमार, साहित्यः सिटी इंटरनेशनल स्कूल औंध, पुणे, महाराष्ट्र से कृतिका रेड्डी, 11-14 वर्ष आयु वर्ग के विजेताः, कलाः द प्रेसिडेंशियल स्कूल, विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश से पी. अक्षिता, शिल्पः दिल्ली पब्लिक स्कूल, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल से देवायुध दास, साहित्यः डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, लुधियाना, पंजाब से स्तुति जैन प्रतियोगिता में पूरे देश से 6.8 लाख से अधिक प्रतिभागियों की प्रविष्टियां देखी गईं, जिसमें वार्षिक 36 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस पहल के माध्यम से बैंक ने फिजिकल प्रतियोगिता आयोजित करके अब तक 5 करोड़ से अधिक की संचयी पहुंच बनाई है।

छोरियां छोरों से कम है के...

# विराट के साथ इन दिग्गजों ने दी स्मृति मंधाना की टीम को गार्ड ऑफ ऑनर



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग 2024 में चैंपियन बनने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु की टीम कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि विराट कोहली ने जो हासिल किया उसके लिए वह सम्मान के हकदार हैं। ट्रॉफी जीतने से कुछ नहीं होता है।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के लिए विमेंस प्रीमियर लीग 2024 एक खास टूर्नामेंट रहा। क्रिकेट टीम आईपीएल तो नहीं जीत पाई थी, लेकिन महिला टीम ने स्मृति मंधाना की कप्तानी में डब्ल्यूपीएल ट्रॉफी 2024 जीतकर इतिहास रचा दिया। इस जीत से निश्चित रूप से पुरुष टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराने के बाद विराट कोहली को वीडियो कॉल पर जीत का जश्न मनाते हुए देखा गया था।

विराट कोहली 2008 से शुरू हुई आईपीएल में हमेशा आरसीबी टीम के साथ रहे हैं। उनकी खुशी साफ झलक रही थी। मंगलवार को उन्हें और आरसीबी के अन्य मेंस प्लेयर को आरसीबी के अनबॉक्स कार्यक्रम में महिला टीम को गार्ड ऑफ हॉनर देते हुए देखा गया।

### विराट की उपलब्धियों को कम आंकना है गलत

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना को लगता है कि हाल ही में उनकी टीम के विमेंस प्रीमियर लीग खिताब जीतने के बाद लोगों द्वारा विराट कोहली की उपलब्धियों को कम आंकना ठीक नहीं है। मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी टीम ने अपने दूसरे ही साल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल ट्रॉफी जीत ली, जबकि उनके पुरुष साथी, करीब एक दशक तक कप्तानी करने वाले कोहली के नेतृत्व में भी 16 साल के आईपीएल में सफलता नहीं पा सके। मंधाना ने कहा, खिताब एक चीज है, लेकिन उन्होंने भारत के लिए जो हासिल किया है उसकी बराबरी नहीं की जा सकती है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि मेरा करियर कहां है और उन्होंने क्या हासिल किया है, इसके लिहाज से तुलना सही है। भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान ने कहा, मैं तुलना पसंद नहीं करती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है वो बहुत अच्छा है, वह एक प्रेरणादायक इंसान हैं। एक खिताब बहुत सी चीजों को परिभाषित नहीं करता है। हम सभी उनका सम्मान करते हैं और मुझे लगता है कि विराट को सम्मान मिलना ही चाहिए। तो, मेरे लिए भी इसमें कोई फर्क नहीं है।

# आईपीएल इतिहास की 5 सबसे बड़ी जीत

## 3 बार आरसीबी ने किया 'दुश्मनों' को शर्मसार तो मुंबई के नाम है ये रिकॉर्ड

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग का तड़का 22 मार्च से पूरे भारत में लगने वाला है। यह आईपीएल का 17वां सीजन होगा। आइये ऐसे में जानते हैं आईपीएल इतिहास की रनों के मामले से 5 सबसे बड़ी जीत के बारे में। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए सभी 10 फ्रेंचाइजियां पूरी तरह से तैयार हैं। 22 मार्च से आईपीएल का नया नवेला सीजन शुरू होने वाला है। 17वें सीजन के शुरू होने से पहले जानते हैं आईपीएल इतिहास के रनों के लिहाज से 5 सबसे बड़ी जीतों के बारे में।

**मुंबई ने दिल्ली को 146 रन से हराया** – 2017 के आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 146 रन के मार्जिन से हराया था। यह आईपीएल इतिहास में रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत है। एमआई ने पहले बल्लेबाजी कर 3 विकेट पर 212 रन बनाए थे। हालांकि 213 रन के टारगेट का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स 66 रन पर ही ऑल आउट हो गई थी।



**बेंगलुरु ने गुजरात लायंस को 144 रन से हराया** – 2016 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात लायंस के बीच खेले गए मैच में आरसीबी ने गुजरात को 144 रन से धूल चटाई थी। इस मैच में विराट कोहली (109) और एबी डिवीलियर्स (129*) दोनों ने शतक ठोके थे। बेंगलुरु ने गुजरात को 249 रन का टारगेट दिया था।, जिसका पीछे करते हुए लायंस 104 रन पर ही ढेर हो गए थे।

**केकेआर ने आरसीबी को 140 रन से हराया** – आईपीएल के इतिहास का पहला मैच कोलकाता नाइटराइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया था। पहले ही मैच में केकेआर के लिए खेलते हुए ब्रेंडन मैकुलम ने 158 रन की तूफानी पारी खेली थी। कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे। इसके जवाब में बेंगलुरु महज 15.1 ओवर में 82 रन बनाकर हार गई। ऐसे में नाइटराइडर्स 140 रन से मैच जीत गया था।

### बेंगलुरु ने पंजाब को 138 रन से हराया

2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 138 रन से हराया था। यह आईपीएल में रनों के लिहाज से चौथी सबसे बड़ी जीत है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 226 रन बोर्ड पर लगाए। 227 रन के टारगेट का पीछा करते हुए पंजाब 88 रन पर ही ऑल आउट हो गई।

### बेंगलुरु ने पुणे को 130 रन से हराया

2013 के आईपीएल सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पुणे वॉरियर्स इंडिया को 130 रन के मार्जिन से हराया था। यह वही मैच है जिसमें क्रिस गेल ने ऐतिहासिक 175* रन की पारी खेली थी। आरसीबी ने इस मुकाबले में 5 विकेट पर 263 रन बनाए थे और पुणे को 264 रन का लक्ष्य दिया था। इस बड़े टारगेट को चेज करते हुए 9 विकेट पर पुणे 133 रन ही बना पाई और 130 रन से मैच हार गई।

# भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार :अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिए आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिए तैयार होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, 'भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'हम दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास युवाशक्ति है। खेलों के लिए भारत से बड़ा बाजार नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट देखने ब्रिटेन से करीब 4000 क्रिकेटप्रेमी धर्मशाला पहुंचे थे और उन्होंने स्टेडियम की तारीफ भी की। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद 2028 ओलंपिक लॉस एंजीलिस में और 2032 ओलंपिक ब्रिसबेन में खेले जाएंगे।

# विराट कोहली की प्रशंसकों से अपील

## मुझे किंग मत कहा करो, यह मुझे शर्मिंदा करता है



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अपने प्रशंसकों से उन्हें 'किंग' कहना बंद करने का आग्रह किया है। कोहली ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एकत्रित प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस लोकप्रिय उपनाम से कई बार शर्मिंदगी महसूस होती है। कोहली के इतना कहते ही प्रशंसकों ने कोहली कोहली के नारे लगाने शुरू कर दिए। इस दौरान विराट ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी के बाद कैसा महसूस हो रहा है, संबंधी सवाल पूछे जाने पर कहा कि फिर से वापस आना अच्छा लग रहा है।

उत्साहित कोहली ने भीड़ से मजाकिया लहजे में कहा कि मुझे बात करने दीजिए। दोस्तों, हमें आज रात चेन्नई जाना है, हमारे पास एक चार्टर्ड फ्लाइट है इसलिए हमारे पास समय नहीं है (हंसते हुए)। कोहली ने कहा कि सबसे पहले, आपको मुझे उस शब्द (किंग) से बुलाना बंद करना होगा। कृपया मुझे विराट कहकर बुलाएं। मुझे उस शब्द (किंग) से मत बुलाएं, मैं सिर्फ फाफ डु प्लेसिस से कह रहा था कि जब आप मुझे इस शब्द से बुलाते हैं तो मुझे हर साल शर्मिंदगी महसूस होती है। तो कृपया मुझे केवल विराट कहकर बुलाएं, अब से उस शब्द का इस्तेमाल न करें, यह मेरे लिए बहुत शर्मनाक है।

विशेष रूप से, मंगलवार पहला उदाहरण नहीं था जब कोहली ने प्रशंसकों से उन्हें किंग नहीं कहने का आग्रह किया था। विराट ने पिछले साल आरसीबी इनसाइडर शो में कहा था कि भले ही यह सुंदर है। मैं जानता हूं कि वे (प्रशंसक) ऐसा क्यों कह रहे हैं, लेकिन मुझे यह पसंद नहीं है। मुझे अपने ही नाम से बुलाया जाना पसंद है, विराट। उन्होंने कहा कि लोग प्यार से मुझे किंग कहते हैं, लेकिन मैं निजी तौर पर इसे पसंद नहीं करता। 'ई साला कप नामधे' की तरह, 'किंग' मत कहिए।

# टी20 सीरीज स्थगित होने पर अफगानिस्तान बोर्ड नाराज, कहा- बाहरी दबाव के आगे न झुकें

**काबुल(एजेंसी)।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से आग्रह किया कि वह मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच टी-20 श्रृंखला स्थगित होने के बाद बाहरी दबाव और राजनीतिक प्रभावों के आगे न झुकें। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि एशियाई देश में तालिबान शासन के तहत देश में महिलाओं के लिए बिगड़ते मानवाधिकारों के कारण अगस्त में दोनों पक्षों के बीच निर्धारित पुरुष टी20आई श्रृंखला स्थगित की।

अब एसीबी को अपनी वेबसाइट पर एक बयान जारी करने के लिए मजबूर किया है जिसमें दोनों पक्षों के बीच एक और द्विपक्षीय श्रृंखला को स्थगित करने के सीए के फैसले पर निराशा व्यक्त की गई है। बोर्ड ने कहा, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) अफगानिस्तान के खिलाफ एक और द्विपक्षीय श्रृंखला को स्थगित करने के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के फैसले पर निराशा व्यक्त करता है और दुनिया भर में तटस्थ और राजनीति-मुक्त क्रिकेट पर अपना रुख दोहराता है। एसीबी अफगानिस्तान में खेल के महत्व और अफगान राष्ट्र की खुशी और आनंद से इसके संबंध को देखते हुए क्रिकेट को राजनीतिक प्रभाव से अलग रखने की वकालत करता है।



एसीबी ने यह भी कहा कि वे सीए पर पड़ रहे दबाव को समझते हैं, लेकिन संचालन संस्था ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार से क्रिकेट बोर्डों पर अपनी नीतियां नहीं थोपने और क्रिकेट के विकास के समर्थन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। अफगानिस्तान बोर्ड ने कहा, एसीबी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पर ऑस्ट्रेलियाई सरकार के दबाव को स्वीकार करता है और दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से ऐसे मुद्दों को संबोधित करने के महत्व पर जोर देता है। एसीबी ऑस्ट्रेलियाई सरकार से अपनी नीतियों को क्रिकेट बोर्डों पर थोपने के बजाय सभी क्षेत्रों में क्रिकेट के विकास का समर्थन पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करता है।

उन्होंने कहा, एसीबी का शीर्ष प्रबंधन पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत में शामिल हुआ था और सार्वजनिक रूप से वापसी की घोषणा करने के बजाय वैकल्पिक समाधान तलाशने का प्रस्ताव रखा था। एसीबी तीसरी बार अफगानिस्तान से हटने के सीए के फैसले पर निराशा व्यक्त करता है। बयान में कहा गया, तीन मैचों की टी20आई श्रृंखला आईसीसी 2023-2027 अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के लिए अफगानअटलान के एफटीपी का हिस्सा थी, जिसे सीए प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में आईसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया था, जो उस समय फिक्स्चर के लिए सहमत हुए थे।

एसीबी सीए से बाहरी दबाव के आगे झुकने के बजाय वैकल्पिक समाधान तलाशने को भी कहेगी। उन्होंने कहा, एसीबी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एक पूर्ण सदस्य राष्ट्र के रूप में अपनी स्थिति का सम्मान करने और समझने और बाहरी दबावों और/या राजनीतिक प्रभावों के आगे झुकने के बजाय वैकल्पिक समाधान तलाशने का आग्रह करता है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अन्य पूर्ण सदस्य देशों के साथ बातचीत करने और आईसीसी सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्रिकेट राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रहे और इसमें शामिल सभी पक्षों द्वारा समर्थित रहे।

यह तीसरी बार था जब सीए ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला स्थगित करने का फैसला किया। 2021 में एकमात्र टेस्ट रद्द कर दिया था। इसके बाद सीए ने 2023 में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से हटने का फैसला किया। सीए ने मंगलवार को कहा कि द्विपक्षीय श्रृंखला को स्थगित करने का निर्णय ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ परामर्श के बाद आया।

# पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में भाग नहीं ले सकेंगे रूस और बेलारूस के खिलाड़ी

**जिनेवा (एजेंसी)।** रूस और बेलारूस के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक परेड में भाग नहीं ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को है जिसमें हजारों खिलाड़ी सीन नदी से एफील टावर की तरफ नावों से आएंगे जबकि आम तौर पर परेड स्टेडियम में होती है।



आईओसी ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी नदी के किनारे समारोह देख सकेंगे। उन्हें तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक में खेलने की अनुमति मिली है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति ने 28 अगस्त को पेरिस पैरालम्पिक के उद्घाटन समारोह में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध की घोषणा की थी। यूक्रेन में जारी जंग के कारण दोनों देशों को ओलंपिक में टीम स्पर्धाओं में भाग नहीं लेने दिया जाएगा।

वहीं व्यक्तिगत वर्ग में खिलाड़ी तटस्थ तौर पर खेलेंगे बशर्ते उन्होंने यूक्रेन में जारी युद्ध का समर्थन नहीं किया हो या सेना या सुरक्षाबलों से जुड़े नहीं हों। रूसी पासपोर्ट धारक 36 और बेलारूस के 22 खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

# धोनी के लिए क्रिकेट महत्वपूर्ण है लेकिन सब कुछ नहीं : पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वर्षों की महनत के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी खुद की एक विरासत बनाई है। 2011 में भारत को वनडे विश्व कप जिताने से लेकर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ पांच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने तक, रांची में जन्मे क्रिकेटर ने खेल को अपना सब कुछ दिया है। हालांकि भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि धोनी जैसे स्थापित और प्रसिद्ध खिलाड़ी के लिए क्रिकेट महत्वपूर्ण है, लेकिन यह उनके लिए सब कुछ नहीं है।

जहीर ने कहा, जब आप खेल रहे हों, तो (खेल से) स्विच ऑफ करना बहुत महत्वपूर्ण है। क्रिकेट ही सब कुछ नहीं है। हर क्रिकेटर को अंततः इसका सामना करना पड़ता है। जब आप खेल से दूर हो जाते हैं तो आपके पास बहुत सारे विकल्प नहीं होते हैं। हमने कई एथलीटों को रिटायर होने के बाद संघर्ष करते देखा है क्योंकि उन्होंने खेल को अपना सब कुछ दे दिया, और जब उन्होंने इसे छोड़ा, तो उन्हें नहीं पता था कि क्या करना है।

जहीर ने धोनी की बाइक्स में रुचि पर भी गौर किया। उन्होंने कहा, इस अर्थ में एमएस धोनी को बहुत पहले ही समझ आ गया था कि उन्हें क्रिकेट का शौक है और यह उनके जीवन का अभिन्न अंग है। लेकिन यह सब कुछ नहीं हो सका। वह खेल से बाहर की चीजें करता रहता है। मसलन, बाइक्स में उनकी दिलचस्पी। वह हमेशा उन पर शोध करते रहते हैं।

# विराट कोहली सचिन से बेहतर, महानतम भारतीय बल्लेबाज :नवजोत सिद्धू



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दशक बाद क्रिकेट कमेंट्री बॉक्स में वापसी करने जा रहे पूर्व क्रिकेटर और नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने आते ही विराट कोहली को भारत का महानतम बल्लेबाज का शीर्षक दिया है। सिद्धू ने विराट को सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और सर विव रिचर्ड्स से भी बेहतर बताया है। साथ ही कहा कि वह भारत द्वारा निर्मित अब तक के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट हैं।

सिद्धू ने सबसे पहले कोहली को नंबर तीन पर उतारना चाहिए या नहीं, सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यह टीम की मांग होती है। आप दुनिया के महानतम खिलाड़ी हो सकते हैं, जो वह हैं। लेकिन अगर आपकी टीम जीत नहीं रही है, खासकर एक बार भी ट्रॉफी अपने पास नहीं रखी है, तो यह एक धब्बा है। आप इसे मिटाना चाहेंगे। यह उनके लिए किसी भी तरह से हानिकारक नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और आप इसे देख सकते हैं। सिद्धू ने आगे कहा कि मैंने उन्हें अब तक का सर्वश्रेष्ठ भारतीय बल्लेबाज आंका है। ऐसे भी युग थे जब मैं अपना ट्रांजिस्टर लगाता था और सुनील गावस्कर को वेस्टइंडीज के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए सुनता था, वह 70 का दशक है। वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज को सुनना कि वह कैसे बिना हेलमेट के बल्लेबाजी करते थे। वह उनका युग था। वह लगभग 15-20 वर्षों तक हावी रहे। फिर तेंदुलकर आए और एक और युग की शुरूआत हुई। फिर धोनी आए और फिर विराट। यदि आप चारों को देखें , मैं उसे सर्वश्रेष्ठ मानूंगा क्योंकि उसने तीनों प्रारूपों में खुद को ढाला।

सिद्धू ने कोहली की फिटनस की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह तकनीकी क्षमता में श्रेष्ठ हैं साथ ही फिटनेस में। यदि आप चारों क्रिकेटरों को देखें, तो वह सबसे फिट हैं। तेंदुलकर को अपने करियर के बाद के चरणों में समस्याएं थीं। हालांकि धोनी अभी फिट हैं। लेकिन विराट सुपर फिट है। यह उसे एक स्तर तक ऊपर उठाता है, कुछ पायदान ऊपर। यह उसे एक प्लस देता है। अनुकूलनशीलता कारक सोने पे सुहागा है।



# श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए मुशिफकुर रहीम

**चटगांव, एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले बांग्लादेश को बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी विकेटकीपर–बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम अंगूठे की चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान फील्डिंग करते समय मुशिफकुर के अंगूठे पर गेंद लग गई थी। मैच के बाद हुई जांच से पता चला कि मुशिफकुर के अंगूठे में फैक्चर है। बांग्लादेश के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने पुष्टि की कि मुशिफकुर श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और उनके चार सप्ताह तक बाहर रहने की उम्मीद है। आईसीसी ने बायजेदुल के हवाले से कहा, मैच के बाद, मुशिफकुर का ढाका में स्कैन हुआ, जिसमें उनके दाहिने अंगूठे में फैक्चर का पता चला। इसलिए, लगभग तीन से चार सप्ताह तक उनके बाहर रहने की संभावना है। हालांकि, बीसीबी ने अभी तक रहीम के लिए किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है।

## संक्षिप्त समाचार

### अगर राहुल धर्मनिरपेक्ष तो धर्म के आधार पर चुनाव मत लड़ें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी स्वयं को धर्मनिरपेक्ष मानते हैं तो उन्हें धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए। एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि किसी देश की मंजिल का फैसला उस व्यक्ति द्वारा तय नहीं किया जा सकता जो अमेठी में हार से डरता है। उत्तर प्रदेश में अमेठी को लंबे समय तक गांधी परिवार का गढ़ माना जाता रहा है। राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति इरानी से चुनाव हार गए थे। स्मृति ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है, जब उन्होंने हिंदू धर्म के खिलाफ कोई बयान दिया है। लेकिन, मेरा मानना है कि यदि वह धर्मनिरपेक्ष हैं तो उन्हें धर्म के आधार पर नहीं लड़ना चाहिये, बल्कि उन्हें मुद्दों पर लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति में जीत और हार अंतर्निहित है, लेकिन सच्चा नेतृत्व किसी के विश्वास और सिद्धांतों पर दृढ़ रहने से प्रदर्शित होता है।

### कौन है प्रत्याशी और कहां मतदान केंद्र, हर जानकारी देगा ऐप




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो चुकी है। आयोग ने इस बार मतदाताओं और उम्मीदवारों से लेकर चुनाव आचार संहिता में जनभागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए कई ऐप बनाए हैं। मतदाता घर बैठे वोटर लिस्ट में अपना नाम और मतदान केंद्र से लेकर प्रत्याशियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, उम्मीदवारों को चुनाव आयोग से मंजूरी पाने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे... आचार संहिता उल्लंघन पर नजर रखना चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती होती है। इस ऐप के माध्यम से लोग चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में आयोग को सीधे शिकायत भेज सकते हैं। इस पर उल्लंघन संबंधित वीडियो और फोटो भी अपलोड किए जा सकते हैं। खास बात यह है कि इसमें आपको लोकेशन भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि आयोग का यह ऐप खुद ही उस जगह की पहचान कर लेगा। इससे कोई भी आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत बिना कहीं जाए की जा सकती है। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के साथ वोटों की गिनती व चुनाव नतीजों की जानकारी के लिए यह ऐप बनाया है। इसमें देश की हर लोकसभा सीट के नतीजों की जानकारी घर बैठे मिलेगी। इनकोर (ईएनसीओआरई) ऐप पर चुनाव प्रबंधन की कोर टीम से जुड़े लोग होंगे। वहीं, ईएसएमएस (चुनाव जब्ती प्रबंधन) ऐप के जरिए चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित कार्रवाई की जानकारी अपडेट की जाएगी। तीसरा ऑब्जर्वर ऐप है, जिसमें पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट देंगे। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को अब किसी चुनावी कार्यक्रम की मंजूरी के लिए चुनाव अधिकारियों के यहां जाने की जरूरत नहीं होगी। वह इस ऐप के जरिए ही आवेदन करेंगे। वहां के उम्मीदवारों की जानकारी लेने के लिए आपके पास कोई आसान साधन नहीं था। अब चुनाव आयोग ने केवाईसी ऐप तैयार किया है। इसमें चुनाव लड़ रहे सभी वैध उम्मीदवारों के नाम, उनका संसदीय क्षेत्र, उनके ऊपर दर्ज आपराधिक मामले, उनकी आय व संपत्ति की जानकारी भी देख सकते हैं।

# दिल्ली पुलिस ने अपहृत बच्चे को सकुशल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से मुक्त कराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के दयालपुर थाना पुलिस ने 13 मार्च को फिरौती के लिए नेहरू नगर इलाके से अपहृत बच्चे को सकुशल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से मुक्त करा लिया है। आरोपी 46 वर्षीय वीरेश उर्फ वीरु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया 13 मार्च को दयालपुर थाने को सात वर्षीय बच्चे के अगवा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाई तो उसकी अंतिम लोकेशन बुलंदशहर जिले में गंगा किनारे मिली। वहां लोगों ने बच्चे की तस्वीर को पहचान लिया और उसकी लोकेशन राजघाट गांव के पास पता चली। संदिग्ध आरोपी अपहृत बच्चे के साथ रेलवे स्टेशन के पास छिपा हुआ था। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



दिल्ली पुलिस के करीब 24 पुलिसकर्मियों की एक टीम ने अपहरणकर्ता का पता लगाया। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले, खेतों, मंदिरों और ढाबों में डेरा डाला, स्थानीय मुखबिरों से जानकारी निकाली और घर-घर जाकर तलाशी ली। आखिरकार रविवार को बुलंदशहर और संभल रेलवे स्टेशन के बीच से आरोपी को पकड़ लिया गया। पांच दिनों तक दिल्ली पुलिस पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 100 किमी तक सात साल के बच्चे और उसके अपहरणकर्ता को ढूंढती रही। आरोपी बच्चे का पड़ोसी निकला। पुलिस ने मासूम को सकुशल बरामद करके उसके माता-पिता को सौंप दिया।

46 साल के आरोपी वीरेश उर्फ वीरू ने परिवार के साथ पुरानी रंजिश का हिसाब चुकाने और पैसे ऐंठने के लिए 13 मार्च को मासूम का अपहरण किया था। वह लड़के को बहला-फुसलाकर संभल ले गया और उसके माता-पिता को फिरौती के लिए फोन किया। जब पुलिस उसका पीछा कर रही थी, तो वीरेश ने उसे स्थानीय रेलवे स्टेशन राजगढ़ ले जाने से पहले डुबाकर मारने की कोशिश की, ताकि वह दूसरे राज्य भाग सके लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उस पर फिरौती के लिए अपहरण और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

बच्चे के लापता होने के कुछ घंटों के अंदर पुलिस को इसकी जानकारी मिली। जिसके बाद दयालपुर एसएचओ अतुल त्यागी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम कार्रवाई में जुट गई। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने और तकनीकी निगरानी के दौरान, पुलिस ने संदिग्ध की पहचान कर ली। वीरेश की आखिरी लोकेशन संभल के एक मंदिर में पाई गई और जल्द ही पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुट गई। स्थानीय लोगों को अपहरणकर्ता की फोटो दिखाई गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने संभल में धर्मशालाओं और विभिन्न मंदिरों को स्कैन किया। मस्जिदों और मंदिरों में भी बच्चे को लेकर एनाउंसमेंट कराई गई। बाद में उन्हें बच्चे के राजगढ़ में होने की जानकारी मिली। टीम गांव पहुंची और सरपंच से संपर्क किया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर घर-घर की तलाशी ली। गुप्त जानकारी के आधार पर वीरेश को स्थानीय रेलवे स्टेशन से बच्चे के साथ पकड़ लिया।

## दिल्ली में स्नैचिंग नाकाम करने की कोशिश में महिला कांस्टेबल घायल, बदमाश ने दूर तक घसीटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के भजनपुरा इलाके में स्नैचिंग की कोशिश को नाकाम करने की कोशिश के दौरान बदमाश ने एक महिला कांस्टेबल को कई मीटर तक घसीट दिया। इस घटना में महिला कांस्टेबल बुरी तरह घायल हो गई। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना 16 मार्च को शाम करीब 4 बजे यमुना विहार रोड पर हुई। यह घटना उस वक्त हुई जब महिला कांस्टेबल रितिका (23) गीता कॉलोनी स्थित अपने घर लौट रही थी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बदमाश ने पहले महिला कांस्टेबल को धक्का दिया और उसका हैंडबैग छीन लिया। बदमाश भागने की कोशिश कर रहा था, तभी रितिका ने उसका स्कूटर पकड़ लिया। बदमाश ने स्कूटर नहीं रोका जिससे महिला कांस्टेबल कुछ मीटर तक घसीटती चली गई। इसके बाद महिला कांस्टेबल रितिका ने शोर मचाना शुरू किया। इससे आसपास के लोग जमा हो गए। लोगों की मदद से बदमाश को पकड़ लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी का नाम हयात (40) है। उसके कब्जे से हैंडबैग बरामद कर लिया गया है। इसमें मोबाइल फोन और दिल्ली पुलिस का आईडी कार्ड था। फिलहाल महिला कांस्टेबल रितिका की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दिल्ली के छावला इलाके में कार सवार बदमाशों ने 16 मार्च को एक व्यक्ति से स्कूटी लूट ली। विरोध करने पर पिटाई की और फरार हो गए। पुलिस ने 52 वर्षीय शेरा के बयान पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार, शेरा परिवार के साथ खैरा गांव में रहता है।



## एल्विश यादव पर और कसेगा शिकंजा, नोएडा पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार; हो सकता है बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा पुलिस ने मंगलवार देर रात एल्विश यादव से जुड़े मामले में दो लोगों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम विनय और ईश्वर हैं। दोनों से सेक्टर-20 थाना परिसर समेत अन्य ठिकानों पर पूछताछ गई। मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस जांच तेज हो गयी है। ईश्वर और विनय दोनों हरियाणा के रहने वाले हैं। दरअसल, एल्विश की सीडीआर में इन दोनों की बार-बार संलिप्तता पाई गई। हालांकि फिलहाल ईश्वर की इस केस में किस तरह से संलिप्तता है इसका पता नहीं चला है। इन दोनों की गिरफ्तारी से माना जा रहा है कि सांपों के जहर वाले केस में बड़ा खुलासा हो सकता है। नोएडा पुलिस अब एल्विश यादव की सोशल मीडिया कुंडली (फेसबुक, इंस्टाग्राम , एक्स, यूट्यूब ) भी खंगाल रही है। सोशल मीडिया पर एल्विश के खिलाफ मिलने वाले साक्ष्यों का पुलिस संकलन करेगी और उसे केस डायरी में शामिल कर न्यायालय में मजबूती के साथ अपना पक्ष रखेगी। एल्विश की कॉल डिटेल रिकॉर्ड और सोशल मीडिया की कुंडली सिंगर फाजिलपुरिया समेत कई अन्य की मुश्किलें बढ़ाने वाली है।

## महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलने वाले हैं-उद्धव

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को केंद्र की सत्ताधारी भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए एक ठाकरे को चुराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उद्धव ठाकरे की यह टिप्पणी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच दिल्ली में हुई एक बैठक के मद्देनजर आयी है। उद्धव ठाकरे ने नांदेड़ जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि यदि भाजपा उनके चचेरे भाई को अपने साथ ले लेती है, तो इससे उन्हें कोई परेशान नहीं होगी।

राज ठाकरे की दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात के बाद उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर निशाना साधा है। जब ऐसी चर्चा है कि भाजपा महाराष्ट्र में अपने गठबंधन को बढ़ाने के लिए लोकसभा चुनाव में राज ठाकरे की एमएनएस के साथ गठबंधन करना चाहती है। ''भाजपा अच्छी तरह से जानती है कि उसे महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलने वाले हैं। लोग यहां (बाल) ठाकरे के नाम पर वोट करते हैं।

# भाजपा सांसदों के खिलाफ आरोप पत्र लाएगी कांग्रेस, जल्द जारी करेगी उम्मीदवारों की लिस्ट?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कांग्रेस का कहना है कि वह लोगों तक पहुंचेगी और दिल्ली में सात भाजपा सांसदों की उनके कार्यकाल की विफलताओं को उजागर करेगी। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सांसदों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आरोप पत्र लाएगी। इन आरोप पत्र में उनके झूठ, दिल्ली में विकास की अनदेखी और लोगों के कल्याण के सांसद निधि का पैसा नहीं लगाने के लिए आरोप लगाए जाएंगे।



दिल्ली कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि भाजपा पार्टी अपने प्रत्याशियों को लेकर यह वायदा कर रही है कि इस बार जीतने पर अगले सौ दिनों में वे क्या काम करेंगे। जबकि, इसकी बजाय भाजपा पार्टी को यह बताना चाहिए कि बीते दस सालों में उनके सांसदों ने क्या काम किया है। भाजपा पार्टी की ओर से लोगों को गुमराह करने के अलावा कोई काम नहीं किया गया है। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा- कांग्रेस पार्टी की ओर से भाजपा के सांसदों की नाकामी पर आरोपपत्र निकाला जारी किया जाएगा। क्योंकि, भाजपा सांसदों ने दिल्ली के विकास और लोगों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया। लवली ने कहा कि सांसदों को जिम्मेदार बनाने की बजाय भाजपा पार्टी अपने सांसद बदल देती है। ताकि, उनकी जवाबदेही से बचा जा सके। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा- भाजपा उम्मीदवारों ने घोषणा कि है कि सभी संसदीय क्षेत्र में नई दिल्ली में केन्द्र सरकार के अस्पतालों की तरह ही अस्पताल खुलवाए जाएंगे। लेकिन, हकीकत यह है कि पिछले दस सालों में एक भी नया अस्पताल नहीं बनवाया गया है। कोविड महामारी से भी कोई सबक लेने की बजाय केवल जुमलेबाजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण, यमुना सफाई, अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करना, अपने क्षेत्रों में मेट्रो लाइन लेकर जाना आदि विषयों पर सौ दिनों में प्रयास करने की बात कही जा रही है जबकि, वास्तव में इन मुद्दों पर बीते दस सालों में काम होना चाहिए था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने मेट्रो के तीसरे चरण को मंजूरी दी थी। सिग्नेचर ब्रिज का निर्माण भी शीला सरकार ने शुरू किया। लेकिन, भाजपा इसका श्रेय लेना चाहती है।

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने मंगलवार को कहा कि तीन लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कई सारे अच्छे प्रत्याशी हैं। इसलिए पार्टी चाहती है कि दिल्ली के लोगों को अच्छे प्रत्याशी दिए जाएं। भाजपा पार्टी तो अपने सांसद बदल देती है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार नेता चाहती है। इसलिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इसकी घोषणा भी की जाएगी।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने टेक्सास के आव्रजन कानून को दी अनुमति, व्हाइट हाउस ने बताया असंवैधानिक

**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टेक्सास राज्य को तत्काल एक आव्रजन कानून लागू करने की अनुमति दे दी। इस फैसले से राज्य के अधिकारियों को देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोगों को गिरफ्तार और हिरासत में लेने का अधिकार मिल गया है। वहीं, कई लोगों का कहना है कि यह कानून सही नहीं है। दरअसल, संघीय अपील अदालत में कानून के लिए कानूनी चुनौतियां चल रही हैं, लेकिन एससी के निर्णय से आव्रजन नीति पर बाइडन प्रशासन से जूझ रहे टेक्सास को एक महत्वपूर्ण जीत मिली है। इस आदेश ने अदालत द्वारा लगाए गए अनिश्चितकालीन रोक को भी हटा दिया, जो कानून को प्रभावी होने से रोक रहा था। बता दें कि दिसंबर में रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट द्वारा हस्ताक्षरित सीनेट बिल 4, टेक्सास में अवैध रूप से प्रवेश को अपराधिक बताता है और न्यायाधीशों को आप्रवासियों को निर्वासित करने का आदेश देने की अनुमति देता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आव्रजन प्रवर्तन आमतौर पर संघीय सरकार का एक कार्य है। इस कानून ने टेक्सास में राज्य अधिकारियों



द्वारा बढ़ती नस्लीय प्रोफाइलिंग के साथ-साथ हिरासत और निर्वासन के प्रयास के बारे में आप्रवासन समर्थकों के बीच चिंताएं बढ़ा दी हैं, जहां लैटिनो आबादी का 40 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने भी चिंता जताई और कहा हम टेक्सास के हानिकारक और असंवैधानिक कानून को लागू करने की अनुमति देने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मौलिक रूप से असहमत हैं। एसबी 4 न केवल टेक्सास में समुदायों को कम सुरक्षित बनाएगा, बल्कि यह कानून प्रवर्तन पर भी बोझ डालेगा, और हमारी दक्षिणी सीमा पर अराजकता और भ्रम पैदा करेगा। उन्होंने रिपब्लिकन पर सीमा मुद्दे का राजनीतिकरण करने और सीमा सुरक्षित करने के वास्तविक समाधान को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया।

कैरिन जीन-पियरे ने आगे कहा, एसबी 4 रिपब्लिकन अधिकारियों द्वारा वास्तविक समाधानों को अवरुद्ध करते हुए सीमा का राजनीतिकरण करने का एक और उदाहरण है। हम सीमा को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण नीतिगत परिवर्तन और संसाधन प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## बाइडेन के अभियान, डेमोक्रेटिक पार्टी ने भारतीय अमेरिकी व्यवसायी के 3.4 लाख डॉलर के चंदे का इस्तेमाल रोका

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनाव अभियान और डेमोक्रेटिक पार्टी के एक संगठन ने विवादों के बीच एक भारतीय अमेरिकी व्यवसायी से मिले लगभग 3,40,000 डॉलर के चंदे का इस्तेमाल न करने का फैसला किया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पोलिटिको ने जो बाइडेन के अभियान अधिकारी के हवाले से कहा कि बाइडेन विक्ट्री फंड (बीवीएफ) चंदे की वैधता और स्रोत के बारे में चिंताओं के कारण गौरव श्रीवास्तव के 50 हजार डॉलर के दान को रोक रहा है। पोलिटिको ने इसके प्रवक्ता के हवाले से बताया कि डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी (डीसीसीसी) बहुत सावधानी से गौरव श्रीवास्तव नाम के एक व्यक्ति से लगभग 2,90,000 डॉलर के चंदे को अलग कर रही है। लॉस एंजिल्स स्थित व्यवसायी, जो अपने और अपनी पत्नी के नाम से एक परमार्थ संगठन गौरव एंड शेरोन श्रीवास्तव फैमिली फाउंडेशन चलाता है, विवादों से घिरा हुआ है।

पोलिटिको ने पहले बताया था कि थिंक टैंक अटलांटिक काउंसिल ने 2022 में बाली में विश्व खाद्य सुरक्षा मंच के लिए उनसे और उनकी पत्नी से लगभग 10 लाख डॉलर लेने के बाद उनसे नाता तोड़ लिया था। अमेरिकी चुनाव कानूनों के तहत, एक व्यक्ति द्वारा उम्मीदवार को प्रत्यक्ष योगदान 3,300 डॉलर तक सीमित है, लेकिन कुछ कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने वाली अभियान समितियों को अधिक दान स्वीकार करने की अनुमति है। बीवीएफ अपने प्राप्त योगदान को सीधे बाइडेन अभियान, डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी और राज्य पार्टी इकाइयों के बीच विभाजित करता है। डीसीसीसी प्रतिनिधि सभा के लिए पार्टी सदस्यों को चुनने के लिए काम करती है। श्रीवास्तव ने दोनों दान पिछले साल दिए गए थे। पोलिटिको के अनुसार, एक प्रतिनिधि और एक सीनेटर - दोनों डेमोक्रेट - ने स्वीकार कि उन्हें गौरव श्रीवास्तव से योगदान मिला था लेकिन वे इसे दान में दे रहे हैं। पोलिटिको के अनुसार, दो सीनेटरों और दो प्रतिनिधियों को भी फाउंडेशन से योगदान प्राप्त हुआ था। गौरव श्रीवास्तव की निजी वेबसाइट हाय, मैं एक परोपकारी व्यक्ति हूँ के साथ खुलती है, लेकिन उनके बारे में कोई विवरण नहीं देती है। फाउंडेशन की वेबसाइट का कहना है कि इस जोड़े की पृष्ठभूमि अंतर्राष्ट्रीय सामुदायिक सेवा और वित्तीय तथा सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को हल करने की रही है और वे दुनिया भर में परिवारों के लिए भोजन और ऊर्जा की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए समर्पित थे।

# सेहत को लेकर अफवाहों के बीच अस्पताल से केट मिडलटन के मेडिकल रिकॉर्ड चुराने की कोशिश, जांच के आदेश

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रिंस विलियम की पत्नी केट मिडलटन की सेहत को लेकर अफवाहों का दौर चल रहा है। इन अफवाहों के बीच खबर आई है कि जिस अस्पताल में केट की बीते दिनों सर्जरी हुई, उसमें से केट के मेडिकल रिकॉर्ड चुराने की कोशिश की गई। मामला ब्रिटिश राजघराने से जुड़ा होने के कारण घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बता दें कि सर्जरी के बाद से केट मिडलटन सार्वजनिक तौर पर दिखाई नहीं दी हैं। हाल ही में मीडिया में उनकी एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह अपने पति के साथ दिखाई दी हैं। ब्रिटिश मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, केट मिडलटन के



मेडिकल रिकॉर्ड चुराने के आरोप में अस्पताल के कर्मचारी पर ही आरोप लगे हैं। घटना के तुरंत बाद अस्पताल प्रशासन ने केनसिंग्टन पैलेस को इसकी जानकारी दी और उन्हें सुनिश्चित किया कि इसकी विस्तृत जांच की जाएगी। ब्रिटिश राजघराने के सदस्यों का इलाज लंदन के इसी अस्पताल में किया जाता है। यही वजह है कि मेडिकल रिकॉर्ड की चोरी की कोशिश के खुलासे से अस्पताल की छवि को बड़ा झटका लगा है। ब्रिटेन की डाटा प्रोटेक्शन एंड प्राइवेसी अथॉरिटी ने भी घटना की पुष्टि की है और बताया है कि उन्हें इस संबंध में शिकायत मिली है। अथॉरिटी ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से केट मिडलटन की सेहत को लेकर तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं। दरअसल जनवरी में केट की सर्जरी हुई थी और उसके बाद से ही वह सार्वजनिक कार्यक्रम में नहीं दिखी हैं। शाही महल के कई कर्मचारियों ने भी दावा किया कि उन्होंने कई दिनों से केट मिडलटन को नहीं देखा। हालांकि अब ब्रिटिश मीडिया में केट मिडलटन की ताजा तस्वीर सामने आई है, जिसमें केट अपने पति प्रिंस विलियम के साथ लंदन की एक शॉप से खरीददारी करती दिखाई दीं। इससे केट की सेहत को लेकर चल रहीं अफवाहों पर कुछ रोक लगी है। जब मदर्स डे को मौके पर केनसिंग्टन पैलेस द्वारा केट की एक तस्वीर साझा की गई, लेकिन उस तस्वरी से कांट-छांट की गई थी। विवाद बढ़ने पर बाद में खुद शाही परिवार की तरफ से तस्वीर में कांट-छांट की बात स्वीकार की गई।

## ब्रिटेन में बड़ा एक्शन, खालिस्तान समर्थक संगठनों व चैनलों पर बैन की तैयारी में सुनक सरकार

**लंदन, एजेंसी।** पिछले साल ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के मामले में भारत को कूटनीतिक सफलता मिलने वाली है। ब्रिटेन की सुनक सरकार भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल खालिस्तान समर्थक संगठनों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रही है। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद या नफरत फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। प्रतिबंधित संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन, खालसा टेलीविजन लिमिटेड, खालिस्तानी टेलीविजन चैनल और कुछ नेता शामिल हैं। सूत्रों से पता चला है कि ब्रिटिश गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस संबंध में एक सूची तैयार की है। इसमें भारतीय उच्चायोग पर हमले में खालिस्तानी संलिप्तता का विवरण दिया गया है।अंतर्राष्ट्रीय सिख युवा महासंघ यूके इस सूची में शामिल है। इसे हिंदुओं और भारतीय अधिकारियों को निशाना बनाकर हत्या, बमबारी और अपहरण के लिए जिम्मेदार बताया जाता है। 2016 में इस पर प्रतिबंध हटा लिया गया था। यह प्रतिबंधित बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा है। यह संस्था युवाओं का ब्रेनवॉश करने में लगी हुई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129